# हरिभूमि

जबलपुर

बुधवार, 17 अप्रैल 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु QR Code को स्कैन करें



## भाजपा का संकल्प
# मोदी की गारंटी
## संकल्प पत्र - 2024

### गरीब की सेवा
- अगले 5 वर्षों तक मुफ्त राशन जारी रहेगा
- दाल, खाद्य तेलों और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब की थाली को सुरक्षित करेंगे
- हर घर तक नल से पीने का साफ पानी पहुंचेगा और पीएम सूर्य घर योजना से बिजली का बिल होगा जीरो

### किसान का सम्मान
- पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जारी रहेगी
- MSP में समयबद्ध वृद्धि करना हमारी प्रतिबद्धता है, बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाएंगे
- श्री-अन्न (Millets) को सुपर फूड की तरह स्थापित करेंगे, पीएम मत्स्य संपदा योजना और डेयरी सहकारी समितियों का विस्तार करेंगे

### नारी-शक्ति का वंदन
- 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे
- गृहिणी की रसोई तक पाइप से गैस पहुंचाएंगे, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और शिशुगृह की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वयं सहायता समूहों को सर्विस सेक्टर से जोड़कर आय के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेंगे

### मध्यम वर्ग के साथ
- मध्यम वर्गीय परिवार के अपने घर का सपना होगा पूरा
- अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं सेकेंडरी स्वास्थ्य संस्थानों में सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, नए शिक्षण संस्थान और जीवन आसान बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करेंगे

### निवेश से युवाओं को रोजगार के अवसर
- युवाओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, हाई-वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के माध्यम से लाखों रोजगार के अवसर पैदा करेंगे
- रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण की राशि को दोगुनी कर ₹20 लाख करेंगे
- पेपर लीक कानून लागू करके सरकारी भर्तियों को पारदर्शी बनाएंगे, उच्च शिक्षा के नए संस्थानों की स्थापना करेंगे

### सुशासन से समृद्ध भारत
- हम भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गारंटी देते हैं
- हम भारतीय न्याय संहिता को लागू करेंगे
- हम एक देश - एक चुनाव और कॉमन मतदाता सूची की व्यवस्था लाएंगे
- संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू करेंगे

### श्रमिक को सशक्त
- ट्रक ड्राइवरों के लिए नई योजना शुरू करके हाई-वे पर उनके लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करेंगे
- गिग वर्कर, घरेलू कामकाजी श्रमिक, रेहड़ी पटरी श्रमिक सहित अन्य श्रमिक वर्ग को ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से सशक्त करेंगे

### मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनेंगे
- भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाएंगे इससे लाखों रोजगार सृजित होंगे
- स्टील, सीमेंट, एल्युमिनियम, रेलवे, रक्षा, फार्मास्युटिकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, मोबाइल, सेमीकंडक्टर सहित अनेक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की गारंटी देते हैं

### वंचित को वरीयता
- पीएम स्वनिधि और विश्वकर्मा योजना का विस्तार कर OBC, SC और ST समुदाय के लिए रोजगार के अवसरों का विस्तार करेंगे
- वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति सुनिश्चित करेंगे
- मछुआरों के जीवन से जुड़ी हर बात जैसे नाव का बीमा, मछली प्रसंस्करण इकाई, सैटेलाइट द्वारा समय पर जानकारी इत्यादि पर विशेष ध्यान देंगे

### विरासत और विकास
- अयोध्या नगरी का सर्वांगीण विकास करेंगे, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर अन्य धार्मिक स्थलों का विकास करेंगे
- योग, आयुर्वेद, भारतीय भाषाओं, शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विश्वभर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना करेंगे

### इन्फ्रास्ट्रक्चर से सुदृढ़ अर्थव्यवस्था
- भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे
- एक्सप्रेस-वे नेटवर्क को 15 हजार किमी तक विस्तारित करने के साथ-साथ हम नये एयरपोर्ट, राजमार्ग, वाटर मेट्रो की सुविधाओं को बढ़ाएंगे
- रेलवे में नई पटरियां, नई वन्दे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों को बढ़ाएंगे और विश्वस्तरीय स्टेशन बनायेंगे, रेल टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करेंगे
- पूर्वी भारत और उसके तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक समर्पित पूर्वोदय मास्टर प्लान तैयार करेंगे

### वरिष्ठ नागरिक
- वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत शामिल कर नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा देंगे
- वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करेंगे

फिर एक बार मोदी सरकार

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

Published by: Bharatiya Janata Party, 6-A, Pandit Deen Dayal Upadhyaya Marg, New Delhi

हरिभूमि
जबलपुर
बुधवार, 17 अप्रैल 2024
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

5
गुजरात और दिल्ली के बीच भिड़ंत...



व्यापार पेज
9 पियाला से नोएडा अंतरराष्ट्रीय ...

मप्र कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# भगवान श्री राम जनवरी से पहले भी थे, क्या वे जनवरी में ही आए ? इस तरह की सोच ही भाजपा और कांग्रेस का 'फर्क'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मुकेश नायक एक राजनीतिज्ञ ही नहीं बल्कि उन्हें एक विचारक के तौर पर भी देखा जाता है। इस देश में सनातन धर्म और परंपरा की बात आती है तो इस शख्स को सुनने के लिए स्वयमेव भीड़ उमड़ पड़ती है। राजनीति का यह योद्धा समय के साथ अलग-अलग कदम भी उठाता है। लोग भौंचक्के रह जाते हैं कि इतना विचारवान आदमी इस तरह का कदम क्यों उठा लेता है। कई बार ऐसा महसूस होता है कि वे पटरी से उतर गए लेकिन वे पटरी पर ही दिखाई देते हैं। ऐसी कमाल की शख्सियत ने कम उम्र में ही बतौर मंत्री,बतौर संगठन प्रमुख के तौर पर एक अलग पहचान बनाई। यह शख्स एक बार फिर बड़ी भूमिका में दिखाई दे रहा है। मुकेश नायक कांग्रेस की इस आपाधापी के दौर में मीडिया विभाग की कमान संभाल रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में देश और प्रदेश की राजनीति को वो किस तरह से देख पा रहे हैं ये उन्हीं से जानते हैं। नायक 'हरिभूमि और आईएनएच'न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के 'चुनावी संवाद'कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

inh न्यूज विशेष

**ये भी बोले नायक**

- *हम यहां (कांग्रेस में) डले हुए नहीं हैं। अपनी सोच, विचार और प्रतिबद्धता के साथ टिके हुए हैं*
- *कांग्रेस ने सुरेश पचौरी जैसे बगैर जनाधार वाले नेताओं को आगे बढ़ाया, जिसका खामियाजा वह भुगत रही*



**सवाल:** एक समय था जब मुकेश नायक को भावी सीएम के तौर पर देखा जाता था। अचानक क्या हुआ कि मीडिया प्रभारी का दायित्व संभालना पड़ा?

**जवाब:** आज जिस तरह से राजनीति में दल-बदल का दौर चल रहा है। लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा रहे हैं। कोई स्वार्थों के चलते दल बदल रहा है तो कोई डर के कारण कांग्रेस छोड़ रहा है। एक विचारधारा पर टिके रहना आसान नहीं है। इस घटियावाद राजनीति की किसी ने शुरुआत की है तो वो भाजपा है। मुझे लगा कि इस दौर में काम करना चाहिए। ये नहीं देखना चाहिए कि भूमिका छोटी या बड़ी है। जब पार्टी को हमारी जरूरत है और हम किसी आकांक्षा को पाले हुए नहीं हैं तो फिर एक अच्छा अवसर है कि हम अपनी ऊर्जा का रूपांतरण करें और पार्टी की मदद करें।

**सवाल :** कांग्रेस को एक बड़ा वर्ग सनातन विरोधी मानता है। भाजपा तो इस तरह के आरोप लगाती ही है। आप जब मंच से बोलते हैं तो सनातन पर ही लंबा-चौड़ा भाषण देते हैं। ऐसे में आप क्यों कांग्रेस में डले हुए हैं?

**जवाब:** हम यहां डले हुए नहीं है। अपनी सोच, विचार और प्रतिबद्धता के साथ टिके हुए हैं। वजह ये है कि राजनीति सिर्फ सत्ता के लिए नहीं होती बल्कि सरकार को जगाने का उनकी गलत नीतियों को उजागर करने का विपक्ष का दायित्व होता है। इसलिए, विपक्ष का अपना महत्व होता है। जहां तक सनातन धर्म की बात है तो आपको ऐसा नहीं लगता कि भगवान राम जनवरी से पहले भी थे। क्या जनवरी में ही भगवान राम आए हैं। इस तरह की सोच ही भाजपा और कांग्रेस में अंतर है। सनातन का मतलब सदैव...होता है और सदैव हमेशा जन्म और मृत्यु से काफी ऊपर है। हम भक्ति और अनुराग से भरे हुए हैं। लेकिन, धर्म के नाम पर जो हो रहा है वो धार्मिक उन्माद है,धर्म के नाम पर राजनीति है। इसके अलावा कुछ भी नहीं।

**सवाल:** कांग्रेस पर हमेशा ही मुस्लिमों को लेकर तुष्टिकरण के आरोप लगते रहे हैं। आपकी दृष्टि में सच क्या है?

**जवाब:** ये एक मनोवैज्ञानिक युद्ध है। हिंदू या मुस्लिम एक दूसरे को एकत्रित नहीं करते हैं। बल्कि इन्हे एकत्रित करने में एक नेताओं के बयानों का बड़ा योगदान होता है।

inh
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सोना ऑलटाइम हाई कीमत 73,514 रुपए



**नई दिल्ली।** सोने ने नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, मंगलवार को 10 ग्राम सोना 701 रुपए महंगा होकर 73,514 रुपए का हो गया है। 1 अप्रैल को इजराइल-ईरान तनाव शुरू हुआ था तब से 16 दिन में सोने के दाम 4,550 रुपए बढ़ गए हैं। चांदी में भी आज तेजी देखने को मिली है।

### जेसीबी और ऑटो की टक्कर, 7 की मौत



**नई दिल्ली।** बिहार के पटना में जेसीबी और अनियंत्रित ऑटो की टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई और एक शख्स गंभीर रूप से घायल हुआ है। ये घटना मंगलवार को पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर हुई। पटना मेट्रो का काम में लगी एक जेसीबी में एक अनियंत्रित ऑटो ने सीधी टक्कर मार दी।

### डीजे की धुन से कान पड़े सुन्न, 250 लोग भर्ती



**मुंबई।** महाराष्ट्र में आंबेडकर जयंती के मौके पर डीजे बजाया जा रहा था। सभी उत्साह में आंबेडकर जयंती का जश्न मना रहे थे तभी अचानक डीजे की आवाज इतनी ज्यादा तेज थी कि सभी लोगों का सिर अचानक से सुन्न होने लगा। डीजे की तेज आवाज सुनकर 250 लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सुनाई देना बंद हो गया। लोगों को अस्पतालों में भर्ती करा गया है।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट घोषित, देश भर में आदित्य श्रीवास्तव ने किया टॉप

भोपाल के ही तेजस अग्निहोत्री को 27वीं रैंक, ग्वालियर की छाया सिंह 65वीं और मान्या 84वीं रैंक पर रहीं

# मप्र से 27 का चयन, भोपाल के अयान जैन प्रदेश में 'टॉपर'

यूपीएससी के मुताबिक अलग-अलग चरणों में आयोजित किए गए इंटरव्यू में कुल 2,800 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। कुल 664 पुरुष और 352 महिलाओं का चयन किया गया।



आदित्य श्रीवास्तव
रैंक 01

**देश के टॉप 10 में 5 लड़कियां**

नियुक्ति के लिए कुल 1043 उम्मीदवारों की सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल+ एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को संघ लोकसेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 के अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। भोपाल के अयान जैन को मध्य प्रदेश में पहली रैंक मिली है। वे ऑल इंडिया 16वीं रैंक पर रहे हैं। भोपाल के ही तेजस अग्निहोत्री को 27वीं रैंक मिली, जबकि ग्वालियर की छाया सिंह 65वां और मान्या 84वीं रैक पर रही हैं। मध्य प्रदेश से 27 परीक्षार्थियों का चयन हुआ है।सफल ज्यादातर अभ्यार्थियों का मानना है कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए पहले से प्लान तैयार किया था। भोपाल के सचिन गोयल को 209वीं और समीर गोयल को 222वीं रैंक मिली है। दोनों सगे भाई हैं। यह भेल इलाके में निवास करते हैं। इस साल देश भर में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। अनिमेष प्रधान दूसरे और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर हैं। पीके सिद्धार्थ रामकुमार चौथे और रुहानी पांचवें स्थान पर हैं।



अयान जैन





छाया सिंह

### नर्मदापुरम की पलक को 479वी, बैतूल के शुभम 556 रैंक पर



पलक गोयल

नर्मदापुरम की पलक गोयल ने 479वीं रैंक हासिल की है। वे कॉलोनाइजर नरेंद्र रंजना गोयल की बेटी हैं और एसपीएम से सेवानिवृत्त केके गोयल की पौत्री हैं। वहीं, बैतूल के शुभम रघुवंशी को 556 वीं रैंक मिली है। शुभम बैतूल जिले के मोरखा गांव के निवासी हैं। अधिवक्ता भोजराज रघुवंशी और शिक्षिका अनिता रघुवंशी के पुत्र शुभम ने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मोरखा के शासकीय स्कूल में प्राप्त की। बैतूल के उत्कृष्ट स्कूल से कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई बीयू से करने के साथ ही सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी भी शुरू कर दी थी।



शुभम रघुवंशी

**ये हैं प्रदेश के गौरव**

आयुषी बंसल, आकाश अग्रवाल, मनोज कुमार,कुलदीप पटेल, सचिन गोयल, माधव अग्रवाल, समीर गोयल, रिजु श्रीवास्तव, अर्णव भंडारी, जिज्ञासु अग्रवाल, क्षितिज आदित्य शर्मा, आदित्य दोहर, मैत्रेय कुमार शुक्ला, मानव जैन, साक्षी दुबे, आयुषी बंसल, प्रवाल चौरसिया, नितिन चंद्रोल, वैभव राठौर, नीरज धाकड़, अंकेश वर्मा, भारती साहू, नीलेश चंद्रशेख मेहरा, नीरज संगारा, सतना की वेदिका बंसल

**ये हैं देश के टॉप- 10**

| रैंक | नाम |
|---|---|
| 1 | आदित्य श्रीवास्तव |
| 2 | अनिमेष प्रधान |
| 3 | डोनूरू अनन्या रेड्डी |
| 4 | पी के सिद्धार्थ रामकुमार |
| 5 | रुहानी |
| 6 | सृष्टि डबास |
| 7 | अनमोल राठौड़ |
| 8 | आशीष कुमार |
| 9 | नौशीन |
| 10 | ऐश्वर्यम प्रजापति |

### आईएएस की बेटी छाया चौथे प्रयास में सफल

*ग्वालियर की छाया सिंह के पिता छोटे सिंह अपर आयुक्त राजस्व ग्वालियर के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि छाया लद्दाख टूर पर है। उसने अपने सिलेक्शन की सूचना लद्दाख से फोन से कॉल कर दी है। छाया सिंह ने यूपीएससी परीक्षा 2023 में चौथे प्रयास में आईएएस बनने में सफलता पाई है। धार की माही शर्मा की 106 और सतना की काजल सिंह को 485वीं रैंक मिली है। काजल के पिता विजय सिंह सतना के कोलगवां पुलिस थाना में सब इंस्पेक्टर हैं। भोपाल के अर्णव भंडारी का भी यूपीएससी में सिलेक्शन हुआ है। उनकी रैंक 232 है। इससे उनका आईपीएस बनना तय है। अर्णव के अनुसार उन्होंने यूपीएसएसी की फरवरी 2020 में पढ़ाई शुरू की थी। पिछले साल रिजर्व लिस्ट में थे और बाद में मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे के लिए सिलेक्शन हुआ था।*

ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा

# क्या आप यह 'चाहते' हैं कि 60 करोड़ वोटों की गिनती हो?

बैलेट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव में ईवीएम की जगह मतपत्रों के उपयोग को लेकर जारी चर्चाओं के बीच मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैलेट पेपर पर लौटने से भी कई नुकसान हैं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना ने ईवीएम को हटाने की याचिका के पक्ष में अपनी बात रख रहे प्रशांत भूषण से पूछा कि अब आप क्या चाहते हैं? प्रशांत भूषण ने कहा कि पहला बैलेट पेपर पर वापस आएं ।



**प्रशांत भूषण से पूछा- ईवीएम पर अविश्वास का आपको डेटा कैसे मिला?**

जस्टिस दीपांकर दत्ता ने प्रशांत भूषण से पूछा कि आपने कहा कि अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते? आपको यह डेटा कैसे मिला? प्रशांत भूषण: एक सर्वेक्षण हुआ था. जस्टिस दत्ता - हम निजी सर्वेक्षणों पर विश्वास नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईवीएम सही काम कर रहीं है या नहीं ये जानने के लिए हमें डेटा चाहिए होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा: अभी मामला खत्म नहीं होगा

# सार्वजनिक तौर पर माफी मांगेंगे बाबा रामदेव और बालकृष्ण

अदालत ने कहा- आप एलोपैथी को बदनाम नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी बालकृष्ण ने भ्रामक विज्ञापन मामले में पब्लिक में माफी मांगने की बात कही है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इसके लिए एक हफ्ते का वक्त दिया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि इससे अभी मामला खत्म नहीं होगा। दोनों ही कोर्ट में मौजूद थे और बिना शर्त माफी मांगने की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को संज्ञान में लिया, लेकिन साफ किया कि वह इस स्टेज पर उन्हें छोड़ने का निर्णय नहीं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को बदनाम नहीं कर सकते। जस्टिस हीमा कोहली और जस्टिस ए. अमाननुल्लाह की बेंच में रामदेव और बालकृष्ण पेश हुए।



ताबड़तोड़ गोलीबारी से थर्राया दिल्ली का नंदनगरी इलाका

वारदात को क्यों अंजाम दिया? इसका खुलासा नहीं

# एएसआई की मौत, आरोपी ने 'खुद' को भी मारी गोली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां नंदनगरी में एक शख्स ने दो लोगों को गोली मार और फिर खुद को भी गोली मार ली।

घटना मीत नगर फ्लाईओवर की है। मृतक दिनेश शर्मा दिल्ली पुलिस में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर थे। घटना मंगलवार दोपहर करीब 11:45 बजे हुई जब मीत नगर फ्लाईओवर पर मुकेश नाम के शख्स ने अचानक से गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इस गोलीबारी में दिल्ली पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा की मौत हो गई, जबकि 30 साल के अमित कुमार का इलाज हॉस्पिटल में जारी है। जानकारी के अनुसार, मुकेश कुमार ने अचानक से 7.65 एमएम की पिस्टल से अचानक ही गोली चलानी शुरू कर दी।



**ऑटो ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई**

इसके बाद आरोपी मुकेश एक ऑटो में जाकर बैठ गया और ऑटो ड्राइवर से चलने के लिए कहा। जब ऑटो ड्राइवर ने मना किया तो मुकेश ने ऑटो वाले पर भी गोली चला दी, लेकिन ऑटो चालक ने किसी तरीके से कूद कर अपनी जान बचाई। इसके बाद मुकेश ने ऑटो की पिछली सीट पर बैठकर अपने सिर में गोली मार कर जान दे दी। इस पूरे मामले पर दिल्ली पुलिस ने कहा कि मुकेश नंदनगरी झुग्गी का रहने वाले था। उसकी उम्र 44 साल थी। उसने इस घटना को अंजाम क्यों दिया। यह जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

## हरदा से नहीं लिया सबक...महू में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट



**तीन लोग झुलसे हालत गंभीर**

*इंदौर। शहर की एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। हादसे में तीन लोग गंभीर घायल हैं। मौके पर प्रशासन और पुलिस की टीम ने पहुंचकर तुरंत घायलों को इंदौर के चोइथराम अस्पताल पहुंचाया। जिस फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ वहां सुतली बम बनाए जाते हैं। ये फैक्ट्री साखिर खान नाम के व्यक्ति की है, जो राऊ का रहने वाला है। आंबा चंदन गांव महू से लगभग आठ किमी दूर है। गांव से करीब पांच किमी दूर जंगल की तरफ चार बीघे के खेत में पटाखा फैक्ट्री है। यहां सुतली बम बनाने का काम चल रहा था।*

हत्या या आत्महत्या? पुलिस कर रही जांच

चार हिरासत में केंद्रीय गृह मंत्रालय में सुरक्षा अधिकारी हैं छात्रा के पिता

# लॉ छात्रा की किले से गिरकर मौत, दोस्त से हुआ था झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर किले से गिरकर लॉ की छात्रा की मौत हो गई। घटना के समय उसका दोस्त भी मौके पर मौजूद था। पुलिस ने दोस्त समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। हत्या, आत्महत्या या हादसा, पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

छात्रा के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवाई जा रही है। मामला सोमवार शाम 6 बजे का है। छात्रा की पहचान आकृति भदौरिया (21) के रूप में हुई है। उसके पिता केंद्रीय गृह मंत्रालय में सुरक्षा अधिकारी हैं। डीडी नगर निवासी आकृति एमिटी यूनिवर्सिटी से बीबीए एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी। वह शाम को अपने दोस्त से मिलने घर से निकली। दोनों किले पर गए थे।



आकृति के गिरने की सूचना आसपास के लोगों ने डायल-100 पर दी थी। सूचना पर पहुंची बहोड़ापुर एफआरवी ने घटनास्थल पड़ाव का होने पर थाने को पॉइंट दिया था। आकृति का शव किले की तलहटी में मिला था। पुलिस ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आकृति का उसके दोस्त से झगड़ा हुआ था।

दमोह के जैन तीर्थ कुंडलपुर में पदारोहण महोत्सव, करीब दो लाख श्रद्धालु महोत्सव के साक्षी बने

मुख्यमंत्री मोहन यादव और वीडी शर्मा आचार्य श्री से आशीर्वाद लेने पहुंचे

# समय सागर महाराज ने आचार्य पद स्वीकार किया संघ प्रमुख डॉ. भागवत 'आसन' तक लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह के जैन तीर्थ कुंडलपुर में मंगलवार को आचार्य विद्यासागर महाराज के उत्तराधिकारी के तौर पर समय सागर महाराज ने आचार्य पद स्वीकार कर लिया है। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सहित सभी अतिथि समय सागर महाराज को आसन तक लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंच पर पहुंचकर आचार्य श्री का आशीर्वाद लिया। आचार्य समय सागर को सबसे ऊंचे आसन पर बैठाया गया। इससे पहले सोने-चांदी के कलश से उनके चरण धुलवाए गए। कार्यक्रम का संचालन नियम सागर महाराज, प्रणाम सागर महाराज ने किया।





**मेडिकल कॉलेज का नाम आचार्य श्री विद्यासागर के नाम पर रखा**

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि सागर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज बनने वाला है। उसका नाम आचार्य श्री विद्यासागर के नाम पर रख दिया है। अपने जीवन काल में वो जीते जी देवत्व को प्राप्त कर गए। सभी मुनियों, समस्त साधकों को प्रणाम करता हूं।

***संघ प्रमुख बोले- आचार्य विद्यासागर से पहली बार जबलपुर में मिला था:*** *संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आचार्य विद्यासागर से मेरा परिचय पहली बार जबलपुर के ग्वारी घाट पर हुआ था। अध्यात्म का मुझे बहुत ज्यादा ज्ञान तो नहीं है। इसलिए आचार्य जी के सामने जाने से पहले मैं सोच रहा था कि क्या होगा। ये डर मेरे मन में था। लेकिन वहां जो उनका स्नेह मिला उससे भय भी दूर हो गया और संकोच भी।*

जबलपुर
बुधवार, 17 अप्रैल 2024
- चैत्र मास शुक्ल पक्ष-9
- वर्ष : 18 अंक : 341
- पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 38
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







### दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर श्री रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य की किरणें, ये नजारा सिर्फ 5 मिनट तक ही रहेगा

# करीब 500 साल के 'इंतजार' के बाद आज भव्य राममंदिर में मनेगी रामनवमी

1 फूलों और रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाया राम मंदिर

2 रामनवमी के दिन रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

आज देशभर में रामनवमी मनाई जाएगी। इस बार की रामनवमी बेहद खास है। क्योंकि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पहली बार प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान अयोध्या में बने भव्य महल में राम नवमी मनाई जाएगी। दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर श्री रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य की किरणें, ये नजारा सिर्फ 5 मिनट तक ही रहेगा। राम नवमी के दिन उत्सव मनाने के लिए राम नगरी को सजाया गया है। प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगा है।





### 18 अप्रैल को सुबह 6 बजे से होंगे दर्शन



राम मंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव ने बताया कि 18 अप्रैल को रामलला का दर्शन सुबह 6 बजे से ही शुरू हो जाएगा। अभी रामलला के दर्शन सुबह 6:30 बजे की श्रृंगार आरती के बाद शुरू होते हैं।

### मां सिद्धिदात्री




सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।




### 6.8 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रेट रहने का अनुमान

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था 6.8 फीसदी के दर से विकास करेगी। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (आईएमएफ) के ग्रोथ अनुमान जारी किया है।




आईएमएफ ने भारत के लिए अपने ग्रोथ अनुमान को बढ़ाते हुए 2024 में 6.8 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रेट रहने का अनुमान जताया है जो कि जनवरी 2024 में जारी किए 6.5 फीसदी के अनुमान से ज्यादा है।

### शिवपुरी में नामांकन के बाद रोड शो और पोलो ग्राउंड में जनसभा को किया संबोधित

### मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री ने दाखिल कराया केंद्रीय मंत्री सिंधिया का नामांकन, डॉ. यादव ने कहा

# सारे रिकॉर्ड तोड़ने 'नगाड़ा' बज चुका, हम दुश्मनों को चटाएंगे धूल

सिंधिया ने कहा मोदी गारंटी का नाम है, जबकि दूसरी ओर जो इंडिया गठबंधन है वह ठगबंधन है

कांग्रेस के नादान लोगों ने एक बार पहले भी सिंधिया परिवार से टकराने का दुस्साहस किया था। उस समय भी उन्हें चारों खाने चित कर दिया और अब यही गलती फिर से कांग्रेस के नादानों ने कर दी थी तो इस बार उन्हें सड़क पर ही लाकर खड़ा कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुश्मन चालाक है, बहुत चालाकी करता है, इससे सचेत एवं सतर्क रहने की जरूरत है। दुश्मनों को तो धूल चटाने के लिए भाजपा मैदान में है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के दुश्मनों को धूल चटा रहे हैं और देश को गौरवान्वित करने का कार्य कर रहे हैं। अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लिए अब नगाड़ा बज चुका है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को शिवपुरी कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नामांकन दाखिल कराया। नामांकन के बाद रोड शो और पोलो ग्राउंड में जनसभा को भी संबोधित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों की चिंता की

#### हर तरफ मोदी मोदी, मोदी

डॉ. यादव ने कहा कि पहले बेईमानों पर कार्रवाई नहीं होती थी। ईडी, सीबीआई कार्रवाई करती थी तो स्कूल के बैग में ही उनकी काली कमाई आ जाती थी, लेकिन अब बेईमानों की काली कमाई से हजारों करोड़ों आए हैं। अब चारों दिशाएं शुभ समाचार ला रही हैं, हर तरफ मोदी, मोदी, मोदी हैं। इस समय पूरा देश मोदीमय हो चुका है।

#### विष्णुदत्त शर्मा ने कहा...

**यह चुनाव परिवारवादी लोगों को समाप्त करने का**

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह चुनाव देश से भ्रष्टाचार, आतंकवाद, तुष्टीकरण की नीति को समाप्त करने के साथ-साथ परिवारवादी लोगों को समाप्त करने का भी चुनाव है। देश में एक बार फिर से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बात जीत की तरफ बढ़ रही है। देश से भ्रष्टाचार, आतंकवाद, तुष्टीकरण की नीति समाप्त हो गई है। अब तो परिवारवादियों को भी समाप्त करने का समय है।*

#### उधर, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दाखिल किया नामांकन



*पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को दुर्गाष्टमी के विशिष्ट मुहूर्त में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में राजगढ़ लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह अपने समर्थकों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और नामांकन जमा किया।*

### वोटिंग से पहले कांकेर में 'बड़ी मुठभेड़'



**बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक राइफलें भी बरामद**

# टॉप कमांडर समेत 29 नक्सली ढेर

3 पुलिसकर्मी इस मुठभेड़ में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

देश में 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है। ऐसे में चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के कांकेर में मुठभेड़ हुई है। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में तीन जवानों के घायल होने की खबर है। छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के माड़ इलाके में मुठभेड़ हुई। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त फोर्स भेजा गया।इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया। इसके साथ महिला नक्सली ललिता और राजू भ मारे गए। 29 शव बरामद किए जा चुके हैं, साथ ही बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक राइफलें भी बरामद की गई हैं।



#### नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी बीएसएफ टीम

बीएसएफ और डीआरजी की टीमों द्वारा 16 अप्रैल को कांकेर के गांव बीनागुंडा में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। तभी बीएसएफ ऑप्स पार्टी पर सीपीआई माओवादी कैडरों की गोलीबारी हुई ।

### अब तपिश बढ़ीः लेकिन, कुछ जिलों में आज तेज हवाओं के साथ बारिश होगी

# प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा, धार में 41.6 डिग्री रहा

### सबसे कम रात का पारा पचमढ़ी में 19.8 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम का मिजाज गरम होने लगा है। ज्यादातर जिलों में मौसम साफ रहने से दिन में तेज धूल खिली, जिससे दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़त रही। इससे गर्मी का अहसास बढ़ गया। भोपाल में दिन का पारा 2.3 डिग्री बढ़कर फिर से 40 डिग्री के करीब पहुंच गया, जिससे उमस और गर्मी ने लोगों को परेशान किया।

भोपाल में दिन का पारा 2.3 डिग्री बढ़कर फिर से 40 डिग्री के करीब पहुंचा



#### कहां-कितना बढ़ा दिन का पारा

मलाजखंड में 3.5, भोपाल में 2.3 बढ़कर 39.3 डिग्री रहा। मंडला, उमरिया, सागर, नरसिंहपुर 2, जबलपुर, छिंदवाड़ा, धार, नर्मदापुरम, खंडवा, रायसेन, उज्जैन, बैतूल और खरगोन जिलों में दिन का पारा औसतन एक डिग्री तक बढ़ा है। बुधवार को अनूपपुर, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, बैतूल, बुरहानपुर और खंडवा आदि जिलों में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ तेज हवाएं और बारिश होने का अनुमान है। वहीं, भोपाल में रात के समय हल्के बादल छाएंगे, दिन में धूप से तापमान में कुछ और बढ़त होगी।

### बोरवेल हादसाः खेत मालिक गिरफ्तार, गैर इरादतन हत्या का मुकदमा भी दर्ज

**हरिभूमि न्यूज:रीवा।** जिले में छह वर्षीय एक बच्चे की बोरवेल में गिरने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने खेत के मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि खेत मालिक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, छह वर्षीय मयंक कोल शुक्रवार दोपहर मनिका गांव में स्थित एक खेत में खुले बोरवेल में गिर गया था, 45 घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद रविवार को उसे मृत अवस्था में बाहर निकाला गया।



**लोकसभा क्षेत्र**
मंदसौर

1 भाजपा प्रत्याशी
सुधीर गुप्ता

2 कांग्रेस प्रत्याशी
दिलीप सिंह गुर्जर

**पिछली बार कौन जीता**
सुधीर गुप्ता

**जीत का अंतर**
3 लाख 76 हजार 734

## क्या रहेंगे मुद्दे?

मंदसौर भाजपा के साथ संघ का भी गढ़ है। इसलिए यहां अयोध्या का राम मंदिर, कश्मीर की धारा 370, मथुरा-काशी, हिंदू- मुस्लिम जैसे राष्ट्रीय और भाजपा के कोर मुद्दे जमकर चल रहे हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास के अन्य काम गिना रही है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी अपनी उपलब्धियां भी गिना रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के चुनाव की बागडोर मीनाक्षी नटराजन के हाथ है। इसलिए कांग्रेस घोषणा पत्र में किए गए वादों को बताया जा रहा है। भाजपा सरकार को महंगाई और रोजगार जैसे मुद्दों पर कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। किसान आंदोलन के दौरान जो हुआ, उसकी याद दिलाई जा रही है। कांग्रेस किसान कर्जमाफी का वादा फिर किया जा रहा है। कांग्रेस 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार कर रही है। इस प्रकार दोनों ओर से राष्ट्रीय मुद्दों को आगे रखकर प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

### संघ-भाजपा का गढ़ होने से पार्टी को लाभ, नेताओं की गुटबाजी से मुसीबत में कांग्रेस

# मंदसौर में कांग्रेस के दिलीप बाहरी, भाजपा के सुधीर फिर मैदान में

*प्रदेश का मंदसौर लोकसभा क्षेत्र भाजपा और संघ का गढ़ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टीम की सदस्य मीनाक्षी नटराजन पिछला चुनाव लगभग पौने 4 लाख वोटों के अंतर से हारी थीं। उन्हें हराने वाले भाजपा के सुधीर गुप्ता फिर मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस की ओर से पूर्वविधायक दिलीप गुर्जर कर रहे हैं। दिलीप को गुर्जर मतदाताओं के कारण टिकट दिया गया है लेकिन वे बाहरी हैं। उनका विधानसभा क्षेत्र नागदा इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता। उन्हें कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी का भी सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ भाजपा के सुधीर बड़े अंतर से जीते और अब वे फिर मैदान में हैं। इसके साथ ही मंदसौर के भाजपा का गढ़ होने के कारण सुधीर का पलड़ा भारी दिख रहा है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

मंदसौर में अफीम की खेती होती है। यह क्षेत्र काले सोने के लिए जाना जाता है। यह पशुपति नाथ का पावन नगर भी है। हाल ही में मंदसौर क्षेत्र के नीमच में बड़ा सोलर प्लांट लगा है। 2016 में हुए किसान आंदोलन के बाद कांग्रेस यहां अपनी जमीन मजबूत कर सकती थी। इस आंदोलन के दौरान किसान मौत का शिकार हुए थे। कांग्रेस हर चुनाव में यह मुद्दा उठाती तो है लेकिन अपना आधार मजबूत नहीं कर सकी। यही कारण है कि भाजपा के सुधीर गुप्ता 2014 में 3 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे और 2019 में उनकी जीत का अंतर पौने 4 लाख


सुधीर गुप्ता


दिलीप सिंह गुर्जर

हो गया। दोनों बार कांग्रेस की बड़ी नेता मीनाक्षी नटराजन हारीं। इससे पहले 2009 में वे लगभग 31 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीती थीं। विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। दोनों बार उसे 8 में से महज 1 जीत से संतोष करना पड़ा। इससे पता चलता है कि मंदसौर में भाजपा का आधार कितना मजबूत है। जिसे इतना बड़ा किसान आंदोलन भी समाप्त नहीं कर सका।

भाजपा की ओर से तीसरी बार मैदान में उतरे सुधीर गुप्ता ने संगठन, सरकार और संघ की बदौलत बढ़त बना कर रखी है। उन्होंने काम काफी कराए हैं। दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस को मंजूरी दिलाने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। रेल्वे लाइन का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी वे स्वीकृत करा कर लाए। अन्य कई काम भी उन्होंने कराए हैं। जब मीनाक्षी नटराजन कांग्रेस से सांसद थीं तो उन्होंने रेल्वे लाइन के सर्वे का वादा किया था। उसे न वे पूरा सकीं और न ही भाजपा के सुधीर गुप्ता। दूसरी तरफ कांग्रेस के दिलीप गुर्जर को बाहरी कहा जा रहा है। मीनाक्षी नटराजन उनका काम कर रही हैं लेकिन कांग्रेस गुटबाजी की शिकार है। दिलीप का विधानसभा क्षेत्र मंदसौर की बजाय उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के तहत है। गुर्जर सहित कुछ जातियों के भरोसे ही दिलीप जीत की उम्मीद कर रहे हैं।

### विधानसभा में कांग्रेस जीत सकी सिर्फ 1 सीट

विधानसभा में कांग्रेस की ताकत लगातार कमजोर है। 2018 में वह 8 में से सिर्फ 1 सीट जीती थी और 2023 के चुनाव में भी वह इससे आगे नहीं बढ़ सकी। 2018 में कांग्रेस एक सुवासरा विधानसभा सीट मात्र 350 वोट के अंतर से जीती थी और 2023 में उसने एक मात्र मंदसौर सीट लगभग 2 हजार वोटों के अंतर से जीती। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी विधानसभा सीट में बढ़त नहीं मिली। भाजपा ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 8 में से 7 सीटें जीती थीं और 2023 में भी उसने यह सिलसिला बरकरार रखा। 4 माह पहले हुए विधान सभा चुनाव में कांग्रेस एक सीट 2049 वोटों के अंतर से जीती है जबकि भाजपा का 7 सीटों में जीत का अंतर 1 लाख 73 हजार 508 वोट का रहा। लोकसभा चुनाव में इस अंतर को कवर करना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। लोगों से बातचीत करने पर पता चलता है कि भाजपा पिछली बार की अपनी लीड और बढ़ा सकती है।

### तीन जिलों तक फैला है मंदसौर लोकसभा क्षेत्र

मालवा अंचल के मंदसौर लोकसभा क्षेत्र की सीमा एक जिले विशेष तक सीमित नहीं है। इसके तहत तीन जिलों रतलाम, नीमच और मंदसौर की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें रतलाम जिले की जावरा के अलावा नीमच जिले की मनासा, जावद और नीमच शामिल हैं। इसके तहत मंदसौर जिले की 4 सीटें मंदसौर, मल्हारगढ़, सुवासरा और गरोठ आती हैं। इनमें सिर्फ एक मंदसौर पर ही कांग्रेस का कब्जा है, शेष सभी पर भाजपा काबिज है। जहां तक मंदसौर के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो लंबे समय तक यह सीट प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेता स्व लक्ष्मीनारायण पांडे के नाम से जानी जाती रही है। वे 1991 से 2004 तक लगातार यहां से चुनाव जीते और सांसद रहे हैं। 2009 में उन्हें कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने हराया था। इसके बाद दो चुनाव भाजपा के सुधीर गुप्ता जीत चुके हैं। वे लोकसभा का तीसरा चुनाव लड़ रहे हैं।

### पिछड़ा वर्ग निर्णायक जातिवाद बेअसर

मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग के करीब 48% मतदाता हैं। ये ही निर्णायक हैं। यह वर्ग कई जाति समूहों में बंटा है। जिस जाति का प्रत्याशी मैदान में होता है, वह समाज उसके पक्ष में जाता है। दूसरे नंबर पर क्षेत्र में 15 फीसदी दलित और आदिवासी मतदाता हैं। इनका बड़ा हिस्सा अब भी कांग्रेस के पक्ष में है। इनके अलावा सभी अन्य जातियां हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य का ज्यादा झुकाव भाजपा की ओर दिखाई पड़ता है। यहां का मिजाज देखकर लगता है कि मतदाता जातिवाद को पसंद नहीं करता और इसके आधार पर मतदान भी नहीं करता। कांग्रेस ने गुर्जर वोटर की तादाद देखकर गुर्जर को टिकट दिया है। इनके आलावा मुस्लिम, अजा- जजा वर्ग का साथ कांग्रेस को मिलता है।

---

**जैसा मैंने देखा**

## चुनाव...

### घोषणाएं तो बहुत हुईं, लेकिन महंगाई और बेरोजगारी को किया नजरअंदाज

वोट बैंक को लेकर घोषणाएं नई बात नहीं है, फर्क इतना है कि पहले मुद्दे पर आधारित घोषणा होती थीं, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की कर्जमाफी शामिल हैं। कांग्रेस ने गरीबों को 450 वर्गफीट का प्लॉट देने का वायदा किया। यह वायदा कुछ हद तक पूरा भी किया गया। लेकिन महंगाई और बेरोजगारी समस्या का समाधान किसी भी दल ने आज तक नहीं किया।



बात चुनाव प्रचार में भाषा की हो तो यह कहा जा सकता है कि प्रथम आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और राजीव गांधी तक चुनाव प्रचार में अमूमन संयमित भाषा का इस्तेमाल किया जाता था। इधर, पिछले एक दशक में राजनेताओं की भाषा अपना संयम खो चुकी है। यहां तक सारी मर्यादाएं तार-तार हो गई हैं। पहले चुनाव के समय रेवड़ियां नहीं बांटी जाती थीं। अब करोड़ों नहीं अरबों की कागजी घोषणाएं की जाती है, जिससे इन्हें सत्ता मिल सके। न खाउंगा, न खाने दूंगा प्रधानमंत्री का यह प्रारंभिक कथन कई नेताओं की आंख में खटक रहा है। वर्तमान में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई को चुनाव से जोड़ा जा रहा है, इधर भ्रष्टाचार के आरोप सत्ताधारी दलों पर लगते रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार के मंत्री इससे बचे हुए हैं।

(कैलाश गौड़ वरिष्ठ पत्रकार )

**जो हो न सका...**

## रानी कमलापति के पैलेस को संवारने सिर्फ घोषणाएं होती रहीं, पानी में डूबी हुई हैं आज भी चार मंजिल

रानी कमलापति के नाम से भोपाल में राजनीति तो खूब हुई, लेकिन उनके पैलेस को संवारने का काम किसी ने नहीं किया। जबकि एएसआई के सहयोग से महल के जीर्णोद्धार की भी योजना बनाई गई थी। इस योजना के तहत पैलेस को संवारने पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च होना थे। वहीं छोटे तालाब पर बने आर्च ब्रिज और रानी कमलापति पैलेस के ठीक बीच में प्रतिमा की स्थापना की जानी थी। यहां पर छोटे तालाब की गहराई करीब 30 फीट है। पर्यटन विभाग के साथ ही संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन ने कई घोषणाओं के बाद भी आज तक इस पैलेस की सुध नहीं ली है और ना ही इसका जीणोद्धार करने का काम शुरू किया। हबीबगंज रेलवे स्टेशन रानी कमलापति के नाम से कर दिया गया, लेकिन रानी कमलापति पैलेस की सुध नहीं ली।

**वर्ष 1989 में पैलेस को संरक्षित किया गया**

पैलेस का निर्माण 1722 में गिन्नौरगढ़ के प्रमुख निज़ाम शाह की विधवा गोंड शासक रानी कमलापति ने करवाया था। इसे 1989 में राष्ट्रीय महत्व के स्मारक के रूप में नामित किया गया और यह पुरातत्व सर्वेक्षण में संरक्षित है। इस स्मारक को 1989 में भारत सरकार द्वारा संरक्षित घोषित किया गया था। कमलापति पैलेस की वास्तुकला 18वीं शताब्दी की शुरुआत की समकालीन धर्मनिरपेक्ष वास्तुकला का एक उदाहरण है और भोपाल शहर में सबसे पुराना मौजूदा उदाहरण है। इस दो मंजिला इमारत का निर्माण लाखौरी ईंटों से किया गया है। इसके अग्रभाग में नुकीले मेहराब हैं जो बांसुरीदार स्तंभों कमल की पंखुड़ी के आकार के मेरलों और छज्जों को सहारा देने वाले कोष्ठकों पर आधारित हैं। यहां एक पुराना कैनन और एक पुरानी पनचक्की के अवशेष देख सकते हैं। महल के पश्चिमी तरफ पहाड़ी पर फतेहगढ़ किले के अवशेष हैंए जिसे भोपाल के सरदार दोस्त मोहम्मद ने बनवाया था और इन्हीं ने आधुनिक भोपाल की नींव रखी थी।

**चुनावी चटखारे...**

*लोकतंत्र का पर्व है आया, छाया है उल्लास,*
*जनता का अधिकार है मत,बात बहुत है खास।*
*देश की गति और प्रगति को, निर्धारित करता मत*
*मतदान करो सब मतवालो, इसे भूलना मत।*
*नेताजी के कामों की, करो समीक्षा अब*



*हम सबके मतदान से, तय होगा सब।*
*जनता का विश्वास जीतने, घर आएंगे*
*हाथ जोड़कर पैर छुएंगे, गाना गाएंगे।*
*5साल जो बीत गए हैं, फिर आए द्वारे*
*सोच समझ कर मत देना है, बात*
*समझना प्यारे।।*

***नीतिराज चौरे**, कवि, भोपाल*

**बुजुर्ग मतदाता से बात**

### मतदान हमारा अधिकार भी, कर्तव्य भी, साफ छवि वाले नेता चुनेंगे तो देश आगे बढ़ेगा...



भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हमारे देश के प्रत्येक नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनको चुनावी प्रक्रिया में सहभागिता जरूर करनी चाहिए। वोट एक आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत है। हमारा वोट ही यह तय करता है कि हमारा प्रदेश और देश विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा। जब साफ छवि और ईमानदार नेताओं को चुनेंगे, तो निश्चित ही देश प्रगति करेगा। मतदान हमारा अधिकार होने के साथ ही कर्तव्य भी है। ऐसे में हर को व्यक्ति मतदान जरूर करना चाहिए। इस बार लोकसभा चुनाव काफी रोचक होने वाला है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि हम खुद मतदान करने के साथ ही लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी करें और अधिक से अधिक मतदान कराएं। हम चाहते हैं कि ऐसी सरकार सत्ता में आए, जो सभी वर्ग के लिए बेहतर निर्णय ले और देश को आगे ले जाए। इसके साथ ही प्रत्याशियों के चरित्र पर भी निगाह रखें और देखें कि वह चारित्रिक रूप से मजबूत है या नहीं। क्योंकि जो व्यक्ति चरित्र से मजबूत होता है,उसी के मन में सभी के विकास की बात आती है। वहीं जो व्यक्ति चरित्र से मजबूत होगा तो संवेदनशील भी होगा, जिससे गरीब तबके तक की बात उसके समझ में आएगी और वह उसकी समस्या का जल्द निदान कर सकेगा।

प्रभा सोनी, 76 वर्ष

---

**चाय पे चर्चा**

▶▶ अशोका गार्डन क्षेत्र की 80 फीट रोड स्थित प्राची टी स्टॉल पर लोकसभा चुनाव के मुद्दों को लेकर हुई चाय पर राजनीतिक चर्चा

## वोट डालने की अभी से कर ली है तैयारी चर्चाएं बहुत हो रहीं, सुन सबकी रहे हैं...

राजधानी में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं के साथ वोटिंग की तैयारी भी शुरू हो रही है। केवल मतदाता ही नहीं, उम्मीदवार भी इस तैयारी के लिए अपने वोटर्स को जागरूक करने में जी जान से लगे हैं। इधर, मतदाता है कि वह हर प्रत्याशी की बात सुन रहा है, लेकिन कार्य अपने तरीके से ही करने के मूड में है। इन दिनों विशेषकर राजनैतिक पार्टियों और उनके प्रत्याशियों को लेकर सबसे अधिक चर्चाएं हो रही हैं।

ऐसी ही एक चर्चा में शहर के अशोका गार्डन क्षेत्र की 80 फीट रोड स्थित प्राची टी स्टॉल पर भी सुनाई दी। यहां चाय की प्याली के



साथ चुनावी चर्चा में मशगूल उदयभान सिंह, शिवप्रसाद चिढ़ार और दीपक आठ्या आदि का कहना है कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी में उत्साह दिख रहा है। कुछ में इस लिए दिख रहा, क्योंकि वे ईवीएम से वोट करेंगे और अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने में सहयोग करेंगे। वहीं, कुछ में इस लिए दिख रहा है क्यों कि उन्होंने अभी से वोट डालने की तैयारी कर ली है। चर्चाओं में तो लोग दो ही प्रमुख पार्टियों की बात कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस को लेकर ज्यादा उत्साह है, लेकिन दूसरे दलों के उम्मीदवार भी जीत के लिए कोई कम प्रयास नहीं कर रहे हैं।

**फर्स्ट टाइम वोटर**

### मतदान कर होने वाली फीलिंग को मैं भी करूंगी महसूस...

जब 18 साल का नहीं हुई थी। तब माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्य वोट डालने जाते थे। उस समय मुझे भी वोट देने के लिए बेचैनी होती थी। जब भी चुनाव होता तो सोचती रहती थी, किसी प्रत्याशी, किस पार्टी को वोट देने पर कैसी खुशी होती होगी। इस बार मतदान कर ऐसी खुशी व फीलिंग मैं भी महसूस करूंगी। युवा मताधिकार का इस्तेमाल करके शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास के मुद्दों पर वोटकर करके सरकार को भी बदल सकता है। मैं इस बार इन्ही कुछ मुद्दों को लेकर वोट करूंगी। जिसमें शिक्षा,रोजगार व देश का विकास प्रमुख्य है।



**नायरा परवीन**, युवा मतदाता

### अपने सपनों को ध्यान में रखते हुए मतदान करना चाहिए ...

युवा मतदाताओं के अपने कई मुद्दे हैं। इनमें शिक्षा, रोजगार, कानून व्यवस्था, कौशल विकास और सुविधाएं आदि शामिल हैं। शिक्षा के लिए व्यवस्था ऐसी हो कि रोजगार मिले, कानून व्यवस्था मजबूत हो खासतौर पर युवतियों के लिए यह महत्वपूर्ण है। कौशल विकास की बात करें तो यह भी जरूरी है, युवाओं को शिक्षा के साथ ही कौशल विकास पर जोर होता है, ताकि शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें कौशल विकास के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। ऐसे ही कुछ मुद्दों को ध्यान पर रखकर मैं वोट करूंगी। मैं खुद भी मतदान करने जाऊंगी, दूसरों को भी ले जाऊंगी।



**अनीशा दुबे**, युवा मतदाता

---

**छोटे बेठिया थानाक्षेत्र के माड़ इलाके में आमना-सामना**

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ 18 नक्सली मारे गए, 12 के शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में 18 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। वहीं दो जवानों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। छोटे बेठिया थानाक्षेत्र के माड़ इलाके में मुठभेड़ चल रही है। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त बल रवाना किया गया है। एसपी कल्याण एलिसेला ने इस पूरे मामले की जानकारी दी है।

एंटी नक्सल ऑपरेशन में निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ अभी भी जारी है। इस मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए है। कांकेर एसपी आईके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुठभेड़ में 18 नक्सलियों के मारे जाने की एसपी कल्याण एलीसेला ने की पुष्टि की है। टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव मारा गया है। शंकर राव 25 लाख का इनामी था। मुठभेड़ में 4 एके 47 रायफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गये हैं।

**टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव मारा गया**



मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताए जा रहे हैं। घायल जवानों को लाने के लिए चॉपर भेजा गया है। बता दें कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर में लोकसभा चुनाव होने हैं। उसके पहले ये बड़ी मुठभेड़ हुई है।

**मुख्यमंत्री ने उप्र के मैनपुरी में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

## श्रीरामलला 500 वर्षों तक खुले आसमान के नीचे बैठे रहे कांग्रेस मंदिर निर्माण में हमेशा अड़ंगा लगाती रहीः सीएम

प्रत्याशी जयवीर के साथ चुनाव कार्यालय का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। डॉ. यादव ने पार्टी प्रत्याशी जयवीर सिंह के साथ मैनपुरी लोकसभा के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीरामलला 500 वर्षों तक खुले आसमान के नीचे बैठे रहे। कांग्रेस श्रीराम के मंदिर निर्माण में हमेशा से अड़ंगा लगाती रही।

हिन्दू-मुसलमान को लड़ाती रही, ताकि मंदिर का निर्माण नहीं हो। कांग्रेस पार्टी मंदिर के नाम पर वर्षों तक वोट मांगती रही, लेकिन इसे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार ने मुमकिन करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर भगवान को गर्भगृह में विराजमान कराया। अब वे गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। इतना ही नहीं अब तो अयोध्या से लेकर अरब तक मंदिरों का निर्माण हो गया है। इस बार का चुनाव भी रामद्रोहियों और राम के पक्षधरों के बीच का चुनाव है, इसलिए जनता प्रभु श्रीराम वालों को आशीर्वाद देगी।




### कांग्रेस ने देशभर में भ्रम फैलाया, कांग्रेस के अंदर ही माहौल खराब हो गयाः डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह की नामांकन जमा कराकर जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज पूरे देश और प्रदेश का माहौल मोदीमय और राममय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने देशभर में भ्रम फैलाया, देशभर में माहौल खराब किया, लेकिन देश के अंदर नहीं, बल्कि पाकिस्तान और कांग्रेस के अंदर ही माहौल खराब हो गया।

**विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर के भविष्य को बुलंद करना है तो एक बार फिर ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कमल खिले, जिससे ग्वालियर के विकास का मार्ग प्रशस्त हो। पिछले 5 वर्षों में ग्वालियर के विकास की गति में काफी तेजी आई है, क्योंकि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। विकास का एक नया कालखंड शुरू हुआ है।



# इसरो का दुनिया में बजा डंका, हल्का कार्बन नोजल बनाकर रॉकेट इंजन की तकनीक में हासिल हुई बहुत बड़ी कामयाबी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु


भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर पूरी दुनिया में अपनी सफलता और मेहनत का डंका बजाया है। उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार किया है। इसरो ने मंगलवार को कहा कि उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जो रॉकेट इंजन तकनीक में एक नई पहल है। इसरो ने कहा है कि हल्के नोजल से अब रॉकेट की पेलोड क्षमता में बढ़ोत्तरी हो सकेगी। इसरो ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

## ...अब रॉकेट की पेलोड क्षमता बढ़ाई जा सकेगी

### रॉकेट इंजनों के मापदंडों को बढ़ावा

इसरो के मुताबिक, यह नवाचार तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार किया गया है। इसके जरिए रॉकेट इंजनों के महत्वपूर्ण मापदंडों को बढ़ावा मिल सकेगा। इसमें थ्रस्ट लेवल, स्पेशिफिक इम्पल्स और थ्रस्ट एवं वजन अनुपात शामिल है। इसरो के मुताबिक इन बदलावों से रॉकेट की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी।





### विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग की

विज्ञप्ति में कहा गया है कि सी-सी नोजल की एक प्रमुख विशेषता इसकी सिलिकॉन कार्बाइड की विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग है, जो ऑक्सीडायजिंग वातावरण में इसकी परिचालन सीमा को बढ़ाती है। इसरो के अनुसार, यह नवाचार न केवल थर्मल प्रेरित तनाव को कम करेगा बल्कि रॉकेट लॉन्चिंग के दौरान होने वाली कोरिजन अवरोध को भी बढ़ाएगा, जिससे प्रतिकूल वातावरण में विस्तारित परिचालन तापमान सीमा को सहने की शक्ति मिल सकेगी।

### ऊंचे तापमान पर टिका रहेगा

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि नोजल डायवर्जेंट बनाने के लिए कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है जो असाधारण गुण प्रदान करते हैं। इसमें कहा गया है कि हरे कंपोजिट के कार्बोनाइजेशन, रासायनिक वाष्प और उच्च तापमान उपचार जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग करके, इसने कम घनत्व, उच्च विशिष्ट शक्ति और उत्कृष्ट कठोरता के साथ एक नोजल तैयार किया है, जो ऊंचे तापमान पर भी यांत्रिक गुणों को बनाए रखने में सक्षम है।

### नए नोजल से 67 फीसदी भार कम होगा

इसरो ने कहा है कि इस नई तकनीकी से निर्मित नोजल का इस्तेमाल विशेष रूप से वर्कहॉर्स लांचर, ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के लिए हो सकेगा। इसरो के मुताबिक, पीएसएलवी का चौथा चरण, पीएस4 में फिलहाल कोलंबियम मिश्र धातु से बने नोजल वाले जुड़वां इंजन लगे हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि धातुओं से बने इन नोजल की जगह उनके समकक्ष तैयार किए गए सी-सी हल्के नोजल को लगाकर लगभग 67 फीसदी का भार कम किया जा सकता है।

### कार्बन-कार्बन कंपोजिट नोजल की विशेषताएं

पीएसएलवी में होंगे उपयोग
नोजल की कार्यक्षमता बढ़ेगी
थर्मल तनाव को कम करेगा
रतिकूल वातावरण में तापमान सीमा को सहने की शक्ति मिलेगी

---

अमित शाह ने जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित किया

# पथराव, गोलीबारी गुजरे समय की बात अब 'अंतिम सांसें' गिन रहा आतंकवाद



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू के पलौड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप है।

- पथराव करने वाले युवाओं के हाथ में लैपटॉप
- जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुई
- गुज्जर और बकरवाल का आरक्षण बरकरार रखा
- तय समय पर विधानसभा चुनाव होंगे



एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार दोपहर को जम्मू शहर के पलौड़ा के मन्हास मैदान में भाजपा की जनसमर्थन महारौली को संबोधित करते हुए कहा कि अब जम्मू कश्मीर में पथराव और गोलीबारी गुजरे समय की बात बन गए हैं। अब प्रदेश में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है।

जम्मू-रियासी सीट के लिए चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल के 10 साल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। एक जमाना था, जब ऐसे जलसे की कल्पना ही नहीं कर सकते थे। पथराव होता था, गोलीबारी होती थी, बम धमाके होते थे, पाकिस्तान से हड़ताल का ऐलान किया जाता था और 370 का साया पूरे जम्मू-कश्मीर पर छाया था। आज 370 समाप्त हो गई है, आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में लैपटॉप है।

### मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया

अमित शाह ने कहा कि भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यहीं बलिदान दिया था। उन्होंने नारा दिया था कि 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेगा'। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। आज जम्मू कश्मीर से 370 समाप्त हो गया है। पूरे देश की तरह यहां भी आन-बान-शान के साथ हमारा तिरंगा गगन छू रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू में पैर रखते ही भाजपा कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। बहुत कठिन दौर से संघर्ष करके भाजपा के नेता जम्मू-कश्मीर की कश्ती को बाहर निकाल कर लाए हैं।

### विपक्ष को घेरा

अमित शाह ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेंद्र मोदी 10 बार पीएम बन जाएं, लेकिन अनुच्छेद 370 नहीं हटा सकते। लेकिन दूसरी बार के कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया गया है। उन्होंने महबूबा मुफ्ती को घेरते हुए कहा कि महबूबा कहती थीं कि अगर 370 हटा तो तिरंगे को कोई कंधा देने वाला नहीं होगा। आप और मैं तो चले जाएंगे लेकिन तिरंगा तो अजर है, अमर है... हमेशा रहने वाला है। उन्होंने कहा कि नेकां-पीडीपी कहते थे कि गुज्जर और बकरवाल का आरक्षण काट दिया जाएगा, लेकिन उनके आरक्षण से बदलाव किए बिना पहाड़ी समुदाय को आरक्षण दिया गया है।

---

यूएन में सुधारों के लिए गरजा भारत

# रुचिरा की दो टूक- विस्तार बिना यूएनएससी अधूरा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग को एक बार फिर जोरदार तरीके से उठाया है। भारत ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधार पर निर्णायक कार्रवाई का आह्वान करते हुए एक समावेशी ढांचे का समर्थन किया जो वास्तव में आज के गतिशील वैश्विक परिदृश्य का प्रतिनिधित्व करे।

न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता के छठे दौर के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज ने ये मांग उठाई। कांबोज ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता के विस्तार के पक्ष में है। स्थायी और गैर-स्थायी, दोनों श्रेणियों के विस्तार की जरूरत है।

### 113 देशों ने किया समर्थन

कांबोज ने कहा कि 122 में से कुल 113 सदस्य देशों ने चार्टर में निर्दिष्ट दोनों मौजूदा श्रेणियों में विस्तार का समर्थन किया। इसका मतलब है कि दस्तावेज में 90 प्रतिशत से अधिक लिखित प्रस्तुतियां इसके पक्ष में थीं। केवल कुछ मुट्ठी भर सदस्य देश ही इसका विस्तार नहीं चाहते हैं। परिषद में यह एक आम धारणा बन गई है कि स्थायी श्रेणी में विस्तार अलोकतांत्रिक होगा।

---

सलमान के घर के बाहर गोलाबारी मामला

# गुजरात से दो गिरफ्तार, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

एजेंसी ▶▶ भुज

मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति समेत दो लोगों को गुजरात से गिरफ्तार कर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और शस्त्र अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। कच्छ-पश्चिम के उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने बताया कि बिहार के पश्चिम चंपारन के रहने वाले हैं। निवासियों विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले के माता नो माध गांव से गिरफ्तार किया गया।



### लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने भेजा था

बागड़िया ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पाल और गुप्ता दोनों को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान के घर पर गोलीबारी करने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि सागर ने खान के घर पर गोलीबारी की जबकि गुप्ता गिरोह के सदस्यों के संपर्क में था। पकड़े जाने के बाद आरोपियों को कच्छ में दयापार थाने लाया गया, और फिर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया क्योंकि शिकायत वहां दर्ज हुई थी।

---


# विवाद के चलते लेम्बोर्गिनी कार को लगाई आग

**हैदराबाद**। यहां पर एक शख्स ने लगभग 1 करोड़ रुपए कीमत की लेम्बोर्गिनी गैलार्डो को आग लगा दी। आग लगते ही कुछ ही देर में करोड़ रुपए की स्पोर्ट्स कार जलकर राख हो गई थी। हैदराबाद के पहाड़शरीफ में हुई यह घटना दो कार पुनर्विक्रेताओं के बीच एक व्यावसायिक विवाद के बाद हुई। कार का मॉडल 2009 का है। नरसिंघी के व्यापारी नीरज ने लेम्बोर्गिनी कार अहमद नाम के शख्स से खरीदी थी। आरोप है कि अहमद को उन्होंने कार खरीदने के बाद पूरी रकम नहीं दी थी इसलिए वह नाराज था। जब उसे पता चला कि नीरज कार बेच रहा है तो उसने नीरज के दोस्त को फोन करके कहा कि वह कार खरीदने का इच्छुक है। अहमद ने नीरज के दोस्त से कहा कि वह कार लेकर आए ताकि वह उसे देख सके।









### श्रीलंका और यूएई को प्याज निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को 20 हजार मीट्रिक टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है। इसके तहत दोनों देशों को 10-10 हजार मीट्रिक टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने 15 अप्रैल को जारी अधिसूचना में यह बताया। यूएई को प्याज के निर्यात की यह अनुमति पहले दी गई 24,400 मीट्रिक टन से अतिरिक्त है। प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगाने के बाद भारत बांग्लादेश, बहरीन, मॉरीशस और भूटान को प्याज निर्यात की अनुमति दे चुका है। बता दें कि केंद्र सरकार ने घरेलू महंगाई को काबू करने के लिए 7 दिसंबर, 2023 की देर रात प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### किसिंग बग से हर साल 12 हजार लोगों की मौत

**वॉशिंगटन**। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में हर साल चागास से 12 हजार लोगों की मौत हो जाती है। चागास रोग परजीवी ट्रिपैनोसोमा क्रूज़ी के कारण होने वाली एक बीमारी है। इस कीड़े को ट्रायटोमाइन या किसिंग बग भी कहते हैं जो पैरासाइट को इंसानों के शरीर तक पहुंचाता है। इसका नाम ब्राज़ीलियाई डॉक्टर कार्लोस चागास के नाम पर रखा गया है। जिन्होंने सबसे पहले 1909 में इस बीमारी की पहचान की थी। जब कोई व्यक्ति पैरासाइट ट्रिपैनोसोमा क्रूज़ी से संक्रमित हो जाता है, तो चागास रोग हो सकता है।

# पियाला से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक एटीएफ पाइपलाइन का निर्माण



**मुंबई/नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बीपीसीएल के पियाला टर्मिनल से नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टैंक फार्म तक एक डेडिकेटेड एविएशन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) पाइपलाइन बिछाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे हवाई अड्डे की एटीएफ मांग को कुशलता से पूरा किया जा सकेगा और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी मदद मिलेगी। बीपीसीएल की ओर से सुजीत कुमार (मुख्य महाप्रबंधक, विपणन, विमानन) और सुश्री नितु सामरा (मुख्य वित्तीय अधिकारी, एनआईए) ने बीजू गोपीनाथ (कार्यकारी निदेशक, पाइपलाइन), संजीव कुमार (बिजनेस हेड, विमानन, बीपीसीएल), सुश्री किरण जैन (मुख्य परिचालन अधिकारी) और सुश्री मयूरी वत्स (कानूनी प्रमुख, एनआईए) की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। डेडिकेटेड एटीएफ पाइपलाइन 34 किलोमीटर से अधिक लंबी है, जो हवाई अड्डा परिसर के भीतर 1.2 किलोमीटर तक फैली हुई है। एक बार चालू होने के बाद, यह पाइपलाइन सामान्य/अनुबंध वाहक आधार (कॉमन/कॉन्ट्रैक्ट करियर बेसिस) पर संचालित की जाएगी, जिससे हवाई अड्डे तक निर्बाध ईंधन परिवहन सुनिश्चित हो सकेगा। पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की प्रतिबद्धता के अनुरूप, यह आम उपयोग वाली ईंधन परिवहन पाइपलाइन ईंधन प्राप्ति संचालन को आसान बनाएगी और टैंक लॉरी मूवमेंट्स की आवश्यकता को समाप्त करते हुए उत्सर्जन को कम करेगी। इस अवसर पर बीपीसीएल के निदेशक (विपणन) सुखमल जैन ने एक बयान में कहा कि जब से देश में विमानन उद्योग शुरू हुआ है, तब से बीपीसीएल भारत में हवाई अड्डों और संबद्ध बुनियादी ढांचे पर एटीएफ सुविधाएं स्थापित करने में अग्रणी रहा है। उन्होंने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में ईंधन के सड़क परिवहन (सड़क परिवहन) को कम करने और अधिक टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा देकर बीपीसीएल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

किरण जैन (मुख्य परिचालन अधिकारी, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा) ने भी इस भावना को व्यक्त करते हुए कहा, 'हम खुश हैं कि हम बीपीसीएल के साथ मिलकर एक सामान्य उपयोग के ईंधन परिवहन पाइपलाइन के विकास के लिए सहयोग कर रहे हैं, जो लागत-कुशल पेशकश की हमारी रणनीतिक दृष्टि के अनुरूप और टिकाऊ समाधान है, साथ ही यह सड़क परिवहन की तुलना में तरल ईंधन के परिवहन के लिए अधिक किफायती भी है। हमें विश्वास है कि हमारा यह कदम कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा और हमारी समग्र दक्षता को बढ़ाएगा। यह पहल सस्टेनेबल फ्यूचर में हमारे योगदान को बढ़ाएगा, जो समय की मांग है।'

## 5जी में रियलमी पी सीरीज लॉन्च

**जबलपुर।** रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज में 5जी स्मार्टफोन रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफॉर्मेंस और असाधारण यूजर अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हमें रियलमी पी सीरीज 5जी पेश करने की खुशी है यह स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा।



## टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस पेट्रोल रुपांतरण

**जबलपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाइक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। इनोवा हाइक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) पेट्रोल रूपांतर में रीएनर्जाइज्ड एक्सटीरियर - फ्रंट एलईडी फॉग लैंप, फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर, रियर डिफॉगर बेहतर आराम - चेस्टनट थीम वाले इंटीरियर, डैशबोर्ड और डोर पैनल में सॉफ्ट टच सामग्री, मिड-ग्रेड फैब्रिक सीटें और रियर सनशेड।परिष्कृत सुविधा - ऑटो एसी, 10.1' इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एप्पल कारप्ले, पैनोरमिक व्यू मॉनिटर जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट वाले विकल्पों में पेश किया गया है।



## एयरटेल ने मप्र और छग में 29 लाख 5जी ग्राहकों की उपलब्धि हासिल की

**जबलपुर।** एयरटेल ने घोषणा की है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अब 29 लाख ग्राहक उनकी 5जी सेवा का आनंद उठा रहे हैं। कंपनी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी शहरों और जिलों में सफलतापूर्वक अपनी 5जी सेवा की शुरुआत कर दी है, जो नेक्स्ट जेनरेशन की मोबाइल सुविधाएं देने की दिशा में एक उत्साहजनक कदम है। पिछले 6 महीनों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एयरटेल के 5जी अपने नेटवर्क का पूरे राज्य में विस्तार कर दिया है, जिससे ग्राहकों को 5जी सेवा से जुड़ना आसान हो गया। सांची स्तूप जैसे ऐतिहासिक स्थलों से लेकर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल उज्जैन और अपनी मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध खजुराहो तक, एयरटेल संपूर्ण मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी सेवाएं लगातार मुहैया करा रही है।

## सलमान के घर गोलीबारी बाइक मालिक से पूछताछ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बांद्रा में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कथित तौर पर इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के मालिक से पुलिस पूछताछ कर रही है। हमलावरों ने मोटरसाइकिल सलमान के घर से लगभग एक किलोमीटर दूर माउंट मैरी गिरजाघर के पास छोड़ दी थी। यह मोटरसाइकिल नवी मुंबई के पनवेल इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है।

# शुगर इंडस्ट्री को बड़ा झटका | सरकार ने किसी तरह की राहत देने से किया मना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार को एक्सपोर्ट के मामले में शुगर इंडस्ट्री को किसी तरह की राहत देने से मना कर दिया।

सरकार ने स्पष्ट कहा कि अक्टूबर में खत्म होने वाले मौजूदा शुगर ईयर के लिए एक्सपोर्ट की इजाजत नहीं दी जाएगी। चीनी उद्योग सरकार से लगातार शुगर एक्सपोर्ट की इजाजत देने की मांग कर रही है। उसकी दलील है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और एक्सपोर्ट की इजाजत मिलने से उनकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी।

**चीनी उद्योग सरकार से लगातार शुगर एक्सपोर्ट की करने की कर रहा है मांग**



### मांगी थी 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की अनुमति

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने मौजूदा शुगर ईयर के लिए 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की अनुमति मांगी थी। उसका कहना था कि इस सीजन के आखिर तक चीनी कंपनियों के पास काफी क्लोजिंग-स्टॉक बचेगा। ऐसे में निर्यात करने से कंपनियों को काफी फायदा होगा।

### मिल सकती है इथेनॉल प्रोडक्शन की अनुमति

फूड मिनिस्ट्री ने कहा कि शुगर इंडस्ट्री की लगातार डिमांड के बावजूद सरकार फिलहाल एक्सपोर्ट की इजाजत देने पर विचार नहीं कर रही है। अगर मौजूदा शुगर ईयर की बात करें, तो मार्च तक देश का चीनी उत्पादन 3 करोड़ टन को पार कर गया था। इस्मा ने 2023-24 सीजन के लिए शुगर प्रोडक्शन के अनुमान को संशोधित करके 3.2 करोड़ टन कर दिया है। वहीं सरकार का अंदाजा है कि चीनी उत्पादन 3.15 करोड़ टन से 3.2 करोड़ टन के बीच रहेगा। हालांकि चीनी इंडस्ट्री के लिए राहत की बात यह है कि सरकार चीनी मिलों को इस बात की इजाजत दे सकती है कि वे अतिरिक्त स्टॉक का इस्तेमाल इथेनॉल प्रोडक्शन के लिए करें। इस खबर से चीनी कंपनियों के शेयरों में तेजी भी दिखी थी। अगर इथेनॉल प्रोडक्शन की अनुमति भी मिल जाती है, तो काफी राहत मिल जाएगी।

## व्यापम ने बदली प्रवेश परीक्षाओं की तारीखें

### लोकसभा चुनाव के कारण बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अधिकतर प्रवेश परीक्षाओं की तारीखें बदल दी गई हैं। ऐसा लोकसभा चुनाव के कारण किया गया है। जारी की गई नवीन तिथियों के अनुसार, व्यापम की परीक्षाएं अब मई की जगह जून से प्रारंभ होंगी। पहले जहां जून माह में ही व्यापम की सभी प्रवेश परीक्षाएं समाप्त होने वाली थीं, वे अब जुलाई माह तक चलेंगी।

### फिर जुलाई तक चलेंगी परीक्षाएं

बीते वर्ष आरक्षण संबंधित विवाद के कारण व्यापम द्वारा तय समय पर प्रवेश परीक्षाएं नहीं ली जा सकी थी। अन्य भर्ती परीक्षाओं की तरह प्रवेश परीक्षाओं में भी विलंब इसके कारण हुआ था। जुलाई माह तक व्यापम ने प्रवेश परीक्षाएं ली थी। कई के परिणाम अगस्त माह तक जारी किए गए। थोक में ऐसे पाठ्यक्रम रहे, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया अथवा काउंसिलिंग सितंबर महीने से ही शुरु हो सकी। इस बार भी लगातार दूसरे वर्ष व्यापम की परीक्षा जुलाई माह तक चलेगी। ऐसे में प्रवेश में पुनः अगस्त-सितंबर से प्रारंभ होने की आशंका है। शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि यथावत रखी गई है।

## डेढ़ करोड़ करदाता आयकर विभाग के रडार पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब 1.52 करोड़ लोग आयकर विभाग के रडार पर हैं। यह वे लोग हैं जिन्हें रिटर्न फाइल करना था। अधिकारिक जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में करीब 8.9 करोड़ करदाता थे,जबकि रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 7.4 करोड़ रही। हालांकि इसमें संशोधित रिटर्न भी शामिल है इसलिए आईटीआर न भरने वालों की संख्या और बढ़ी हुई दिख रही है। ये ऐसे लोगों हैं जिन्होंने टैक्स भरा है या फिर टीडीएस भरा है।रिपोर्ट के अनुसार रिवाइज्ड रिटर्न मिलाकर कुल 1.97 करोड़ लोग ऐसे थे, जिन्होंने आईटीआर फाइल नहीं किया है। इनमें से 1.93 करोड़ व्यक्तिगत श्रेणी में थे, 28,000 हिंदू अविभाजित परिवार से और 1.21 लाख कंपनियां थीं, जबकि शेष विभिन्न अन्य श्रेणियों में थे। फील्ड अधिकारियों को उचित डेटा और जानकारी के साथ ऐसे व्यक्तियों से संपर्क करने और उन्हें यह समझाने के लिए कहा गया है कि उन्हें अपना आईटीआर दाखिल करने को कहे। सीबीडीटी के पास डेटा है कि लगभग 8,000-9,000 संभावित करदाताओं को टैक्स नोटिस भेजा जा रहा है। यह ऐसे लोगों हैं जिनके खिलाफ विभाग के पास उच्च टिकट खरीद या उच्च नकद जमा का रिकॉर्ड है।

## जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी गैर कानूनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित एक न्यायाधिकरण ने जेल में बंद अलगाववादी शब्बीर अहमद शाह की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी पर लगाए गए प्रतिबंध की पुष्टि की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांच अक्टूबर, 2023 को जेकेडीएफपी को उसकी 'भारत विरोधी' और 'पाकिस्तान परस्त'गतिविधियों के लिए पांच साल के लिए प्रतिबंधित संगठन घोषित किया था।
इसके बाद, जेकेडीएफपी को गैरकानूनी संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं इस पर निर्णय देने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की अध्यक्षता में एक न्यायाधिकरण का गठन किया गया था।

## पांच लाख रुपए के तंबाकू उत्पाद जब्त

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर पुलिस ने 5.06 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त करने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। चुनाव के मद्देनजर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने शनिवार शाम को राजमार्ग पर उमरगांव से मुंबई की ओर जा रही एक कार को संदेह के आधार पर रोक लिया। जांच के दौरान पुलिस ने वाहन में रखी बोरियों से विभिन्न ब्रांडों के तंबाकू उत्पादों को जब्त कर लिया।

### गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर होगी सख्त कार्रवाई

# नया आदेश लागू... सरकार ने कसा जमाखोरों और स्टॉकिस्टों पर 'शिकंजा'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मोदी केंद्र ने दालों की बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए जमाखोरों और स्टॉकिस्टों पर शिकंजा कसा है। सरकार का नया आदेश सोमवार यानी 15 अप्रैल से मध्यप्रदेश सहित समूचे देश में लागू हो गया। दरअसल केंद्र सरकार ने दाल आयातकों, मिलर्स समेत दालों के व्यापार से जुड़े सभी कारोबारियों को दाल को स्टॉक लिमिट का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि व्यापारियों द्वारा इस तंत्र को अपनाने से मुद्रा रूपांतरण से जुड़ी लागत कम हो जाएगी और कई मुद्रा वार्तालापों की आवश्यकता को समाप्त करके विनिमय दरों से संबंधित जटिलताएं खत्म हो जाएंगी। दाल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के साथ ही बाजार में उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने कुछ नियमों में सख्ती दिखाई है और यह नियम सोमवार से लागू हो गया है। केंद्र ने जमाखोरी रोकने और बाजार में दाल आपूर्ति बढ़ाने के लिए स्टॉक के खुलासे के निर्देश दिए हैं। ऑनलाइन स्टॉक निगरानी के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों ने कहा कि दालों के वायदा व्यापार में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्ति से आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कड़ाई से निपटा जाएगा।



### व्यापारी नहीं होंगे प्रभावित

केंद्र सरकार के इस नियम से राजधानी के किराना व्यापारी या दाल-चावल कारोबारी प्रभावित नहीं होंगे। क्योंकि सरकार ने जितनी भी स्टॉक सीमा तय की है हनुमानगंज, जुमेराती के किसी भी व्यापारी के पास इतना स्टॉक नहीं होगा। यह नियम ऐसे स्टॉकिस्टों के लिए जो हजारों टन मॉल का स्टॉक करते हुए और मार्केट की दशा-दिशा बदलने की कोशिश करते हैं।

**सुनील पंजाबी** अध्यक्ष,भोपाल किराना व्यापारी महासंघ

### व्यापारियों के पास कितना खाद्यान्न है पता चलेगा

सरकार की यह अच्छी पहल है। इससे पता चलेगा कि मध्यप्रदेश सहित देश के व्यापारियों के पास कितना खाद्यान्न है। व्यापारियों को भी सरकार की इस पहले पर बढ़ चढ़कर शामिल होना चाहिए। व्यापारियों को चाहिए कि रिकार्ड मेंटेन करने के लिए वह हमेशा अपने स्टॉक का खुलासा पोर्टल पर करें।

**रोहित जैन** ब्रोकर, दलाल रोहित जैन सुगंधी लाल

### पोर्टल पर बताना होगा दाल का स्टॉक

*आयातकों और उद्योग जगत के अन्य प्रतिभागियों जैसे मिल मालिकों, स्टॉकिस्टों, खुदरा विक्रेताओं आदि को पोर्टल पर साप्ताहिक आधार पर आयातित पीली मटर सहित दालों के अपने स्टॉक की ईमानदारी से घोषणा करने को कहा गया है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को भी सभी स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं द्वारा साप्ताहिक स्टॉक प्रकटीकरण लागू करने और उनके द्वारा घोषित स्टॉक को सत्यापित करने को कहा गया है स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।*


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- रायपुर पेट्रोल पंप में सेल्स बॉय की एवं मैनेजर जो अपने अंदर में लड़के व्यवस्था कर सके रहने की सुविधा उपलब्ध आईडी पुलिस वेरीफिकेशन चाहिए संपर्क :- 8358914444 (रायपुर/19/अप्रैल/24)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।





## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## शब्द पहेली - 5484



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता,दुश्मनी-4
7. नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर,शिव-4
11. संज्ञा,संबोधन-2
13. वेग,गति-3
14. महसूल,राहदरी-2
15. अंधकार,अंधेरा-3
17. कुंजी,ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता,बेगानापन-5
25. समय,वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा,सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी,धूल-2
32. नट,बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स,हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा,पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना,अड़ जाना-3
5. जंगल,कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी,धन-4
12. वोट,राय-2
16. राजा,महाराजा-3
17. चतुर्थ,चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन,देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर,लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना,बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल,नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी,अवकाश-2
37. राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5483 का हल



## सूडोकु बवाल - 5495

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANDAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 5494 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर
894 चौके
525 छक्के

# आईपीएल में इन गेंदबाजों ने किया है विराट कोहली को सबसे ज्यादा बार आउट

एजेंसी ▸▸| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में विराट कोहली के आंकड़े कमाल के हैं। वह इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। एक तरफ जहां उनकी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस लीग में अब तक एक भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है तो वहीं, कोहली के बल्ले से हमेशा रन निकले हैं। हालांकि, उन्हें कई गेंदबाजों ने परेशान भी किया है और जब-जब कोहली उनके सामने आए इन गेंदबाजों ने अधिकांश बार उन्हें पवेलियन पहुंचाया।



### संदीप सबसे ज्यादा 7 बार भेजा पवेलियन

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने आईपीएल में सबसे ज्यादा बार कोहली को आउट किया है। उन्होंने 15 पारियों में 7 बार इस बल्लेबाज को पवेलियन भेजा है। संदीप ने 4 बार आरसीबी के पूर्व कप्तान को पॉवरप्ले के दौरान ही पवेलियन की राह दिखाई है। कोहली ने इस दौरान 67 गेंदों में 87 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 129.85 की रही है। उनके बल्ले से 11 चौके और 1 छक्का निकला है।

### नेहरा ने 6 बार किया है कोहली को आउट

पूर्व तेज गेंदबाज और अभी गुजरात टाइटंस के मेंटर आशीष नेहरा ने आईपीएल में कोहली को काफी परेशान किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 10 पारियों में 6 बार उन्हें पवेलियन की राह दिखाई है। कोहली इस खिलाड़ी के सामने 54 गेंदों में सिर्फ 60 रन ही बना पाए हैं। नेहरा आईपीएल में 5 टीमों के लिए खेलते हुए नजर आए हैं।



### बुमराह ने 5 बार भेजा पवेलियन

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कोहली को 16 पारियों में 5 बार आउट किया है। साल 2013 में बुमराह ने अपना पहला आईपीएल विकेट कोहली का ही लिया था। इस तेज गेंदबाज के खिलाफ कोहली ने 95 गेंद का सामना किया है और उनके बल्ले से 140 रन निकले हैं। बुमराह का आईपीएल में 100वां शिकार भी कोहली ही थे।

### शमी ने भी 5 बार किया आउट

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण आईपीएल 2024 नहीं खेल पा रहे हैं। कोहली को इस तेज गेंदबाज ने 12 पारियों में 5 बार पवेलियन की राह दिखाई है। शमी की बाहर जाती हुई स्विंग गेंदों ने कोहली को बहुत परेशान किया है। शमी के खिलाफ कोहली ने 77 गेंदों का सामना किया है और 107 रन बनाए हैं।

## खबर संक्षेप



### पहलवान रोहित दहिया एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक दौर में

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के रोहित दहिया ने कांस्य पदक दौर में जगह बनाई जिससे वह मंगलवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पदक की दौड़ में बचे देश के एकमात्र ग्रीको-रोमन पहलवान रहे। ऐसे दिन जब अन्य सभी भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का प्रदर्शन खराब रहा तब दहिया (82 किग्रा) ने दुनिया में 12वें नंबर के पहलवान उज्बेकिस्तान के मुखम्मदकोडिर रसुलोव के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनाई। प्रतिस्पर्धा पेश कर रहे अन्य तीन पहलवान परवेश (60 किग्रा), विनायक सिद्धेश्वर पाटिल (67 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) शुरुआती दौर में बाहर हो गए। हालांकि सोफिया में 2022 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले दहिया जापान के योशिदा ताइजो के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 2-7 की शिकस्त के बावजूद कांस्य पदक के दौर में पहुंच गए क्योंकि उन्हें हराने वाले प्रतिद्वंद्वी ने फाइनल में जगह बनाई।

### आरसीबी-सनराइजर्स मैच में लगी छक्कों की झड़ी : फिंच

**बेंगलुरू।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने अपने आईपीएल मैच में छक्कों की झड़ी लगा दी जिससे बल्लेबाजी के लिए बहुत अधिक जगह नहीं बची थी और मायने यह रखता था कि सबसे ज्यादा छक्के किसने लगाए। इस मैच में कुल 38 छक्के लगे। फिंच ने कहा, ''यह ऐसा मैच कभी नहीं होगा जहां आप बल्लेबाजी के बारे में बात करेंगे। यह ऐसा मैच है जहां आप बात करेंगे कि सबसे ज्यादा छक्के किसने मारे और यही अंतर था।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें आरसीबी को 14 रन प्रति ओवर से शुरुआत करनी थी और यदि आपका एक ओवर खराब हुआ तो यह 16 हो जाता है।'



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा मुकाबला

# गुजरात और दिल्ली के बीच भिड़ंत आज अभी तक जीटी का पलड़ा रहा है भारी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 32वें मैच में गुजरात टाइटंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से 17 अप्रैल को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। जीटी ने इस सीजन में 6 में से 3 मैच जीते हैं और फिलहाल अंक तालिका में छठे पायदान पर हैं। इसी तरह नौवें स्थान पर मौजूद डीसी ने 6 में से 2 मैचों में जीत दर्ज की हुई है। दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन भी बड़ा रोमांचक रहा है।

### जीटी ने डीसी के खिलाफ जीते हैं 2 मैच

आईपीएल में अब तक दोनों टीमें कुल 3 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 मैच जीटी ने जीते हैं, जबकि 1 मैच डीसी ने अपने नाम किया है। आईपीएल 2023 में दोनों टीमें 2 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 1-1 मैच दोनों टीमों ने जीते थे। आईपीएल 2022 की इकलौती भिड़ंत में जीटी ने 14 रन से जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच हुए मैचों में सर्वोच्च स्कोर जीटी के नाम (171) पर है।



### जीटी से इन खिलाड़ियों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

गुजरात की मौजूदा टीम से दिल्ली के खिलाफ केन विलियमसन का बल्ला खूब चला है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 13 मैचों में 54.77 की औसत और 127.72 की स्ट्राइक रेट से 493 रन बनाए। डेविड मिलर ने इस टीम के विरुद्ध 36.83 की औसत और 121.09 की स्ट्राइक रेट से 442 रन अपने नाम किए हैं। लेग स्पिनर राशिद खान ने डीसी के खिलाफ 15 मैचों में 20 विकेट चटकाए हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स के इन खिलाड़ियों का रहा उम्दा प्रदर्शन

दिल्ली कैपिटल्स की मौजूदा टीम से जीटी के खिलाफ अक्षर पटेल ने 3 मैचों में 126.78 की स्ट्राइक रेट से 71 रन बनाए। इस बीच 36 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा। कप्तान ऋषभ पंत ने इस टीम के विरुद्ध अपनी इकलौती पारी में 43 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने जीटी के खिलाफ 3 मैचों में इकॉनमी रेट से 5 विकेट चटकाए हैं।

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दोनों टीमों ने खेले 10 मैच

आईपीएल में नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 30 मैच खेले हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 14 मैच जीते हैं और पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों ने 16 मुकाबले अपने नाम किए हैं। जीटी ने इस मैदान पर कुल 13 मैच खेले हैं, जिसमें से 8 जीते हैं और 5 में शिकस्त झेली है। दिल्ली ने यहां पर 6 मैच खेले हैं, जिसमें 4 में जीत और 2 में ही हार झेली है।

खास खबर

## गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला, संयुक्त बढ़त बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं जबकि अलीरेजा 3.5 अंक और अबासोव दो अंक लेकर दौड़ से बाहर हो गये हैं। मंगलवार को आराम का दिन रहा जिससे मुकाबले आज बुधवार से शुरू होंगे।



## आरसीबी के मैक्सवेल ने लिया 'मानसिक और शारीरिक' ब्रेक

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने बल्लेबाजी में अपनी खराब फॉर्म के चलते आईपीएल से अनिश्चितकालीन 'मानसिक और शारीरिक' ब्रेक लेने का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को आरसीबी के मैच के लिए मैक्सवेल को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। इसका कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच के दौरान लगी ऊंगली की चोट बताया गया था लेकिन बाद में मैक्सवेल ने खुद को टीम से बाहर करने की बात स्वीकार कर ली। ज्ञात हो कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह छह मैच में बल्ले से कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके हैं, उन्होंने 94 के स्ट्राइक रेट से महज 32 रन जुटाये हैं। बल्कि इसमें से 28 रन तो उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बनाये थे।





**यूनान में प्रज्ज्वलित की गई पेरिस ओलंपिक मशाल**

**पेरिस।** ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गई। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गए। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिए रहती थी। मंगलवार को एक 'बैकअप लौ का उपयोग किया गया था जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था। मशाल को मशालधारियों की एक रिले द्वारा प्राचीन ओलंपिया के खंडहर मंदिरों और खेल मैदानों से ले जाया जाएगा। यूनान में रिले की 11 दिवसीय यात्रा एथेंस में पेरिस 2024 के आयोजकों को 26 अप्रैल को मशाल सौंपने के साथ समाप्त होगी।

## बीसीबी की दरियादिली, मुस्तफिजुर को दी 1 मई को मैच खेलने की मोहलत

एजेंसी ▸▸| मुंबई

ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स बेहतरीन फॉर्म में चेल रही है। टीम 6 में से 4 मैच जीतकर अंक तालिका में तीसरे नंबर पर है। इस बीच डिफेंडिंग चैंपियंस को अच्छी खबर मिली है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले के लिए उपलब्ध होंगे।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के लिए उनकी छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। बाएं हाथ के गेंदबाज ने सीएसके के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। बीसीबी ने पहले मुस्तफिजुर को आईपीएल के लिए 30 अप्रैल तक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया था, लेकिन बोर्ड ने अब उन्हें अपने फ्रेंचाइजी के लिए एक और मैच खेलने के लिए एक और दिन रुकने की अनुमति दे दी है।



मुस्तफिजुर को 30 अप्रैल के बाद वापस लौटना था इस मामले की जानकारी देते हुए बीसीबी अधिकारी ने कहा मुस्तफिजुर को 30 अप्रैल के बाद वापस लौटना था, लेकिन अब हमने उन्हें 1 मई को उनके मैच के लिए रुकने की अनुमति दे दी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज 3 से 12 मई तक के लिए उनके 2 मई को आने की उम्मीद है, बाद में हम उन्हें रिलीज करने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि हम उन्हें विश्व कप से पहले कुछ दिनों के लिए आराम देना चाहते हैं।"बांग्लादेश को अमेरिका की परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए 21-25 मई तक अमेरिका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप स्टेज में 4 मैच में से 2 मैच उसे अमेरिका में खेलना है।

बांग्लादेश ने इससे पहले अमेरिका में केवल दो टी20 मैच खेले हैं।

### हम पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहते हैं

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में बार बार रिकॉर्ड स्कोर बनाकर टी20 बल्लेबाजी को एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है और ट्रेविस हेड का कहना है कि उनकी रणनीति का मुख्य हिस्सा पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन जुटाना रहा है। हेड ने सोमवार को 39 गेंद में 100 रन की पारी खेलकर सनराइजर्स हैदराबाद को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने में मदद की।

कीवी टीम के प्रमुख खिलाड़ी खेल रहे आईपीएल में

# पाकिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज कल से

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच गुरुवार 18 अप्रैल से 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। न्यूजीलैंड के कई प्रमुख खिलाड़ी इस समय इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा ले रहे हैं और ऐसे में माइकल ब्रेसवेल की कप्तानी में टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। दूसरी तरफ पाकिस्तान की कमान बाबर आजम संभालेंगे। दोनों टीमों के बीच हुए टी-20 क्रिकेट में दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पाकिस्तान हमेशा न्यूजीलैंड पर हावी रही है।



### दोनों देशों के इन बल्लेबाजों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच हुए टी-20 मैचों में सर्वाधिक रन पाकिस्तानी कप्तान ने 21 मैचों में 755 रन बनाए हैं। उनके बाद इस सूची में केन विलियमसन और मोहम्मद रिजवान हैं। विलियमसन ने पाकिस्तान के विरुद्ध 667 रन बनाए हैं। मोह. रिजवान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 622 रन बनाए हुए हैं। मार्क चैपमैन ने 415 रन बनाए हैं। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैचों में सिर्फ बाबर, चैपमैन और फिन एलन ने 1-1 शतक लगाए हैं। दोनों देशों के बीच सर्वाधिक अर्धशतक बाबर (7) ने लगाए हैं। इन गेंदबाजों ने किया है कमाल दोनों देशों के बीच टी-20 मैचों में सर्वाधिक विकेट टिम साउथी ने लिए हैं।

### पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी

दोनों देशों की टी-20 क्रिकेट में भिड़ंत की बात करें तो पाकिस्तान टीम का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 39 टी-20 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें से 21 पाकिस्तान ने जीते हैं, जबकि कीवी टीम 17 मुकाबले ही अपने नाम कर सकी है। इनके अलावा 1 मैच बेनतीजा रहा है। विशेष रूप से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 6 में से 5 मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने पाक धरती पर खेली है इकलौती टी-20 सीरीज पाकिस्तान की धरती पर न्यूजीलैंड ने 2 टी-20 जीते हैं और इतने में ही शिकस्त झेली है।

**Sri Guru Tegh Bahadur Khalsa College**
(An ISO:9001:2015/Certified Minority Institute)
Mahanadda, Nagpur Road, Jabalpur(M.P.)

**Recruitment Of Faculty Positions**

Applications are invited from qualified and experience Candidates for the following position under the college code 28.

| Programm | Post | Vacant Position |
|---|---|---|
| MBA | Director/Principal | 01 |
| | Professor | 02 |
| | Associate Professor | 03 |
| | Assistant professor | 07 |

Eligibility: As per the University/AICTE norms
Eligible and interested candidates can submit personally at college or mail their resume along with all supporting documents and two passport size photograps to sgtbkhalsacollegeoffice@gmail.com. on or before 02nd May 2024.
**Phone : 0761-2427251,9425604024,7987094603**
*Under self financing scheme.
Secretary

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**वीएचएफ सेट हेतु आर.एम.सी. के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए व उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** ST-RMC-5-25-WATTS-VHF-24 दिनांक: 12.04.2024 **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में 3 साल के लिए 5/25 वॉट्स के सिम्प्लेक्स वीएचएफ सेट के लिए मरम्मत रखरखाव अनुबंध (आरएमसी)।
**निविदा मूल्य:** ₹ 3,09,031.50
**बिड सेक्युरिटी:** ₹ 6,200.00
**समापन अवधि:** 3 (तीन) वर्ष
**निविदाएं प्रस्तुत करना:** बोलीदाता केवल उपरोक्त निविदा के लिए अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **03.05.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।
**वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/02-06
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध इंजीनियरींग कार्य**
**ई-निविदा सूचना**

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर,** निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है।
**क्र. सं.: 1. कार्य का नाम: (1) अपग्रेडेशन/इम्प्रूवमेंट ऑफ एक्सिस्टिंग अॅन्ड प्रपोस्ड रोलिंग इन/आउट हट ऑफ NAB अंडर दि ज्यूरिसडिक्शन ऑफ एडीईएन/नागभीड, (2) डीवॉटरिंग ऑफ LHS एट GCF-36, GCF-45, GCF-49, GCF-62, GCF-70, GCF-86, GCF-91, GCF-93 अॅन्ड GCF-129 (टोटल 09 नंबर्स) इन बिटविन गोंदिया-चांदाफोर्ट सेक्शन फॉर ए पिरियड ऑफ टू इयर्स अंडर दि ज्यूरिसडिक्शन ऑफ एडीईएन/NAB. निविदा सूचना सं.:** S-02-NGP-2024-2025. **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 51,62,457/-. **बिड सिक्युरिटी:** ₹ 1,03,300/-.
**क्र. सं.: 2. कार्य का नाम: सप्लाय ऑफ AT वेल्डिंग पोरशन फॉर 60 Kg 90 UTS/60 E1 R 260 ग्रेड रेल्स युज़िंग कम्प्रेस्ड एअर पेट्रोल प्रि-हीटिंग सिस्टम, 3 पिस प्रि-फैब्रिकेटेड मोल्ड्स् (जिरकॉन वाश्ड) मैन्युअलि प्रेस्ड युज़िंग सिंगल शॉट क्रूसिबल फिटेड विथ आटोमेटिक टैपिंग थिंबल फॉर वेल्डिंग ऑफ रेल जॉईंटस इन नागपुर डिविजन। निविदा सूचना सं.:** E-04-NGP-2024-2025. **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,97,29,079/-. **बिड सिक्युरिटी:** ₹ 2,48,650/-.
उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिए, बोलीकर्ता अपने मूल/संशोधित बोलियों को केवल दिनांक **10.05.2024** के 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है। विवरण हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
*मंडल अभियंता (दक्षिण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर.*
अपेक्स/02/08
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




7 सहायक समिति प्रबंधकों के आदेश, अनुमोदन और कमेटी की एक ही तारीख

**समिति प्रबंधक नियुक्ति का मामला**

# नित हो रहे खुलासे में अधिकारियों का एक और कारनामा उजागर

हरिभूमि, जबलपुर।

**हरिभूमि फॉलोअप**

प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में कार्यरत सहायक समिति प्रबंधकों (संवर्ग) जिला जबलपुर एवं कटनी की कैडर भर्ती में सहायक समिति प्रबंधक से प्रबंधक नियुक्ति के मामले में अधिकारियों का एक और बड़ा कारनामा सामने आया है। जिसमें सहायक प्रबंधक पद पर एक ही दिनांक में आदेश कमेटी व अनुमोदन दिनांक अंकित है। बैंक और सहकारिता विभाग का यह कारनामा स्वयं परीक्षण समिति द्वारा सामने लाया गया था।

दरअसल भर्ती पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जबलपुर द्वारा एक परीक्षण समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा भर्ती की जाने वाले सहायक प्रबंधकों के मूल दस्तावेजों की जांच की गई थी। जांच के उपरांत जब समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी तो उसमें व्यापक अनियमितताऐं होने की बात की थी। रिपोर्ट में कहा गया कि पात्र आवेदकों की सूची क्रमांक 2, 3, 6, 12, 19, 20 एवं 21 में दर्शित आवेदकों के समक्ष सहायक समिति प्रबंधक पद का आदेश / कमेटी दिनांक एवं अनुमोदन दिनांक एक ही अंकित है।


समिति प्रबंधक नियुक्ति का मामला
अनुमोदन पहले हो गया और बाद में कर दी सहायक प्रबंधक की नियुक्ति
▸ पैसों के लेनदेन में कर दिया बड़ा घोटाला ▸ कलेक्टर को भी नहीं लगने दी भनक
नियुक्ति 2010 के सेवा नियम के तहत होना थी
नियुक्ति में हो गया खेल

## नियुक्ति 2010 के सेवा नियम के तहत होना थी

बताया जाता है कि मप्र शासन का नियुक्तियों को लेकर स्पष्ट आदेश है कि सेवा भर्ती नियम 2010 के अनुरूप ही नियुक्ति होना थी, परंतु जो 27 लोगो की सूची जारी हुई है उसमें कुछ ऐंसे लोग भी जिन्होंने 2013 में ही सोसायटी में काम करना शुरू किया। यही नहीं एक नियुक्ति तो ऐसी है जिसने 2020 में ही सहायक प्रबंधक बनाया गया था, जबकि कैडर भर्ती में 5 साल का अनुभव मांगा था।

## सूची में इनकी हुई है नियुक्ति

सहायक प्रबंधक से समिति प्रबंधक बनाए गए सूची के अनुसार अजीत कुमार यादव पिता स्वः गिरधारी लाल यादव बहोरीबंद, रामजी पटेल पिता विष्णु पटेल गोसलपुर, मनोज कुमार द्विवेदी पिता रामसिया द्विवेदी, बड़वारा, सुबोध शर्मा पिता महेश शर्मा शहपुरा, अनुज कुमार रघुवंशी, पिता कोदूलाल रघुवंशी विजयराघवगढ़, रमेश तिवारी पिता गया प्रसाद तिवारी विजयराघवगढ़, राजेश नंदेसरिया पिता रूपलाल नंदेसरिया चरगवां का नाम शामिल है, जिनका सहायक समिति प्रबंधक पद का आदेश / कमेटी दिनांक एवं अनुमोदन दिनांक एक ही अंकित है।

## ये कैसे संभव हुआ

बताया जाता है कि आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक व सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा की गई नियुक्ति में अनुमोदन जिला पंजीयक को करना था। परंतु जिनकी नियुक्ति होना थी उनके पास नियुक्ति प्रमाण पत्र ही नहीं थे, तब आनन- फानन में इस कृत्य को अंजाम दिया गया। इसमें तत्कालीन जिला पंजीयक अखिलेश निगम जिनको कलेक्टर के अनुमोदन पर निलंबित किया गया था उनकी भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। कलेक्टर को बिना बताये अपनी मर्जी से नियुक्ति कर दी गई। इसकी सूक्ष्मता से जांच होगी तो बैंक के अनेक कर्मचारियों की मिलीभगत भी सामने आ सकती है, जिन पर अधिकारियों का हाथ है।

## अपने स्तर पर करवा रहा हूं जांच

मुझे भी आपके माध्यम से जानकारी मिली है। इसकी जांच अपने स्तर पर करवा रहा हूं और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। मैं सिर्फ भोपाल से आने वाली जांच टीम का इंतजार रहा हूं।

सीएस पटले
सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जबलपुर

## सेवानिवृत्त कर्मियों को एक वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ देने के निर्देश

**जबलपुर**। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलीमठ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जल संसाधन विभाग, वन विभाग और अन्य विभागों से सेवानिवृत्त हुए एक दर्जन से अधिक कर्मयों को एक वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ देने के निर्देश दिए। हरदा निवासी राय सिंह चौहान, रतनलाल राजपूत व अन्य की ओर से अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी एक जुलाई को नोशनल इंक्रीमेंट प्राप्त करने के हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अगस्त 2023 को एक फैसले में व्यवस्था दी है कि एक जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को भी वार्षिक वेतनवृद्धि दी जाए। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार याचिकाकर्ताओं को भी उक्त लाभ देने के निर्देश दिए।

नागपुर हाइवे पर लगा रहा जाम..!

# डामर से भरे कंटेनर पलटे

**जबलपुर**। भेड़ाघाट थाना अतंर्गत अंधमूक बायपास पर मंगलवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां पर डामर के ड्रमों से भरा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस हादसे के बाद जबलपुर नागपुर हाइवे पर करीब 1 घंटे तक जाम लग गया था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में कंटेनर को क्रेन की मदद से उठवाया गया, तब जाकर यातायात बहाल हो सका। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 7 बजे के लगभग राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अंधमूक बायपास रोड पर चलाए जा रहे रिपयेरिंग का काम के दौरान सड़क पर एक गड्ढा खोदा गया, इसी गड्ढे में कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया गया है कि मंगलवार की सुबह 7 बजे डामर के ड्रमों को लेकर मुम्बई से बनारस की ओर जा



रहा कंटेनर का चका गड्ढे में चला गया, जिससे कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया। कंटेनर के पलटने से डामर से भरे ड्रम सड़क पर गिरकर फैल गए। कंटेनर पलटने के बाद यहां हड़कंप मच गया। वहीं राजमार्ग पर जाम के हालत बन गए। दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने स्थानीय लोगों की मदद से ड्रम हटवाए, इसके बाद कंटेनर को हटवाने की व्यवस्था की7 दुर्घटना के बाद इस नागपुर हाईवे रोड पर ढाई घंटे तक जाम के हालात बने रहे। दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि एनएचएआई द्वारा बीच सड़क पर गड्ढा खोदा गया था जिसके आसपास न ही बैरीकेटिंग की गई थी, न ही कोई संकेतक लगाए गए थे. जिसके कारण यह हादसा हुआ।

## चोरी के मामले की जांच जल्द पूरी करेंः हाईकोर्ट

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सतना के कोलगवां पुलिस को निर्देश दिए कि चोरी के मामले की जांच जल्द से जल्द पूरी करें। सतना निवासी मोनिका अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके घर में घुस कर नगद और अन्य सामान की चोरी हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जांचकर्ता अधिकारी प्रकरण को सुलझाने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। अभी तक पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त नहीं किए हैं। पुलिस के सुस्त रवैये के कारण चोर पकड़े नहीं जा रहे हैं। वहीं शासन की ओर से दलील दी गई कि एफआईआर दर्ज करने के बाद उचित जांच चल रही है।







Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offer amount & combination of offers may vary as per model. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Terms & Conditions apply. #Starting Ex-showroom Price of HF-100 in Bhopal.

**अधिकृत डीलरः** **जबलपुरः** सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), **बालाघाटः** जायसवाल हीरो 9289922572, **छतरपुरः** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **छिन्दवाड़ाः** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डलाः** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुरः** रचना हीरो 9289922377, **रीवाः** बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9289922368, इलाहाबाद रोड 9826135163), **सतनाः** स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, **शहडोलः** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनीः** हर्ष हीरो 9289923166, **वैढ़नः** कुन्दन हीरो 9289922743, **सीधीः** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **टीकमगढ़ः** आनंद हीरो 9289923112, **सिवनीः** सुदर्शन हीरो 9821745435, **अधिकृत ए.एस.सीः** **रीवा**-आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा**-अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्योहारी**-श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुढ़ार**-श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी**-अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर**-स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा**-शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव**-लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा**-सिटी ऑटोमोबाईल्स 9300531311, **मैहर**-वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मउगंज**-सेंगर मोटर्स 9425185568, **चौरई**-श्रीजी ऑटोमोबाईल्स 7428390264, **लांझी**-श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांढुरना**-जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **परासिया**-श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान**-साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी**-गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा**-बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया**-गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी**-रुसिया मोटर्स 9425822392 , **जतारा**-शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **टीकमगढ़**-एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** **छिन्दवाड़ाः** सत्कार हीरो 9289922805

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### अधिकारी पहुंचे कृषि विश्वविद्यालय

# अंतिम चरण में मतदान की तैयारी

जबलपुर।

मतदान की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने जेएनकेव्हीव्ही परिसर पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण व वापसी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, नगर निगम कमिश्नर प्रीती यादव, अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड और सभी एआरओ व नोडल अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सक्सेना ने निरीक्षण में सभी नोडल अधिकारियों और एआरओ को मतदान सामग्री वितरण व वापसी के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुये कहा कि मतदान सामग्री का वितरण व वापसी के समय मतदान दल को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मतदान सामग्री का वितरण जेएनकेव्हीव्ही परिसर से 18 अप्रैल को सुबह 7.30 बजे से शुरू हो जायेगा, स्ट्रांग रूम सुबह 4.30 बजे खुलेगा। विधानसभा पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर और सिहोरा के लिये मतदान सामग्री वितरण जेएनकेव्हीव्ही परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाउस के पीछे से होगा और विधानसभा जबलपुर पश्चिम और पनागर के लिये मतदान सामग्री वितरण कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे का परिसर तथा विधानसभा केंट का मतदान सामग्री वितरण स्ट्रांग रूम भवन परिसर से होगा। निरीक्षण के दौरान वाहनों की पार्किंग आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये।



#### मद्देनजर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

लोकसभा का शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराने जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से 19 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने तक जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शामिल जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच से अधिक व्यक्तियों के एक साथ एकत्र होने और एक साथ आवाजाही करने को निषिद्ध कर दिया है। जिला दण्डाधिकारी ने प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 126 के अंतर्गत मतदान समाप्त होने के नियत समय के 48 घण्टे पूर्व यानी 17 अप्रैल की शाम 6 बजे चुनावी प्रचार अभियान समाप्त हो जायेगा । इस अवधि के बाद सार्वजनिक सभायें नहीं की जा सकेंगी तथा लाउड स्पीकर का उपयोग भी पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा । उम्मीदवारों या राजनैतिक दलों को केवल घर-घर जाकर प्रचार करने की छूट रहेगी । प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार मतदान समाप्त होने के नियत समय के 48 घन्टे पूर्व 17 अप्रैल की शाम 6 बजे के बाद समस्त प्रचार वाहनों की अनुमतियां स्वत निरस्त हो जायेंगी । उम्मीदवारों को मतदान दिवस हेतु रिटर्निंग अधिकारी से वाहनों के उपयोग की पृथक से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

#### बंद रहेंगी शराब दुकानें

लोकसभा का निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने एक आदेश जारी कर मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घण्टे पूर्व की अवधि से मतदान समाप्ति की अवधि तक सम्पूर्ण जिले की राजस्व सीमा में शुष्क दिवस घोषित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा जारी किये गये इस आदेश के मुताबिक जिले की राजस्व सीमा में मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घण्टे पूर्व अर्थात 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से मतदान की समाप्ति अर्थात 19 अप्रैल की शाम 6 बजे तक शुष्क दिवस रहेगा । इसी प्रकार 4 जून को मतगणना के दिन को भी शुष्क दिवस घोषित किया गया है । शुष्क दिवस की अवधि में जिले की सभी मदिरा दुकानों, एम्बी वाईन आउटलेट, देशी मद्य भण्डारागार जबलपुर एवं सिहोरा तथा विदेशी मदिरा मद्य भण्डारागार करमेता से मदिरा का विक्रय, परिवहन अथवा प्रदाय को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। आदेश के अनुसार जिले के सभी मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति के अन्य पदार्थ का भी विक्रय, संग्रहण, एवं परिवहन भी प्रतिबन्धित रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आबकारी एवं पुलिस विभाग को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।



# अचानक अल्प प्रवास पर पहुंचे संघ प्रमुख

### केशव कुटी में स्वयंसेवकों से की चर्चा

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत का मंगलवार की सुबह रेल मार्ग से जबलपुर आगमन हुआ. वे रेलवे स्टेशन से सीधे संघ के महाकौशल प्रांत के मुख्यालय राइट टाउन स्थित केशव कुटी पहुंचे. यहां वे करीब एक घंटे तक रुके, उन्होंने यहां आरएसएस के पदाधिकारियों से चर्चा की और बाद में सड़क मार्ग से पुंडलपुर दमोह के लिए रवाना हो गए। लोकसभा चुनाव के बीच पिछले 1 पखवाड़े में यह उनका दूसरा जबलपुर दौरा था। कहा तो जा रहा है कि वे नागपुर से दमोह में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जबलपुर पहुंचे थे लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर उनके जबलपुर दौरे को लेकर अहम माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत रेल मार्ग से मंगलवार की सुबह जबलपुर पहुंचे. कड़ी सुरक्षा के बीच मोहन भागवत राइट टाउन स्थित केशव कुटी पहुंचे. श्री भागवत ने केशव कुटी में संघ कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की. एक घंटे रुकने के बाद से वे सड़क मार्ग से कुंडलपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ संघ कार्यकर्ता भी दमोह के लिए रवाना हुए हैं. मोहन भागवत मंगलवार की शाम को ही दमोह से वापस जबलपुर पहुंचे और यहां कुछ देर विश्राम करने के बाद रेल मार्ग से नागपुर के लिए रवाना हो गए।



## गैरीसन ग्राउंड के पास मिली भरी पिस्टल

**जबलपुर।** केंट थाना अतंर्गत गैरीसन ग्राउंड के पास मंगलवार की सुबह-सुबह एक लोडेड पिस्टल मिलने से हड़कंप मच गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने जब इस पिस्टल को देखा तो उन्होंने इसकी सूचना केंट थाने को दी। केंट पुलिस मौके पर पहुंची और यहां से पिस्टल को जब्त किया। बताया गया है कि पिस्टल में कारतूस भी लोड थे और कवर के अंदर पिस्टल बंद थी। फिलहाल पुलिस मामलें की जांच कर रही है कि पिस्टल किसकी है और यहां कैसे पहुंची।

### प्रतिबंधों को उल्लंघन करने पर 2 साल की सजा का प्रावधान

# आज शाम थम जायेगा चुनाव प्रचार

जबलपुर।

लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। यह मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व आज बुधवार को 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा। आज शाम 6 बजे के बाद चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार या राजनीतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए न तो जुलूस एवं आम सभाएं आयोजित कर सकेंगे और न ही लाउड स्पीकर का उपयोग कर सकेंगे। इन 48 घंटों के दौरान उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्प कर सकेंगे। निष्पक्ष, निर्भीक पारदर्शी निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन ने पूरे इंतजाम किए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों व उनके कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया जाए। जिला प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी करेगी। कही भी नियमों का उल्लघंन पाए जाने पर



नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक मतदान के बंद होने के ठीक पूर्व के अड़तालीस घंटों के दौरान सार्वजनिक सभाओं, लाउड स्पीकर और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा। इस कालावधि के दौरान उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन के संबंध में कोई जूलूस एवं सार्वजनिक सभा आयोजित नहीं की जा सकेगी और न ही इस तरह की किसी सभा या जुलूस में वो शामिल हो सकेगा अथवा संबोधित कर सकेगा। चल चित्र-यंत्र टेलीविजन या अन्य इसी प्रकार के यंत्र या उपकरणों के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी मामले का जनसाधारण को प्रदर्शन इस दौरान प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मतदान समाप्त होने के पूर्व के 48 घंटों के दौरान उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा जनसाधारण को आकर्षित करने की दृष्टि से किसी संगीत गोष्ठी, नाटय़ अभिनय या अन्य मनोरंजन आमोद-प्रमोद का आयोजन करके अथवा आयोजन की व्यवस्था करके निर्वाचन संबंधी मामले का प्रचार नहीं किया जा सकेगा। आयोग ने चेतावनी भी दी है कि यदि इन प्रतिबंधों का उल्लंघन किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी और उसे दो वर्ष के कारावास या जुर्माने की अथवा दोनों की सजा से एक साथ दण्डित किया जा सकेगा।

# तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी की संभावना

### बादलों के बीच गर्मी के तेवर तल्ख

जबलपुर।

आसमान बादलों की आवाजाही बनी हुई है। लेकिन बहुत हद तक पश्चिमी विक्षोप का असर बना हुआ है। अगले 24 घंटें के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। फिलहाल मंगलवार को मौसम शुष्क रहा। बादलों की वजह से पारे में 39 डिग्री पर स्थिरता बनी हुई है। पिछले 3 दिनों से पारा 38 से 39 डिग्री के ऊपर चल रहा है। दिन में जलती चुभती गर्मी में सड़कें सूनी हो जाती हैं और सन्नाटा पसर जाता है। मौसम का असर बाजारों पर भी देखा जा रहा है। दोपहर में बाजार सूने हो जाते हैं। पश्चिमी हवाओं के कारण वातावरण गर्म बना हुआ है। गर्मी अपने आक्रामक तेवर दिखा रही है। बादलों की वजह से रात में उमस बन जाती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जम्मू काश्मीर से आये पश्चिमी विक्षोप के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में मौसम बदला बदला रहा। पड़ोसी जिलों में अच्छी खासी बारिश हुई। जिससे जबलपुर और आसपास ठण्डी हवाएं चलती रहीं। लेकिन मंगलवार की सुबह से मौसम के तेवर तल्ख हो गये। शाम को फिर बादल छाए और तेज गड़गड़ाहट के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। पश्चिमी विक्षोप का असर अभी बना हुआ है जिससे बादलों की आवा-जाही हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र से बताया गया कि पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक, न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 57 प्रतिशत और सायंकाल 32 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे के दौरान 4.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। शहर में दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग में तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.6 और न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 42 डिग्री तापमान बड़वानी जिले में दर्ज किया गया।



### मारपीट पर अदालत उठने तक की सजा

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विश्वेश्वरी मिश्रा की अदालत ने मारपीट के आरोपित जबलपु निवासी शांतनु सराफ का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ अदालत उठने तक की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अरुणप्रभा भारद्वाज ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कोतवाली पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्रकरण कायम किया था। दरअसल, आरोपित ने अनुराग वर्मा को 29 मई, 2016 को रात नौ बजे रास्ते में रोककर गाली-गलौच शुरू कर दी थी। यही नहीं मारपीट भी कर दी। इसकी वजह पुरानी रंजिश थी। अनुराग के मित्र मयंक जैन, बंटी सोनी व दीपक सराफ ने बीच-बचा किया था। जिसके बाद आरोपित वहां से भाग गया था।

## तीन दिनों में 460 चुनाव कर्मियों ने किया डाक मतपत्र से मतदान

**जबलपुर।** तीन दिनों तक डाक मतपत्र से मतदान करने की दी गई सुविधा के तीसरे और अंतिम दिन 163 चुनाव शासकीय कर्मियों ने मॉडल स्कूल पहुँचकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया । इस प्रकार तीन दिनों में ऐसे 460 शासकीय कर्मचारी डाक मतपत्र से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया जिनकी डय़ूटी अपने निर्वाचन क्षेत्र जहाँ के वे मतदाता हैं से अलग दूसरे जिलों में चुनाव कराने लगाई गई है । इन शासकीय सेवकों के लिये डाक मतपत्र से मतदान करने मॉडल स्कूल में तीन फेसिलिटेशन सेंटर बनाये गये थे । दूसरे जिलों में चुनाव डय़ूटी पर तैनात शासकीय सेवकों को डाक मत पत्र से मतदान की सुविधा 14 अप्रैल से दी गई थी।

## आयुर्वेद महाविद्यालय में 2 सौ बच्चों का हुआ स्वर्ण प्राशन संस्कार

**जबलपुर।** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय गौरीघाट में मंगलवार को नवजात शिशुओं से लेकर सोलह वर्ष की आयु तक के 2 सौ 63 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. एल.एल. अहिरवाल के निर्देशों पर आयोजित इस कार्यक्रम में शिशु एवं बालरोग विभाग की डॉ गीता पाण्डेय एवं डॉ सुनील कुमार जैन द्वारा बच्चों का परीक्षण कर उनकी आयु के अनुसार अलग-अलग मात्रा में स्वर्ण बिंदु पिलाया गया। स्वर्ण बिंदु का निर्माण स्वर्ण भस्म, गौघृत और शहद के मिश्रण से किया जाता है। इसकी प्रत्येक बूंद में 1.6 मि.ग्रा. स्वर्ण भस्म से होता है।

## विद्युत कंपनियों के अधिकार कागजों तक सीमित रह जाएंगे

### इलेक्ट्रिसिटी सप्लाय कोड में संशोधन का विरोध

जबलपुर।

विद्युत प्रदाय संहिता 2021 में समूह प्रयोव्ता को एकल बिंछु पर बिजली आपूर्ति प्राप्त करने की पात्रता रखने के पीछे उद्देश्य यह था कि इसस प्रेंचाईजी शुरु करने का रास्ता खुल जाएगा।

लेकिन अब प्रस्तावित संशोधन में रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को क्षेत्र में रहने वालें उपभोव्ताओं से बिल तथा सेवा शुल्क वसूलने के अधिकार देने से वह विच्छेदकारी प्रेंचाईजी बनेगी, क्योंकि यह कार्य सोसायटी या रेसीडेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी करेंगे तो रहवासियों में आपसी तनाव था विवाद निर्माण होंगे, ऐसे में यह विच्छेदकारी प्रेंचाईजी बन जाएगी। रहवासियों में बिजली बिल वसूली में फेल होकर आर्थिक नुकसान पहुंचाने वालें कालोनियों पर बिजली कंपनियां कार्रवाई नहीं कर पाएगी, क्योंकि कॉलोनियों में वोटर्स होने के कारण वितरण कंपनियां राजनीतिक दबाव में रहेगी। विद्युत अधिनियम के धारा 48(बी) के तहत वितरण कंपनियों के मिले अधिकार कागजों पर ही सीमित हेंगे।



# कल होगा मतदान दलों को सामग्री का वितरण

**जबलपुर। जबलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव कराने गठित मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण गुरुवार 18 अप्रैल की सुबह जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर से होगा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने पूर्व में घोषित मतदान सामग्री वितरण के समय में परिवर्तन किया है। परिवर्तित समय के मुताबिक मतदान सामग्री के वितरण के लिये तैनात सभी कर्मचारियों को 18 अप्रैल की सुबह 4.30 बजे वितरण स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये ।**

इसी समय स्ट्रांगरूम भी खोला जायेगा और ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनें निकाली जायेंगी । मतदान सामग्री वितरण के समय मे हुये परिवर्तन के अनुसार जबलपुर लोकसभा क्षेत्र की पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री प्राप्त करने सुबह 7.30 बजे कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाउस ग्राउंड में उपस्थित रहना होगा। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट, जबलपुर पश्चिम और पनागर के मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री का वितरण कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज के पीछे स्थित परिसर से किया जायेगा । इन तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने तैनात मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्त करने सुबह 8.30 बजे वितरण स्थल पर मौजूद रहने के निर्देश दिये गये हैं। मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों की मतदान केंद्रों के लिये रवानगी सुबह लगभग 9 बजे से तथा जबलपुर केंट, जबलपुर पश्चिम और पनागर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों की रवानगी सुबह लगभग 10 बजे से प्रारंभ हो जायेगी । मतदान दलों के साथ जाने वाले सुरक्षा कर्मियों को रवानगी के आधा घण्टे पूर्व संबंधित मतदान दल के टेबल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

#### मतदान दलों का तीसरा रेंडमाइजेशन आज

लोकसभा चुनाव में मतदान कराने गठित मतदान दलों एवं माइक्रो ऑब्जर्वरों का तीसरा रेंडमाइजेशन बुधवार को शाम 5 बजे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में आयोजित किया जायेगा। सामान्य प्रेक्षक श्री प्रांजल यादव तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की मौजूदगी में आयोजित रेंडमाइजेशन की इस प्रक्रिया में मतदान दलों एवं माइक्रो ऑब्जर्वरों के मतदान केंद्रों का निर्धारण तथा रिजर्व दलों का चिन्हांकन किया जायेगा। मतदान दलों एवं माइक्रो ऑब्जरवर्स का तीसरा रेंडमाइजेशन निर्वाचन आयोग के सीईएमएस सॉफ्टवेयर से किया जायेगा।

#### आज शाम होगी सामग्री वितरण की मॉकड्रिल

लोकसभा का चुनाव कराने गठित मतदान दलों की मतदान सामग्री वितरण की मॉकड्रिल बुधवार 17 अप्रैल को शाम 4 बजे जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सामग्री वितरण के लिये नियुव्त सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर अपने विधानसभा क्षेत्र के वितरण केन्द्र पर मौजूद रहने के निर्देश दिये हैं। ईव्हीएम वितरण के लिये नियुव्त कर्मचारियों एवं रिजर्व कर्मचारियों को भी संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी मंच के पास उपस्थित रहने कहा गया है।

# 12 साल बाद गुरु आदित्य योग में आज मनेगा भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव



चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर 17 अप्रैल को 12 साल बाद गुरु आदित्य योग में रामनवमी मनाई जाएगी। मध्याह्नकाल में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनेगा। शंख, घंटे घड़ियाल की मंगल ध्वनि के साथ जन्म आरती होगी। भक्तों को महाप्रसादी का वितरण होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार 17 अप्रैल को बुधवार के दिन अश्लेषा नक्षत्र, शूल योग, कोलव करण व कर्क राशि के चंद्रमा की साक्षी में राम जन्म का पर्व मनाया जाएगा। ग्रह गोचर की गणना से देखें तो इस बार गुरु आदित्य के संयोग में रामनवमी का त्यौहार आ रहा है।

रामनवमी के दिन गुरु व सूर्य एक साथ मेष राशि में रहेंगे। सूर्य व गुरु का एक साथ एक राशि में मौजूद होना गुरु आदित्य योग का निर्माण करता है। सूर्य मेष राशि में उच्च के माने जाते हैं और गुरु समकारक मित्र है। इस दृष्टि से इस योग में किया गया धार्मिक कार्य चिरकाल तक समृद्धि का कारण बनता है।

### 12 वर्ष में बनता है एक बार संयोग

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों के राशि परिवर्तन की स्थिति अलग-अलग प्रकार से होती है। कुछ ग्रह 30 से 40 दिन में राशि परिवर्तन करते हैं। शनि ढाई वर्ष में तथा बृहस्पति का राशि परिवर्तन एक वर्ष में होता है। वर्तमान ग्रह गोचर की गणना से देखें तो इस बार रामनवमी पर बृहस्पति मेष राशि में गोचरस्थ रहेंगे और सूर्य के साथ युति संबंध बनाएंगे। बृहस्पति व सूर्य मेष राशि पर 12 वर्ष बाद आ रहे हैं। इस दृष्टि से यह गुरु आदित्य योग 12 वर्ष में बन रहा है। यह एक विशेष प्रकार की धार्मिक और आध्यात्मिक स्थिति है। क्योंकि सूर्य और गुरु दोनों धर्म के कारक ग्रह हैं। इससे धर्म के प्रचार प्रसार की स्थिति बनेगी। आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से लोग परम शक्ति को समझने का प्रयास करेंगे।

### मनोकामना अनुसार रामनवमी से वर्षभर करें यह पाठ


**-श्री राम मंगल शासनम- नेतृत्व क्षमता प्राप्त होगी।**
**श्री राम स्तुति- भक्ति का अनुभव होगा।**
**श्री रमाष्टकम- समस्त प्रकार के संकट समाप्त होंगे।**
**श्री राम स्तवन- शारीरिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।**
**रामायण जी का बालकांड- संतान सुख की प्राप्ति होगी।**
**सुंदरकांड- ग्रहों की पीड़ा से मुक्ति मिलेगी, संकट समाप्त होंगे।**
**उत्तर रामायण का पारायण- पारिवारिक सुख शांति प्राप्त होगी।**
**नव्हान पारायण- ज्ञान, भक्ति, वैराग्य व आध्यात्मिकता प्राप्त होगी।**



### आंसुओं की धार से सुदामा के पग धोए

# सुदामा का नाम सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण सिंहासन छोड़ मिलने दौड़े

**सिहोरा।** पंडित विष्णु दत्त शुक्ल जी की बखरी में स्व श्रीमती मुन्नी बाई राजेंद्र प्रसाद क़ुररिया की स्मृति में आयोजित सिहोरा पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रीमद्भागवत पुराण कथा मे पंडित इंद्रमणि त्रिपाठी ने श्रीकृष्ण-सुदामा की आदर्श मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा कि सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं, पर परमात्मा ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही



नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था।आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। कथावाचक श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा, सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण-सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

## पटवारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व बिहार के पूर्व राज्यपाल गोविंद नारायण सिंह के पुत्र अशोक सिंह व ध्रुव नारायण सिंह के पक्ष में जमीन पर पुश्तैनी कब्जा बताते हुए पटवारी द्वारा रिपोर्ट तैयार किये जाने के मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि पटवारी किसी का भी नाम दर्ज करने की मनमानी नहीं कर सकते। एकलपीठ ने पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने व विभागीय जांच के आदेश दिये है। एकलपीठ ने सतना कलेक्टर को निर्देशित किया है कि वह की गई कार्यवाही के संबंध में एक माह के भीतर न्यायालय को अवगत कराये। दरअसल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व बिहार के पूर्व राज्यपाल गोविंद नारायण सिंह के पुत्र अशोक सिंह व ध्रुव नारायण सिंह तथा एक अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि रीवा के रामपुर बघेलान स्थित जमीन पर उनका पुश्तैनी कब्जा है। पटवारी ने भी इस संबंध में अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है।

## जिला परियोजना समन्वयक के पद पर शिक्षकों को भी शामिल करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने जिला परियोजना समन्वयक के पद पर चयन की प्रक्रिया में उच्च माध्यमिक शिक्षकों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि लेक्चरर्स के समान वेतन पाने वाले उच्च माध्यमिक शिक्षक भी चयन की पात्रता रखते हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता उच्च माध्यमिक शिक्षक मेरिट के आधार पर चयनित होते हैं तो उन्हें नियुक्ति भी दें। सिवनी निवासी सुनील कुमार राय, सीके बिसेन, टीकमगढ़ के अनुराग पांडे, शैलेष श्रीवास्तव व अन्य की ओर से अधिवक्ता वृन्दावन तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र ने डीपीसी के लिए प्राचार्य उच्च माध्यमिक विद्यालय और प्राचार्य व लेक्चरर हाई स्कूल से आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं और उन्हें लेक्चरर के समान वेतन मिलता है। याचिकाकर्ता भी डीपीसी के पद के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि आयुक्त लोक शिक्षण ने 27 जनवरी 2023 को एक परिपत्र जारी कर यह स्पष्ट किया था कि मप्र राज्य स्कूल शिक्षा सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम के तहत उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक व प्राथमिक शिक्षक के पद लेक्सरर के समान हैं।

## सिविल जज भर्ती परीक्षा नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सिविल जज भर्ती परीक्षा नियमों को चुनौती देने वाली 15 याचिकाएं खारिज कर दीं। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने कहा कि न्यायहित और जनहित में संशोधित नियम पूरी तरह उचित हैं। कोर्ट ने 20 फरवरी को सुनवाई के बाद फेसला सुरक्षित रखा था। नरसिंहपुर की वर्षा पटैल व अन्य की ओर से याचिकाएं दायर कर मध्य प्रदेश सिविल जज (जूनियर डिवीजन) भर्ती नियमों की वैधानिकता को चुनौती दी गई थी। संशोधित नियम के तहत एलएलबी परीक्षा में बिना एटीकेटी के 70 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तर्ण करना अथवा तीन वर्ष के वकालत के अनुभव के साथ सिविल जज परीक्षा के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। साक्षातकार में 50 अंको में से 20 अंकों अर्थात 40 फीसदी की अनिवार्यता है। हालांकि हाईकोर्ट की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने 23 जून 2023 को संशोधन करके ओबीसी वर्ग के लिए सभी योग्यताएं अनारक्षित वर्ग के समतुल्य कर दी थीं। न्यायिक सेवा में ओबीसी को मात्र 14 फीसदी आरक्षण दिया गया है। इसके अलावा हाईकोर्ट ने किसी भी नियम की चुनौती को स्वीकार नहीं किया।

### चुनाव आयोग के निर्देशों की आड़ में सिर्फ रुपयों की तलाश

# चुनाव के झमेले में शरीफों का निकलना मुश्किल

**जबलपुर।** गरीबों की बस्ती में लगे हैं चुनाव के मेले वही चुनाव के झमेले में शहर में शरीफों का निकलना हैं मुश्किल आचार संहिता का ऐसा हौआ खड़ा कर दिया कि लोगें का शाम को परिवार के साथ निकलना मुश्किल हो गया हैं। अगर किसी को उपनगरीय क्षेत्रों से शहर आना हो या शहर से उपनगरीय क्षेत्र में जाना हो अथवा जिले की सीमा के बाहर जाना हो समझ लो कि रास्ते में जितने थाना क्षेत्र पड़ेगे वहां उतने थाना क्षेत्रों में उसे पुलिस की जांच का सामना करना पड़ेगा। पुलिस को सिर्फ और सिर्फ सड़क से जाने वाले रुपयों की तलाश रहती है। रोज लाखों रुपये पकड़ने की नौटंकी हो गई जो न ब्लैकमनी है न ही चुनाव में दुरुपयोग के लिये हैं। चुनाव में वोट खरीदने या अन्य प्रलोभन के लिये करोड़ों रुपये जहां पहुंचाना था वहां पुलिस के पहले पहुंच जाता हैं आखिर यह पैसा हुकुमतदारों का ही तो होता है चार दिन बाद उनकी हुकुमत आने पर अधिकारी उन्हीं के सामने दुम हिलायेंगे लिहाजा कार्रवाई के आंकड़े दिखाने के लिये चुनाव आयोग के निर्देशों की आड़ में धड़ाधड़ व्यापारी और आम नागरिक शिकार बनाये जा रहे हैं। दुरुपयोग के लिये लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों की आड़ में पुलिस द्वारा गठित एसएसटी और शहर की पुलिस पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। शाम होते ही अलर्ट मोड़ पर आने वाली पुलिस शहर की सीमाओं और चौराहों पर सक्रिय हो जाती हैं। कार हो या वाहन सबकी चैकिंग शुरु हो जाती है और पुलिस की जांच सिर्फ और सिर्फ कार में ले जाने वाले पैसों पर होती हैं। लंफगे, गुंडे बदमाश खुलेआम रात को शराब खोरी करते नजर आते। चुनाव आयोग के निर्देशों से सियासतदारों की आफत कम आम नागरिक ज्यादा मुसीबत में पड़ जाता है चुनाव के नाम पर अब आम जनता को घिन आने लगी हैं। बेतुके फरमानों और बेतुकी की कार्रवाई से ये हालत बने यहां सवाल उठता है कि क्या सिर्फ कार में ही रुपया पैसा सियासतदारों के लिये आता हैं मजे की बात यह है कि आज तक कोई सियासतदार या सियासी दलों के कार्यकर्ताओं के रुपये जप्त नहीं हुये। क्या रुपया सिर्फ कार में आता हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश की कई विधानसभा क्षेत्रों में शराब और रुपये बांटने की शिकायतें आई थी क्या उनपर कार्रवाई हुई? क्या उनके पैसे पकड़े गये? यदि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सर्तक रहे तो किसी भी क्षेत्र में मतदान के एक दिन पहले शराब, कंबल, रुपया, कपड़े आदि नहीं बंट सकते, मजे की बात तो यह है कि प्रत्याशी किसी भी दल का हो खासकर पुलिस उनसे सीधा पंगा लेने की स्थिति में नहीं होती है क्योंकि सवाल उठता है कि आज तो ठीक है अगले पांच साल उन्ही को झेलना हैं अभी से विश्वास जीतने के तहत यह काम आसानी से हो जाता है और रुपया पैसा सुरक्षित ठिकानों पर पहुंच जाता है पुलिस की हालिया कार्रवाई से ऐसा लगता है कि पैसा सिर्फ कार में आता हैं, या ट्रेन से आता हैं। जिले की सीमाओं के बाहर रुपया पैसा चुनाव के पहले ही पुलिस से सुरक्षित काफिले के साथ पहुंच जाता है और बाकी प्रलोभन वाली चीज पुलिस के जानकारी में ही पहुंच जाती हैं। क्या डंपर में ढोने वाली गिट्टी, रेत के नीचे रुपये पैसे नहीं पहुंचाये जा सकते ट्रक में लदे परचून में भी लाखों रुपये आर-पार हो जाते हैं। वहां किसी का ध्यान नहीं जाता हैं। आम नागरिक व्यापारी निशाने पर रखे जाते है। बीमार लोग जबलपुर से नागपुर जाते है या रीवा सतना से जबलपुर आते हैं। लाख दो लाख रुपये लोगों से उधार लेकर या अपनी जमा पूंजी लेकर निकलते है जाहिर हैं वह फोर व्हीलर या ट्रैन से आयेंगे जायेंगें। पुलिस उनका रुपया जप्त कर लेती है तो वह क्या जवाब देंगे। कई मामलों में तो लेदेकर मामलें निपटा देते है वही किसी ने थोडी सी भी बातचीत की तो उसे रगड़ दिया जाता हैं। व्यापारी दिनभर की बिक्री लेकर रात को घर नहीं लौट सकता और अगर दुकान में छोड़कर आये तो भी खतरा खासकर पेट्रोल पंप और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय दिनभर की बिक्री को बैंक में जमा करा देते हैं और बाकी शाम से रात तक की बिक्री को लेकर घर पहुंचते है अब अगर वह रास्ते में पकड़ जाये तो पुलिस से आयकर अधिकारी तक उसे जवाब देना पड़ता है और बिना वजह की परेशानी भी झेलनी पड़ती है।

## श्री राम नवमी पर मातृशक्ति आज निकालेंगी वाहन रैली

**सिहोरा।** श्री राम नवमी के पावन अवसर पर कुछ अलग करने का मन में संकल्प लेकर नगर की मातृशक्ति द्वारा आज 17 अप्रैल बुधवार को श्रीराम नवमी पर शाम 3.30 बजे विशाल वाहन रैली निकाली जायेगी । जिसमें सभी मातृशक्ति का बाबाशाला कटरा मोहल्ला में एकत्रीकरण होगा जहां से वाहन रैली कटरा मोहल्ला, झंडा बाजार,कालभेरव चौक, सरावगी मोहल्ला, महावीर चौक,मैना कुंआ,बाबाताल से खितौला तिराहा,बारीबहू स्टेडियम से होकर खितौला बस स्टेंड, रेलवे फाटक,वन विभाग कार्यालय मार्ग से होकर स्टेशन तिराहा, राधाकृष्णन मंदिर से वापस खितौला बाजार होकर कोबरा जिम बाबाताल के पास समापन होगा। सभी मातृशक्ति धार्मिक परिधान में वाइक रैली में शामिल होकर उसकी भव्यता बढ़ायेंगी।

**साईं जन्मोत्सव पर भी आज कार्यक्रम**

### आज साई जन्मोत्सव पर अनेक आयोजन

श्री साईं शक्ति समिति के तत्वावधान में आज बुधवार को साईं जन्मोत्सव पर प्रातः 8 बजे अभिषेक पूजन हवन के उपरांत सायं 4 बजे से कन्या भोजन एंव विशाल भंडारे का आयोजन तथा रात्रि 8 बजे से भजन संध्या एंव महा आरती साईं मंदिर प्रांगण सरस्वती पार्क सिहोरा में आयोजित की गई है।

## बरगी बांध विस्थापित परिवारों के बच्चों पर लघु शोध

**जबलपुर।** बरगी बांध रानी अवंती बाई सागर परियोजना बरगी नगर के अंतर्गत बरगी बांध से विस्थापित हुए ग्रामों में निवास करने वाले परिवारों के बच्चों की शिक्षा से वंचित होने की स्थिति पर एक लघु शोध विकास संवाद समिति द्वारा हर वर्ष बच्चों की शिक्षा की वस्तु स्थिति को समझने के लिए विविध विषयों पर एक लघु शोध फेलोशिप प्रदान की जाती है। इसी संदर्भ में उक्त फेलोशिप के अंतर्गत इस वर्ष जिला भोपाल से सबा खान जिला हरदा तिमिरणी से अभिषेक दास जिला जबलपुर से परवेज खान तथा जिला मंदसौर से सोनाली सिंह का चयन किया गया था। रिसर्च पेपर के कंप्लीट होने के बाद इसे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र वर्गी नगर के संकुल प्राचार्य किशन राय खेड़े की उपस्थिति में संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले 30 शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी शिक्षकों के साथ हुई विशेष बैठक में साझा किया गया प्रेजेंटेशन के पश्चात रिसर्च पेपर की एक प्रति संकुल प्राचार्य को संकुल केंद्र के लिए सौंपी गई।

11 बॉटल एवं 340 पाव अंग्रेजी तथा 1050 पाव देशी शराब जब्त

## शराब के जखीरे के साथ पकड़ा गया तस्कर

**जबलपुर।** बरेला पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने ग्राम बल्हवारा में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पेटियों में रखी 11 बॉटल एवं 340 पाव अंग्रेजी तथा 1050 पाव देशी शराब जब्त की है।

बरेला पुलिस थाना प्रभारी प्रमोद साहू ने बताया कि ग्राम बल्हवारा निवासी 30 वर्षीय महेंद्र पटेल गत शाम ग्राम बल्हवारा में नीमखेडा हार के पास सरदार के खेत में बनी टपरिया के सामने शराब की पेटियां रखे हुए था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची बरेला पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने आरोपी महेंद्र पटेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 21 पेटी में 1050 पाव देशी शराब, 5 पेटी में मेकडावल नम्बर 1 श्री



एक्स रम के 240 पाव, 2 पेटी में बाम्बे स्पेशल डार्प रम के 100 पाव, एक कार्टून में 6 बोतल अंग्रेजी एम्पेरियल ब्लू, एक कार्टून में 3 बोतल ब्लेक वाय बकाडी एवं 2 बोतल बकाडी क्रेटा ब्लांच शराब जब्त की है। पुलिस ने कुल 30 पेटियों में 11 बॉटल एवं 340 पाव अंग्रेजी तथा 1050 पाव देशी शराब जब्त की है। जिसकी कीमती लगभग 1 लाख 36 हजार 750 रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## मजदूर महिला की जीवन भर की कमाई ले गए चोर

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत गुड़हाई मोहल्ला में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड़हाई मोहल्ला गोसलपुर निवासी 54 वर्षीय मजदूर श्रीमति ज्ञान बाई चौधरी गत शाम लगभग 5 बजे गेहू बीनने के लिये खेत गई थी, जहां से शाम लगभग 5-30 बजे घर आयी और बाहर का दरवाजा खोलकर अंदर गई तो देखा दोनों के कमरे के ताले टूटे थे। कमरे में रखे बेटी के जेवर सोने की 2 जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी टाप्स, माला 4 जोडी जिनमे सोने की 6-6 गुरिया तथा कटोरी लगी है, चांदी के 3 करधन, 5 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी कंगन, 3 नथ , 2 नग लेंग, 4 जोड़ी छल्ला , 2 जोड़ी हाथ पोस तथा नगदी 50 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## क्रिकेट में लग रहे थे सट्टे के दांव

**जबलपुर।** गढा पुलिस ने गत रात मानव लोक सोसायटी के पीछे गुरहा तालाब के पास आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खेलते एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोबाइल और नगदी 1 हजार 840 रुपए जब्त किए है। गढा थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि गंगानगर जैन मंदिर के पास संजीवनी नगर निवासी 33 वर्षीय सुनील कुमार आवारिया गत रात मानव लोक सोसायटी के पीछे गुरहा तालाब के पास मोबाइल पर आईपीएल मैच देखकर क्रिकेट मैच में रनों एवं विकटों पर दांव लगाकर सट्टा खेल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार आवारिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक रियलमी कम्पनी का एंड्रायड मोबाइल, एक सट्टा पट्टी, पेन एवं नगदी 1 हजार 840 रूपये जब्त किए है।




**श्री चंद्र प्रकाश शर्मा-** सीओडी कॉलोनी गोकलपुर निवासी श्री चंद्र प्रकाश शर्मा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज नेमा-** शुक्ला नगर गढ़ा गुलौआ चौक निवासी श्री मनोज नेमा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गोपाल प्रसाद अवस्थी-** मढ़ाताल गुरूद्वारा के पास निवासी श्री गोपाल प्रसाद अवस्थी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अवधेश कुमार अग्रहरि-** गुड़हाई छोटा फुहारा निवासी श्री अवधेश कुमार अग्रहरि (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देवचंद गुप्ता-** कमानिया गेट के पास फुहारा निवासी श्री देवचंद गुप्ता (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय दामन-** मस्ताना चौक रांझी पुरानी बस्ती निवासी श्री राजाराम दामन के पुत्र श्री संजय दामन (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आनंद गुप्ता-** सरस्वती कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री आनंद गुप्ता (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय रैकवार-** यादव कॉलोनी निवासी श्री संजय रैकवार (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती उषा बांगरे-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री वामनराव बांगरे की धर्मपत्नी श्रीमती उषा बांगरे (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा गोसाईं-** राजीव नगर कटंगा केंट निवासी श्री रामसेवक गोसाईं की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा गोसाईं (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती निर्मला भारसाकले-** संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री भीमराव भारसाकले की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला भारसाकले (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लेक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# लिंक्डइन ने जारी की शीर्ष भारतीय कंपनियों की सूची, टीसीएस रही टॉप पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रोफेशनल नेटवर्किंग साइट लिंक्डइन हर साल भारत में काम करने वाली 25 बेस्ट कंपनियों की लिस्ट को जारी करती है। साल 2024 की भी शीर्ष 25 कंपनियों की लिस्ट जारी कर दी गई है जिसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने टॉप पर अपनी जगह बनाई है।

मंगलवार को जारी की गई लिस्ट के मुताबिक भारत में काम करने वाली शीर्ष कंपनियों की लिस्ट में दूसरे और तीसरे स्थान पर एक्सेंचर और कॉग्निजेंट का नाम है। इस लिस्ट में सबसे ज्यादा फाइनेंशियल सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों ने अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा आईटी सेक्टर, डाटा स्टोरेज टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधित कई कंपनियों को भी इस सूची में जगह मिली है।

### हर साल देश में काम करने वाली 25 बेस्ट कंपनियों की सूची होती है जारी

#### टॉप पर रहा बेंगलुरु

*इसके अलावा लिंक्डइन ने देश के उन शहरों की भी लिस्ट जारी की है जो कंपनियों के लिहाज से सबसे बेस्ट है। इसमें शीर्ष पर आईटी सिटी बेंगलुरु ने अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा इस लिस्ट में हैदराबाद, मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे को भी स्थान मिला है।*




#### मध्यम आकार की कंपनियों की लिस्ट भी जारी

*लिंक्डइन ने इस साल मध्यम आकार की कंपनियों जिसमें 250 से 500 कर्मचारी हैं उसकी लिस्ट भी जारी की है। इस मिड साइज कंपनियों की लिस्ट में सास प्लेटफॉर्म लेंट्रा ने शीर्ष पर अपना स्थान बनाया है। वहीं इस लिस्ट में ट्रैवल वेबसाइट मेक माय ट्रिप,प्राडन, नाइका और ड्रीम11 को भी स्थान मिला है।*

#### सातवें स्थान पर एंड्रेस प्लस हाउजर ग्रुप

*इस लिस्ट में सातवें स्थान पर एंड्रेस+हाउजर ग्रुप, 8 वें स्थान पर ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब और 9 वें स्थान पर जेपी मार्गन चेज एंड कंपनी ने अपनी जगह बनाई है। इस लिस्ट में 10वें स्थान पर पेप्सिको का नाम है। टॉप-25 की लिस्ट में एचसीएल-ईवाई, अमेजन, मास्टरकार्ड, आईसीआईसीआई बैंक, मैकलिन और गोल्ड सांचे जैसी कंपनियों के नाम भी शामिल है।*

#### चौथे स्थान पर मैक्वेरी ग्रुप

लिंक्डइन द्वारा जारी की गई शीर्ष 25 कंपनियों की लिस्ट में टीसीएस को सबसे बेस्ट कंपनी का अवार्ड मिला है। टॉप 25 कंपनियों की लिस्ट में 500 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों को शामिल किया गया है। पिछले साल भी कंपनी इस लिस्ट में टॉप पर थी। ऐसे में कंपनी ने अपने स्थान को बरकरार रखा है। वहीं इस लिस्ट में चौथे स्थान पर मैक्वेरी ग्रुप, पांचवें पर मॉर्गन स्टेनली और छठे स्थान पर डेलाइट का नाम है।


## खबर संक्षेप



### सड़क निर्माण बढ़कर 13,000 किलोमीटर होगा : इक्रा

**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण पांच से आठ प्रतिशत बढ़कर 12,500-13,000 किलोमीटर होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 में 20 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा कि निर्माण की गति को आने वाले चालू वित्त वर्ष में सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के आने वाली परियोजनाओं, सरकार द्वारा पूंजी परिव्यय में वृद्धि और परियोजनाओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने से मदद मिलेगी।

### अपोलो टायर्स को 2.06 करोड़ की कर मांग मिली





**नई दिल्ली।** अपोलो टायर्स लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे जीएसटी प्राधिकरण से 2.06 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माने का आदेश मिला है। कंपनी ने बताया कि तमिलनाडु में जीएसटी प्राधिकरण ने इनपुट टैक्स क्रेडिट(आईटीसी) का लाभ उठाने और अन्य मुद्दों के चलते यह आदेश जारी किया। अपोलो टायर्स ने शेयर बाजार को बताया कि तमिलनाडु के उपायुक्त (सीटी) ने जीएसटी अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है, जिसमें जीएसटी मांग और जुर्माने सहित 2.06 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

### जेएनके इंडिया का आईपीओ 23 अप्रैल को खुलेगा




**नई दिल्ली।** हीटिंग उपकरण बनाने वाली कंपनी जेएनके इंडिया लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 अप्रैल को खुलेगा। मंगलवार को दाखिल आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 25 अप्रैल को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशकों के लिए बोली 22 अप्रैल को एक दिन के लिए खुलेगी। आईपीओ में 300 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

### आदित्य बिड़ला कैपिटल ने पेश किया डिजिटल मंच




**मुंबई।** आदित्य बिड़ला कैपिटल ने मंगलवार को एक डिजिटल मंच पेश किया। इसके जरिए कंपनी का मकसद अगले तीन वर्षों में तीन करोड़ नए ग्राहक जोड़ने का है। 'आदित्य बिड़ला कैपिटल डिजिटल' पेश किए जाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि इस मंच का उद्देश्य निर्बाध तरीके से नए ग्राहक जोड़ना है।

### चीन की अर्थव्यवस्था पहली तिमाही में 5.3 प्रतिशत बढ़ी



**हांगकांग।** चीन की अर्थव्यवस्था ने पहली तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी। यह विश्लेषकों के करीब 4.8 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर 1.6 प्रतिशत बढ़ी। चीन की अर्थव्यवस्था कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है।

### पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सराफा में मांग बढ़ी

# सोना 700 रुपए के उछाल के साथ नए उच्चस्तर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुझानों को देखते हुए मंगलवार को लगातार दूसरे दिन स्थानीय सराफा बाजार में बढ़त का सिलसिला कायम रहा और सोने और चांदी की कीमतें नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

सोमवार को यह 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत 800 रुपये उछलकर 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

#### बाजारों से सकारात्मक संकेत

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है, जो पिछले बंद भाव से 700 रुपये की तेजी को दर्शाता है।'

#### खास बातें

- सोना बढ़कर 73, 750 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी भी 800 रुपए उछलकर 86,500 रुपए प्रति किलोग्राम



#### सोना 2370 डॉलर प्रति औंस पर कामकाज कर रहा

*अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,370 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 15 डॉलर अधिक है। पिछले सप्ताह इजराइल पर ईरान के हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच सुरक्षित संपत्ति की मांग बढ़ने से सोने में तेजी आई।*

#### सोना बना सुरक्षित निवेश विकल्प

*गांधी ने कहा कि निवेशकों का ध्यान संभावित जवाबी हमले की ओर गया, जिससे दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध शुरू होने का खतरा बढ़ सकता है। इससे सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सर्राफा की मांग बढ़ी है। चांदी भी बढ़त के साथ 28.40 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।*

#### पावेल के भाषण का इंतजार

*पिछले कारोबार में यह 28.25 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। इसके अलावा निवेशक पिछले सप्ताह उम्मीद से अधिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों के बाद मंगलवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के भाषण का इंतजार करेंगे, जो मौद्रिक नीति दृष्टिकोण पर अधिक जानकारी प्रदान करेगा।*

#### सोने में सबसे अधिक वायदा कारोबार

*इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने का सबसे अधिक कारोबार वाला जून अनुबंध 349 रुपये की तेजी के साथ 72,626 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। दिन में कारोबार के दौरान यह 72,927 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर पहुंच गया।*

#### एमसीएक्स में चांदी में मई अनुबंध घटा

*हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का मई अनुबंध 314 रुपये की गिरावट के साथ 83,537 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक - जिंस एवं मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा, एमसीएक्स पर सोने में उछाल आया।*

#### सोने के प्रति धारणा मजबूत

*त्रिवेदी ने कहा, कॉमेक्स पर सोना रातोंरात बढ़त के साथ 2,370 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। त्रिवेदी ने कहा कि आगे जाकर जब तक भू-राजनीतिक तनाव बना रहता है और बढ़ता रहता है, तब तक सोने के प्रति धारणा में तेजी बनी रहेगी।*

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।



दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक राजनीतिक तनाव की आशंका और हाल-फिलहाल नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने के बीच घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। अनुमान से अधिक मजबूत अमेरिकी खुदरा बिक्री के आंकड़ों के बाद चिंता बढ़ी है। शेयर बाजार बुधवार को 'रामनवमी' के अवसर पर बंद रहेगा।

#### निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ घटी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच स्थानीय शेयर बाजार में तीन सत्र से जारी गिरावट से निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ रुपये घट गई है। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तीन दिन में 7,93,529.61 करोड़ रुपये घटकर 3,94,25,823.46 रुपये (4750 अरब अमेरिकी डॉलर) पर आ गया है।

## 15 अप्रैल तक चीनी उत्पादन घटकर 3.10 करोड़ टन पर

### गिरावट कर्नाटक में कम उत्पादन के कारण आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चालू 2023-24 सत्र में 15 अप्रैल तक देश का चीनी उत्पादन थोड़ा घटकर तीन करोड़ 10.9 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय इस्मा के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार यह गिरावट कर्नाटक में कम उत्पादन की वजह से है। वर्ष 2022-23 सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन तीन करोड़ 12.3 लाख टन रहा था। भारत दुनिया का एक प्रमुख चीनी उत्पादक देश है। चीनी का मौसम अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। वर्तमान में चीनी निर्यात पर अनिश्चितकाल के लिए प्रतिबंध लगा हुआ है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने वर्ष 2023-24 सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन अनुमान को संशोधित कर 3.2 करोड़ टन कर दिया है। इस्मा के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश के प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन चालू सत्र में 15 अप्रैल तक एक करोड़ 9.2 लाख टन से अधिक रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह एक करोड़ 5.9 लाख टन था।

- चीनी का मौसम अक्टूबर से सितंबर तक चलता है



#### 128 मिलों ने अपना परिचालन बंद किया

इस सत्र में 15 अप्रैल तक लगभग 128 मिलों ने अपना परिचालन बंद कर दिया है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 55 मिलें बंद हो गई थीं। इसमें कहा गया है कि कुल मिलाकर 448 कारखानों ने देशभर में अपना पेराई कार्य पूरा कर लिया है, जबकि पिछले साल अप्रैल के मध्य तक 401 कारखाने बंद थे।

### सिप्ला करेगी आइविया ब्यूटी का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड 130 करोड़ रुपये में आइविया ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड के दुनिया भर में सौंदर्य प्रसाधन व व्यक्तिगत देखभाल वितरण तथा विपणन व्यवसाय का अधिग्रहण करेगी। इसमें उसके ब्रांड एस्टाबेरी, आइकिन और भीमसैनी भी शामिल हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी तथा उपभोक्ता स्वास्थ्य सेवा शाखा सिप्ला हेल्थ लिमिटेड (सीएचएल) ने आइविया ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड के सौंदर्य प्रसाधन व व्यक्तिगत देखभाल व्यवसाय के वितरण और विपणन व्यवसाय उपक्रम की खरीद के लिए एक 'बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट' (बीटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## भारत से आईफोन का निर्यात हुआ दोगुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत से एप्पल के आईफोन का निर्यात 2023-24 में लगभग दोगुना होकर 12.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। व्यापार आसूचना मंच 'ट्रेड विजन' ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 6.27 अरब अमेरिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से स्मार्टफोन का कुल निर्यात बढ़कर 16.5 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 12 अरब अमेरिकी डॉलर था। ट्रेड विजन ने कहा कि यह वृद्धि एप्पल की उपस्थिति बढ़ने, भारतीय विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के व्यापक प्रभावों को दर्शाती है। भारत से एप्पल के आईफोन का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 12.1 अरब डॉलर हो गया, जो लगभग 100 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्शाता है।




#### भारतीय आईफोन पहुंचे अमेरिका

*ट्रेड विजन एलएलसी की उपाध्यक्ष मोनिका ओबेरॉय (बिक्री एवं विपणन) ने कहा, 'भारत सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी पहल ने एप्पल जैसी कंपनियों को स्थानीय विनिर्माण में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया है।' अमेरिकी बाजार में भारत में बने आईफोन की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है।*

### रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.57 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 14 पैसे की गिरावट के साथ 83.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच घरेलू बाजारों में नकारात्मक रुझान और वैश्विक बाजार में डॉलर के मजबूत होने का असर स्थानीय मुद्रा पर पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से रुपया और कमजोर हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.51 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार सत्र के अंत में यह 83.57 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की गिरावट दर्शाता है।

## वर्ष 2028 तक बेरोजगारी दर में 0.97 प्रतिशत की कमी संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में बेरोजगारी दर में वर्ष 2028 तक 0.97 प्रतिशत अंक की कमी आ सकती है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था के पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे बेरोजगारी दर घटेगी। शोध संस्थान 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ)' की 'भारत रोजगार परिदृश्य 2030' रिपोर्ट के मुताबिक, श्रमबल में बिना रोजगार वाले लोगों का प्रतिशत यानी बेरोजगारी दर वर्ष 2024 के 4.47 प्रतिशत से घटकर 2028 में 3.68 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है, 'भारत का रोजगार बाजार व्यापक बदलाव का अनुभव कर रहा है। कोविड-19 महामारी के बाद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है।' रिपोर्ट के मुताबिक, 'भारत 7.8 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के साथ 2026-27 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल कर सकता है। मजबूत निजी खपत और सार्वजनिक निवेश से इस वृद्धि को समर्थन मिलेगा।' भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आकार वर्ष 2024 में चार लाख करोड़ डॉलर से थोड़ा कम होने का अनुमान है।




#### अगली पीढ़ी के रोजगार में सुधार

ओआरएफ के निदेशक और रिपोर्ट के सह-लेखक नीलांजन घोष ने कहा, 'अगली पीढ़ी के रोजगार में सुधार के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण होगा। उद्यमियों का एक नया वर्ग रोजगार सृजन को प्रोत्साहित कर सकता है।'

### कंपनी के सीईओ ने लगभग 10 फीसदी कर्मियों को निकालने का किया था ऐलान

# टेस्ला 15,000 कर्मचारियों की करेगा छंटनी, मांग में कमी बड़ी वजह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज इलेक्ट्रिक वेहिकल निर्माता कंपनी टेस्ला में बड़ी छंटनी होने जा रही है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कंपनी के लगभग 10 फीसदी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का ऐलान कर दिया था। इसके लिए इलेक्ट्रिक वेहिकल की डिमांड में आई सुस्ती को जिम्मेदार बताया गया है। एलन मस्क ने टेस्ला के कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। मेल में कहा गया है कि कंपनी के कई डिपार्टमेंट में एक ही जिम्मेदारी पर कई लोग काम कर रहे हैं। साथ ही कुछ जगहों पर काम करने के तरीके में भी बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। हमें कठिन फैसला लेते हुए अपनी ग्लोबल वर्कफोर्स में से 10 फीसदी लोगों को नौकरी से निकालना होगा।

- मस्क ने कर्मचारियों को ई-मेल भेजकर दी जानकारी




#### तरक्की के लिए कॉस्ट कटिंग जरूरी

*एलन मस्क के अनुसार, टेस्ला अपनी तरक्की के अगले फेज की ओर बढ़ रही है। इसके लिए हमें कॉस्ट कटिंग और प्रोडक्शन बढ़ाने के हर तरीके को आजमाना होगा। हमने अपनी कंपनी का पूरा विश्लेषण किया है। इसमें पाया गया है कि हमें अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 10 फीसदी की कटौती करनी पड़ेगी। मुझे ऐसा निर्णय लेने में नफरत होती है लेकिन, यह बेहद जरूरी है।*

#### सीएफओ ने जनवरी में ही दे दिए थे संकेत

*कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर वैभव तनेजा ने जनवरी में कहा था कि हमें एक-एक पैसा बचाने की कोशिश करनी चाहिए। हमारे पास एक मजबूत टीम है, जो इस दिशा में काम कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले टेस्ला ने साल 2022 में भी लगभग 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की थी।*

#### कम से कम 15 हजार कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

*टेस्ला में पिछले साल तक 1,40,473 कर्मचारी थे। पिछले 3 साल में यह आंकड़ा दोगुना हो चुका है। कंपनी अपने ऑस्टिन और बर्लिन प्लांट का उत्पादन बढ़ाना चाह रही है। यदि पूरी दुनिया में यह छंटनी लागू होती है तो कम से कम 15 हजार कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। पिछले महीने कंपनी ने जो बिक्री आंकड़े जारी किए थे, उनमें बड़ी गिरावट देखी गई थी। चार साल में पहली बार किसी तिमाही में कंपनी की बिक्री घटी थी। कंपनी के साइबरट्रक द्वारा अच्छा प्रदर्शन न करने के चलते ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले समय में सेल में और गिरावट आएगी।*

## जोमैटो ने बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बनाया अलग दस्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य उत्पादों के ऑनलाइन आपूर्ति मंच जोमैटो ने 50 लोगों तक की भागीदारी वाले कार्यक्रमों के लिए सामान पहुंचाने के इरादे से मंगलवार को देश में पहली बार बड़े ऑर्डर का एक अलग दस्ता शुरू करने की घोषणा की। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने कई पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बना यह खास दस्ता पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगा। गोयल ने कहा, 'आज हम भारत का पहला बड़ा ऑर्डर दस्ता पेश करने के लिए रोमांचित हैं। यह दस्ता सामूहिक बड़े समूह, पार्टी एवं आयोजन जैसे आपके सभी बड़े ऑर्डर को आसानी से संभाल पाएगा। पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों पर आधारित यह दस्ता 50 लोगों तक के लिए ऑर्डर पहुंचाने के लिए बनाया गया है।' हालांकि, गोयल ने कहा कि इस दस्ते के लिए निर्धारित इलेक्ट्रिक वाहनों पर अभी काम चल रहा है और जोमैटो इनमें कूलिंग उपकरण और तापमान नियंत्रण वाले बॉक्स जैसे हिस्सों को जोड़ने की दिशा में काम कर रही है।



चिंतन

# नक्सलवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी

नक्सलवाद राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े एक्शन को अंजाम दिया है। यह सरकार की ओर से दो टूक संदेश है कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान नहीं रुकेंगे, चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ियों के बारे में नक्सली सोचे भी नहीं और नक्सलवाद के दिन गिने चुने ही बचे हैं। इस एक्शन से बस्तर जैसे नक्सली क्षेत्र में लोगों का डर कम होगा और लोग चुनाव में खुलकर भाग लेंगे। हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले तीन साल में नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। ऐसे अभियान इसी संकल्प के फलित हैं। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ सरक्षा बलों के ऑपरेशन्स चलते रहते हैं। किसी भी मांग के लिए हिंसा का रास्ता सही नहीं हो सकता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी का अहिंसक आंदोलन इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार व बदलाव एक सतत प्रक्रिया है, यह सिस्टम में रहकर आसानी से किया जा सकता है, लेकिन परिवर्तन की यूटोपियाई कल्पना को साकार करने के लिए अंध हिंसा का मार्ग अंधकार के गर्त में ही ले जाएगा। अपने ही राष्ट्र के बेकसूर लोगों के खिलाफ हिंसा हमेशा अस्वीकार्य है। पश्चिंम बंगाल के दार्जीलिंग क्षेत्र के नक्सलबाड़ी से वर्ष 1967 में शुरू नक्सलवाद वर्ष 2024 तक एक आंदोलन समूह से हिंसक गुट में बदल चुका है। भारत करीब छह दशक से नक्सलवाद से प्रभावित है तो चार दशक से आतंकवाद से। नक्सलवाद के चलते सैकड़ों सुरक्षा बलों व बेकसूर नागरिकों की जान गई है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुलिस ने घोषणा की है कि जो लोग नक्सलियों की गिरफ्तारी या उनके मारे जाने में पुलिस की मदद करेंगे उन्हें आरक्षक के रूप में भर्ती किया जाएगा तथा पांच लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ता को दर्शाता है। नक्सली 2017-18 से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमएमसी-जोन) के ट्राई-जंक्शन जंगल में अपना नया आधार स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें बालाघाट (मध्य प्रदेश), गोंदिया (महाराष्ट्र) और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, मुंगेली और कबीरधाम जिले शामिल हैं। माओवादियों का 'विस्तार प्लाटून' एमएमसी जोन में अपनी गतिविधियों के विस्तार की देखरेख कर रहा है। आजकल देश में अर्बन नक्सलिज्म यानी शहरी नक्सलवाद जैसे शब्द भी चल रहे हैं, जो वैचारिक विरोध के अर्थ में वामपंथी विचारकों व नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं। देश में वर्ष 2004 से नक्सलवाद तीसरे चरण में हैं, प्रथम चरण- वर्ष 1967 से 1980 तक रहा, दूसरा चरण- वर्ष 1980 से 2004 तक का समय रहा। नक्सलवाद की विकटता को देखते हुए वर्ष 2006 में सरकार ने अलग प्रभाग बनाया। सरकार नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के एक्शन्स के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। वर्ष 2013 में रोजगार प्रशिक्षण के लिए रोशनी शुरू हुई, तो वर्ष 2017 में केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना शुरु की। ऑपरेशन आल आउट चल रहे हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। मुट्ठी भर नक्सली देश-विदेशी मदद के जरिये सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बने हैं, इसलिए नक्सलवाद का खात्मा जरूरी है।

रामनवमी
अरविंद जयतिलक



# आदर्श समाज निर्माण का संदेश

बुधवार को रामनवमी है, प्रभु श्रीराम का अवतार दिवस। संसार के समस्त पदार्थों के बीज उनमें ही निहित है और वे संसार के सूत्रधार हैं। उन्हें वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा कहा गया है। भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया कि सत्य और धर्म का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। सत्य के पर्याय भगवान श्रीराम सद्गुणों के भंडार हैं, इसीलिए भारतीय जनमानस उनकी जीवन पद्धति को अपना उच्च आदर्श मानता है। शास्त्रों में भगवान श्रीराम को लोक कल्याण का पथप्रदर्शक और विष्णु के दस अवतारों में से सातवां अवतार कहा गया है। वाल्मीकि कृत रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों का गुणगान किया गया है। उनके उपदेशों और आचरण को जगतकल्याण का मार्ग बताया गया है। वे दुष्टों के संधारक और संतों के रक्षक हैं। उन्होंने दुष्टों का संहार कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और लोकमंगल के कार्य किए। भगवान श्री राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रूप में लिखा गया है। महान संत तुलसीदास ने भी भगवान श्रीराम पर भक्ति काव्य रामचरितमानस की रचना की है जो केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों की कई भाषाओं में अनुदित है। संसार भी भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। आज भी शासन की विधा के तौर पर रामराज्य को ही उत्कृष्ट माना जाता है। संसार भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। इसलिए कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मर्यादा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। भगवान श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। राम रघुकुल में जन्मे थे जिसकी परंपरा 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाई' की थी। उन्होंने अपने पराक्रम से दंडक वन को राक्षस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बालि का संहार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिये दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे वही प्रिय हैं जो संतों का संग करते हैं। उन्होंने शबरी को यह भी समझाया कि मेरे दर्शन का परम अनुपम फल यह है कि जीव अपने सहज स्वरुप को प्राप्त हो जाता है। भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि-कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भलीभांति निरूपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी की अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संहार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। असुरराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा, लेकिन रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभीषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया, लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभीषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभीषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। अंततः प्रभु श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। वे लंका का राज्य विभीषण को सौंपकर माता जानकी के साथ अयोध्या लौट आए। सही अर्थों में इन लीलाओं के जरिये भगवान श्रीराम ने एक पुत्र, पिता, पति, भाई और एक राजा के तौर पर जगत को संदेश दिया कि एक आदर्श, निष्पक्ष और बंधुतापूर्ण आचरण के जरिये ही एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



रामनवमी विशेष
प्रभात झा

# जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टि

राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

रामायण में वर्णन है-महर्षि वाल्मीकि ने मुनिश्रेष्ठ नारद से पूछा, "भगवन! इस समय इस संसार में गुणी, शूरवीर, धर्मयज्ञ, सत्यवादी और दृढ़- प्रतिज्ञ कौन है? सदाचारी, सब प्राणियों का हित करने वाला, प्रियदर्शन, धैर्ययुक्त तथा काम-क्रोधादि शत्रुओं को जीतनेवाला कौन है? मुझे यह जानने की प्रबल अभिलाषा है। महर्षि ! आप इस प्रकार के श्रेष्ठ पुरुष के जानने में समर्थ हैं, अतः मुझे बताइये।" महर्षि वाल्मीकि के ऐसा पूछने पर मुनिश्रेष्ठ नारद ने कहा, महर्षि! आपने जिन गुणों का वर्णन किया है वे बहुत, श्रेष्ठ और दुर्लभ हैं तथा उन सबका एक ही व्यक्ति में मिलना कठिन है, फिर भी आप द्वारा पूछे सभी गुणों से युक्त एक व्यक्ति हैं जो इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए हैं और 'राम' नाम से जगदविख्यात हैं। वे अति बलवान, धैर्ययुक्त, जितेंद्रिय, बुद्धिमान प्रियवक्ता, शत्रुघ्नों के नाशक, धर्म के जानने वाले, सत्यवादी, प्राणियों के हित में तत्पर, वेदों के ज्ञाता, धनुर्वेद में कुशल,आार्य, प्रियदर्शन, गम्भीरता में समुद्र के समान, धेयं में हिमालय के सदृश, पराक्रम में विष्णु के तुल्य, क्रोध में कालाग्नि जैसे, क्षमा में पृथ्वी सम, दान करने में कुबेर और सत्य बोलने में दूसरे धर्म के समान हैं।"

रामायण में वर्णन के अनुसार, त्रेता युग में सूर्य देव के पुत्र वंशज महाराज इक्ष्वाकु के कुलमें अयोध्यापुरी के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। राजा दशरथ की तीन पत्नियां थी- कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकेयी। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ को चौथेपन तक तीन रानियां होते हुए भी संतान प्राप्ति नहीं हुई। दुःखी सम्राट दशरथ जब अपनी यह अंतर्वेदना गुरु वशिष्ठ से कही तो उन्होंने श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। वशिष्ठ जी ने यज्ञ पश्चात खीर दशरथ जी को समर्पित की और राजा ने सभी रानियों को बुलाकर वह खीर वितरित की जिसका सेवन कर सभी रानियां गर्भवती हुईं और राजा दशरथ को चार पुत्रों का सुख प्राप्त हुआ। वाल्मीकि रामायण में ऋषि लिखते हैं, जिस समय महा कान्ति वाले राजा दशरथ जी पुत्रेष्टि यज्ञ करने लगे, उसी समय विष्णु भगवान ने पुत्र बनकर उनके यहां अवतार लेने का निश्चय कर लिया। इस प्रकार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था।

भगवान श्री राम जन्म प्रसंग को रामचरितमानस के बालकांड में गोस्वामी तुलसीदासजी ने वर्णन किया है- भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥ अर्थात दीनों पर दया करने वाले, माता कौशल्या के हितकारी प्रगट हुए हैं। मुनियों के मन को हरने वाले भगवान के अदभुत रूप का विचार कर माता कौशल्या हर्ष से भर गई। गोस्वामी जी आगे वर्ण करते हैं-लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुजचारी। भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभा सिंधु खरारी॥ अर्थात प्रभु के दर्शन नेत्रों को आनंद देने वाले हैं, उनका शरीर मेघों के समान श्याम रंग का है तथा उन्होंने अपनी चारों भुजाओं में आयुध धारण किए हैं, दिव्य आभूषण और वन माला धारण की हैं। प्रभु के नेत्र बहुत ही सुंदर और



विशाल है। इस प्रकार शोभा के समुद्र और खर नामक राक्षक का वध करने वाले भगवान प्रकट हुए हैं। राम शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है वह जो रोम रोम में बसे। श्रीरामस्त्रोत्र में वर्णन है- लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम। कारुण्यरूपं करुणाकरंतं श्रीरामचंद्रं शरणं प्रपद्ये अर्थात लोकों के आकर्षक, युद्ध में साहसी, राजीव(कमल) नेत्र वाले, रघुवंश के नाथ, कारुण्य स्वरूप, दयामयी हृदय वाले, ऐसे श्री राम चंद्र की शरण में हम आश्रय लेते हैं। यदि हम सामाजिक, ऐतिहासिक आदि रूपों से देखेंगे तब भी यह परिभाषा सर्वथा उपयुक्त बैठती है। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां राम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं जो राम भक्ति से अछूता हो। मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारतीय जनमानस में बसते हैं। यहां पिछले सहस्त्रों वर्षो से आजतक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। यदि कोई जिज्ञासावश जानना चाहे कि रामराज्य के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब रामराज्य चाहते हैं तो उत्तर आता है करुणानिधान भगवान श्री राम की महानता।


भगवान श्री राम अपने गुणों की वजह से ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मर्यादा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

भगवान श्रीराम की महानता अथाह है। उनके अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम से उन्होने यज्ञरक्षा कर ऋषियों को भयहीन किया, उनका अनुपम बल ही खर, दूषण आदि का काल बना, वे ही शील के मूर्त स्वरूप है। धनुष भंग करने का सामर्थ्य होनेपर भी वा सभा मे शांति से बैठे थे और गुरुआज्ञा मिलने पर ही गए, पितृभक्ति ऐसी की पिता का वचन कभी मिथ्या न होने दिए भले स्वयं कष्ट सहे, त्याग ऐसा कि जब कुछ ही समय मे राजतिलक होना था तब भी वल्कल पहनकर वनगमन करने मे संकोच नहीं किया, ज्ञान वेद शास्त्रादि अनेक ग्रंथों का, मातृभूमि के प्रति प्रेम इतना कि अपनी जन्मभूमि अयोध्या नगरी के बारे मे कभी बुरे शब्द सुनना तक नहीं सहा, धर्म परायण ऐसे जो साधुओं का दुःख सुनकर बोल उठे"निशिचर हीन करहु महि, भुज उठाए पन कीन्ह।" भारत के संविधान की मूल प्रति मे दीनदयाल भगवान के चित्र हैं। गांधी जी भी भगवान श्रीराम से ही प्रेरणा पाते थे और भारत मे रामराज्य चाहते थे। स्वामी रामानंद जैसे महान समाज सुधारक संत ने भी समाजिक पतन को रोकने के लिए रामनाम की महिमा का ही प्रयोग किया था। भगवान राम से प्रेरणा पाकर लोग समाजसेवा मे अत्यधिक योगदान करते हैं। आज भी भगवान राम की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। हिंदू जनमानस के लिए भगवान राम की प्रासंगिकता उतनी ही है जितनी सागर में जल की, वनों में वृक्ष की अथवा ज्ञानी पुरुषों में विनम्रता की होती है। राम सबके लिए इस भारतवर्ष के पवित्र भूमि के हर कण में व्याप्त है। राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को 'रस विशेष से आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। उनके जन्मोत्सव को संपूर्ण भारतवर्ष में राम नवमी के रूप में मनाई जाती है। इस वर्ष की राम नवमी विशेष है। 500 साल के बाद ऐसी रामनवमी आएगी जब भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

(लेखक भाजपा नेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# आनंद आपके भीतर, खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

# ईर्ष्यालु व्यक्ति, संपन्नता नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

सटाका




आज की पाती

## कन्या पूजा का महत्त्व

भारत सारी दुनिया में देवभूमि के लिए प्रसिद्ध है। हमारा देश ही मात्र एक ऐसा देश है, जहां पर नवरात्र मनाया जाता हैं और कन्या पूजन होता है। लेकिन जब इसी देश में कन्या भ्रूण हत्या सामाजिक बुराई की खबरें सुनने को मिलती हैं, तो हर सभ्य और भारत की संस्कृति का अनुसरण करने वाला व्यक्ति यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि क्या भारत वही है जहां पर नवरात्र में कन्या पूजन होता है? दुर्गा माता पूजा-पाठ से कम और इनसान के अच्छे कर्मों से ज्यादा खुश होती हैं। नवरात्र में कुछ लोग व्रत रखकर कन्या पूजन करते हैं, लेकिन उनमें से ही कुछ लोग लड़कियों के प्रति घटिया सोच रखते हैं, नफरत करते हैं। हमें बेटियों को पूरा सम्मान देना चाहिए, तभी हमारा समाज सभ्य कहलाएगा। – *रमेश पाठक, महासमुंद*

ट्रेंड

## अवसरों से समृद्ध भारत



मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिली- असफलताएं कठिन हो सकती हैं, लेकिन याद रखें, यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। भारत ऐसे अवसरों से समृद्ध है जहां आपकी प्रतिभा चमक सकती है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## भगवान के सृजन का उदाहरण



अनेक अनुपम, नयनाभिराम दृश्य, घटना, वैविध्यताओं से परिपूर्ण यह जगत परमात्मा की कलात्मक सृजन का श्रेष्ठ उदाहरण है। सुंदर और श्रेष्ठ सृजन में सहायक मानवीय मनोभावों की अनुपम उद्दात्त और आह्लादकारी अभिव्यक्ति ही कला है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

## रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी



रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी, कमरतोड़ महंगाई, कर्ज के बोझ और सरकार के दमन से शहीद होते किसानऔर दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार 'इलेक्टोरल बॉन्ड'! इन सभी 'क्षुधावर्धक' का स्वाद चख चुकी जनता से नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि 2047 में वह 'मेन कोर्स' खिलाएंगे।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## निधन पर दुःख हुआ



कन्नड़ फिल्म उद्योग के दिग्गज अभिनेता द्वारकीश सर के निधन से गहरा दुख हुआ। उनकी फिल्में देखकर बड़ा हुआ हूं। फिल्म जगत में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा
-अनिल कुंबले, क्रिकेटर

करंट अफेयर


# इस्कॉन वृन्दावन में कृष्ण का 70 मंजिला मंदिर बनाएगा



इस्कॉन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने एक साक्षात्कार में कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210 मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ' 'इस बारे में मैं आपको एक और उदाहरण देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने एक बयान में कहा है कि विदेशों में रह रहे भारतीय प्रवासियों से एक आह्वान कर रहे हैं। कृपया अमेरिका से पांच अमेरिकियों को भारत लाएं और उन्हें भारत दिखाएं। जब आप उन्हें भारत लाएंगे तो निश्चित रूप से जो कोई भी दुनिया के किसी भी हिस्से से भारत आता है तो वह आध्यात्मिकता की तलाश में होता है।

ऑफ बीट

# जलवायु परिवर्तन से समुद्री जल हो सकता है जल्द ठंडा



समुद्र के गर्म होने के प्रभाव गहरे और अच्छी तरह से प्रलेखित हैं। लेकिन कभी-कभी हवाओं और समुद्री धाराओं के पैटर्न में बदलाव के कारण समुद्री जल अचानक ठंडा हो जाता है। इस दौरान पानी की सतह का तापमान तेजी से गिर सकता है – एक या दो दिन में 10 * सी या इससे अधिक। जब ये स्थितियाँ कई दिनों या हफ्तों तक बनी रहती हैं, तो क्षेत्र में 'शीत लहर' का अनुभव होता है, जो अधिक प्रचलित समुद्री हीटवेव के विपरीत है। मार्च 2021 में दक्षिण अफ्रीका के दक्षिण-पूर्वी तट पर एक 'हत्यारी शीत लहर' प्रकट हुई और इसने कम से कम 81 प्रजातियों के सैकड़ों जानवरों को मार डाला। इससे भी अधिक चिंता की बात यह थी कि इन मरने वाले जीवों में पहले से ही असुरक्षित मंटा रे और यहां तक कि कुख्यात मजबूत प्रवासी बुल शार्क भी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका में, विशेष रूप से पिछले 15 वर्षों में ऐसी आकस्मिक ठंड की घटनाओं के कारण बुल शार्क, व्हेल शार्क और मंटा रे पहले भी मर चुकी हैं। जैसा कि हम नेचर क्लाइमेट चेंज में रिपोर्ट करते हैं, पिछले चार दशकों में ऐसी स्थितियाँ तेजी से आम हो गई हैं जो इन विनाशकारी शीतलहरों को उत्पन्न कर सकती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




### पीएम मोदी ने हावड़ा और पूर्णिया में लोगों को किया संबोधित

# ममता सरकार घुसपैठियों को पनाह दे रही, सीएए का विरोध कर रही और रामनवमी जुलूस और एजेंसियों पर हमले किए जा रहे

एजेंसी ▶▶| हावड़ा/पूर्णिया

पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में उन्होंने मंगलवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार की आलोचना की। पीएम मोदी ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को सुरक्षा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को तो सुरक्षा देती है लेकिन नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध कर रही है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध हैं। जब केंद्रीय एजेंसियां इन मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर हमला हो जाता है। टीएमसी ने घुसपैठियों और गुंडों को राज्य पट्टे पर दे दिया है। उन्होंने कहा कि टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी मर्जी से हिल भी नहीं सकते हैं। लेकिन 2024 का यह चुनाव उन्हें बता देगा कि बाबासाहब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। टीएमसी ने आदिवासी समुदाय की महिलाओं को अपने घुटनों पर झुका दिया लेकिन जल्द ही टीएमसी घुटनों पर आ जाएगी।

*पीएम मोदी ने बंगाल के बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार की आलोचना की।उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध हैं।उधर, पूर्णिया में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की तीसरी पारी को लेकर पहले से ज्यादा उत्साह दिख रहा है।*




### पूर्णिया में पीएम मोदी की हुंकार

फिर एक बार मोदी सरकार, विकसित भारत के लिए- 4 जून, 400 पार पीएम मोदी बिहार के पूर्णिया में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की तीसरी पारी को लेकर पहले से भी ज्यादा उत्साह नजर आ रहा है। यहां के लोगों से कहा कि उनका ये उत्साह बता रहा है कि 'फिर एक बार मोदी सरकार, विकसित भारत के लिए- 4 जून, 400 पार!'. पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था, जब केंद्र की सरकारें बिहार को पिछड़ा कहकर पीछा छुड़ा लेती थीं। बिहार की सरकारें भी सीमांचल को पिछड़ा कहकर पल्ला झाड़ लेती थी, लेकिन हमने सीमांचल और पूर्णिया के विकास को अपना मिशन बनाया है।

### रामनवमी के जुलूस को रोकने के लिए टीएमसी रच रही साजिश

*पीएम मोदी ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि रामनवमी पर रामलला अयोध्या स्थित अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैं। मुझे पता है कि हर वर्ष की तरह इस साल भी ममता सरकार ने राम नवमी समारोह को रोकने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने समारोह को रोकने के लिए कई साजिशें रची हैं। लेकिन जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए अदालत ने रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति दे दी है।*

### टीएमसी की दुकान बंद हो जाएगी

पीएम मोदी ने कहा कि बालुरघाट में उमड़ा यह जनसैलाब को देखकर लगता है कि इस बार जीत विकास की होगी। आज पूरा राज्य कह रहा है 4 जून को 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि टीएमसी को लग रहा है कि पीएम मोदी ने योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है। टीएमसी को लगता है कि अगर जनता को मोदी की गारंटी से लाभ मिला तो राज्य की जनता का विकास हो जाएगा। टीएमसी की दुकान बंद हो जायेगी इसलिए वे झूठी खबर फैला रहे हैं।



### खुले वाहन में सवार होकर रोड शो किया

*भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा ने विशेष खुले वाहन में सवार होकर रोड शो किया। उन्होंने पन्नीरसेल्वम की तारीफ करते हुए उनका प्रचार किया।*

### डीएमके पर बरसे नड्डा

*नड्डा ने तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में राजग के प्रत्याशी और पूर्व सीएम ओ पन्नीरसेल्वम के समर्थन में रोडशो किया। राज्य में सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर कथित भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधते हुए नड्डा ने इस पार्टी के लोगों पर 'बालू घोटाले' में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि द्रमुक का मतलब - डी यानी डायनेस्टी (वंशवाद), एम यानी मनी स्विंडलिंग (पैसे की हेराफेरी) और के यानी कट्टापंचायत (कंगारू अदालत) है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज होगी।*

### राहुल ने सरकार पर साधा निशाना

## अग्निवीर देश की रक्षा का सपना देखने वाले युवाओं का 'अपमान'



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना को लेकर निशाना साधा। राहुल ने आरोप लगाया कि यह योजना पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यालय में तैयार की गई और सशस्त्र बलों पर थोपी गई है। राहुल ने कहा कि केंद्र में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनते ही अग्निपथ सैन्य योजना को खत्म कर पुरानी स्थायी भर्ती प्रक्रिया वापस लाई जायेगी। एक पोस्ट में कहा कि अग्निपथ सेना और देश की रक्षा का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की योजना नहीं है बल्कि पीएमओ में बनी योजना है जिसे सेना पर थोपा गया है। शहीदों के साथ अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। सर्वोच्च बलिदान देने वाले हर व्यक्ति को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए।

### भाजपा ने जारी 7 उम्मीदवारों की सूची

*भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए मंगलवार को 7 उम्मीदवारों के नामों की एक नई लिस्ट जारी कर दी है। यह 12वीं सूची है। इस सूची में महाराष्ट्र से एक, पश्चिम बंगाल से एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। ओडिशा में विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। भाजपा ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है।*

### जोरहाट में प्रियंका ने किया रोड शो

तिताबड़। असम के जोरहाट जिले में पार्टी उम्मीदवार गौरव गोगोई के समर्थन में एक रोड शो का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि अगर इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव जीतता है तो चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी में वृद्धि की जाएगी।उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ दल संविधान को बदलना चाहता है और अगर ऐसा होता है तो देश के आम लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा।जब मैं 2-3 साल पहले विधानसभा चुनावों से पहले असम आई थी और चाय बागानों का दौरा किया था तो मैंने कांग्रेस की सरकार बनने पर मजदूरी बढ़ाने का वादा किया था। आपने भाजपा को चुना और मजदूरी लगभग 250 से आगे नहीं बढ़ाई गई।

- पीएम के इंटरव्यू पर कसा तंज, चाय बागानों की मजदूरी बढ़ाएंगे



### आप ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

#### जेल में बंद केजरीवाल, सिसोदिया और सतेंद्र के भी नाम

अहमदाबाद। आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव में गुजरात के लिए अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी। दिलचस्प बात यह है कि इस सूची में दिल्ली के सीएमअरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन के भी नाम हैं, जबकि ये तीनों ही दिल्ली आबकारी घोटाले के सिलसिले में फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।



गुजरात के 'आप' के स्टार प्रचारक की लिस्ट में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का भी नाम है। पंजाब के सीएम भगवंत मान भी गुजरात में आप के लिए प्रचार करेंगे।

## खबर संक्षेप

### दुर्गम मतदान केंद्रों के लिए 12 पोलिंग टीमें रवाना



नई दिल्ली। 19 अप्रैल को पहले चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के लिए मतदान टीमें रवाना होनी शुरू हो गयी हैं। उत्तराखंड के दुर्गम मतदान केंद्रों के लिए 12 पोलिंग टीमें आज रवाना हो गई हैं। पिथौरागढ़ के एक व उत्तरकाशी जिले के ग्यारह सबसे दूरस्थ बूथों के लिए टीमें रवाना हो गई हैं।टीम में मतदान कार्मिक, सुरक्षा कर्मी, फोटोग्राफर, सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक जोनल मजिस्ट्रेट शामिल हैं। पिथौरागढ़ जिले की सीमा सील कर दी है।

### हुबली के पास सड़क हादसा, 3 की मौत



हुबली। आंध्र प्रदेश के 3 लोगों की हुबली में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। शहर के बाहरी इलाके में एक कार बस सेचकरा गई। इस घटना की जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस की जानकारी के अनुसार ने बताया कि चारों अपने गृह राज्य जा रहे थे जब सोमवार देर रात अंचतगेरी गांव के पास यह दुर्घटना हुई। उनमें से तीन ने दम तोड़ दिया, चौथे का इलाज आईसीयू में किया जा रहा है।

### लग्जरी गाड़ियों की चोरी पति-पत्नी गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने चोरी की लग्जरी गाड़ियों को बेचने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपी की पहचान बिहार के पाटलिपुत्र की रहने वाली लवली सिंह के रूप में हुई है। पिछले साल उसके पति गोविंद को भी चोरी की मारुति के साथ गिरफ्तार किया गया था। गोविंद ने खुलासा किया था कि पत्नी को कई लग्जरी गाड़ियां मिली थीं।

# लकी ड्रा में खुली पाठकों की किस्मत: कार, फ्रीज, टीवी के मिले पुरस्कार

### हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना में हजारों पाठकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि समाचार पत्र खबरों के साथ पाठकों के लिए समय-समय पर पुरस्कार योजनाएं भी लाता है, जिसमें हरिभूमि के पाठकों को इनाम दिए जाते हैं। ऐसी ही पाठक पुरस्कार योजना का मंगलवार को हरिभूमि कार्यालय में लकी ड्रा निकाला गया। ड्रा में हजारों की संख्या में पाठक के कूपन फॉर्मेट कार्यालय में प्राप्त हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में खन्ना न्यूज एजेंसी, रायपुर के सेनापति खन्ना व सुमित ग्रुप के डॉयरेक्टर नमित कांकरिया व राजेश पब्लिसिटी, रायपुर की डॉयरेक्टर इंदिरा जैन एवं हरिभूमि के महाप्रबंधक अनिल गहलावत, हरिभूमि के समन्वय संपादक ब्रह्मवीर सिंह, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, महाप्रबंधक अनंत राम साहू व हरिभूमि के मार्केटिंग मैनेजर संजय बनवासी व आईएनएच के मार्केटिंग मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव की उपस्थिति में लकी ड्रा से एक-एक कर इनामों के कूपन से पाठकों का नाम निकला गया। इस लकी ड्रा में निकले विजेताओं को हरिभूमि द्वारा कार फ्रीज, टीवी, इंडक्शन कुकर, मिक्सर ग्राइंडर, रूम हीटर, कैटल बॉक्स सहित सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

### ड्रा से निकाले गए पाठकों के नाम, हजारों को मिलेगा पुरस्कार






### हजारों पाठकों ने लिया हिस्सा

पाठकों को हरिभूमि पुरस्कार योजना का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह रही कि हरिभूमि की पाठक पुरस्कार योजना को लेकर पाठकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आकर्षक इनाम प्राप्त करने के लिए हजारों पाठकों ने नाम व पता सहित कूपन हरिभूमि कार्यालय में जमा किया था। अतिथियों के समक्ष लकी ड्रॉ में नाम निकालने के साथ इनाम घोषित करने की पूरी प्रक्रिया हरिभूमि में पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की गई। कार्यालय में पाठकों के एक-एक कूपन को टेबल पर रखा गया था, जिसके बाद अतिथियों ने खुद से ढूंढकर कूपन निकाला।



### रायपुर के पाठक को मिली कार

पुरस्कार योजना में प्रथम पुरस्कार कार थी। लकी ड्रा में अरविन्द ठाकुर पिता राम दुलारे ठाकुर, जंघेल प्लाजा, मंडी गेट, पंडरी, रायपुर नाम का कूपन निकाला गया। द्वितीय पुरस्कार एलईडी टीवी 4 नग शारदा जायसवाल, ज्वाली नाला, तेलीपारा रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ व रामचंद्र प्रजापति सुपुत्र श्री कृष्ण पाल प्रजापति, आदर्श नगर, हिसार, हरियाणा, भीषम कुमार नगरची पिता प्रेमसिंग नगरची, देवगांव, छुइहा बेलर (छग) व दिनेश कुमार वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा, गोकुल नगर, रायपुर (छग) का नाम लकी ड्रा में निकला है।

### पाठको को दिया जाएगा सांत्वना पुरस्कार

लकी ड्रा में जिनका नाम निकला है उन्हें पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही जिन पाठकों ने कूपन कार्यालय में जमा किया उन पाठकों को भी हरिभूमि की ओर से संत्वाना पुरस्कार दिया जाएगा। इसकी घोषणा जल्द हरिभूमि में प्रकाशित की जाएगी। नाम जानने के लिए हरिभूमि पढ़ते रहें।

### तृतीय पुरस्कार में इन्हें मिलेगा रेफ्रिजरेटर

सूरज सिंह क्षत्री, सतपाल भवन, 27 खोली, बिलासपुर (छ.ग.), शंकर लाल तिवारी, स्कूल पारा, वैशाली नगर, कुसमुंडा, कोरबा (छ.ग.), रमन सिहाग सुपुत्र रामेश्वर सिहाग हालू बाजार भिवानी (हरियाणा), मोईन अ. खान पिता जी. एम खान माकन नंबर-646, सड़क-7, शांति नगर, भिलाई नगर (छ.ग.), भावेश पाल पिता संतोष पाल, मठपुरेना, रायपुर (छ.ग.)।

### चतुर्थ पुरस्कार में तीन फाटकों को वॉशिंग मशीन

महामाया स्टेशनरी एंड स्पोर्ट्स, स्कूल रोड, हनुमान मंदिर के पास, अंबिकापुर (छ.ग.), बसंत लाल भार्गव सुपुत्र शिवदयाल भार्गव, रेवाड़ी रोड, दुकान नारनौल (हरियाणा), मनोज चंद्राकर पिता नेमकरण चंद्राकर, झुरानगांव, बारना, कुरुद, धमतरी (छ.ग.)।

### पांचवा पुरस्कार में माइक्रोवेव

संगीता अग्रवाल, खरसिया रोड, वार्ड नंबर-1, सक्ती (छ.ग.), दिपांशु रंजन सुपुत्र रमेश कुमार म.नं. 301/1 वार्ड नं. 2 संजय कॉलोनी, रोहतक (हरियाणा), रवि कुमार वर्मा पिता डी. पी. वर्मा, मोहदी, फारेस्ट कॉलोनी, मगरलोड, धमतरी (छ.ग.)।

### छठा पुरस्कार में गैस स्टोव

नीलेश कुमार पटवा, बाजार पारा, पटना, कोरिया (छ.ग.), मुन्ना लाल साहू, एनकेजे, कटनी (म.प्र.), श्याम लाल (सोरी) ठाकुर पिता उदय सिंह सोरी (ठाकुर), वार्ड नंबर-5, आमादार पारा डौंडी, दल्लीराजहरा बालोद (छग), पुनीत राम साहू पिता धुर्रहा राम साहू, चन्दनबिरही, चिटॉद, धमतरी (छग)।

### सातवां पुरस्कार में इंडक्शन

धन्नू राम वाघकार, जरहागांव, मुंगेली (छ.ग.), ब्रिजेश कुमार जायसवाल, पुरानी बस्ती, कटघोरा, कोरबा (छ.ग.), रीतू मांझी, फुन्दुलडिहारी, महुआपारा, अंबिकापुर (छ.ग.), महेश राम देवांगन, सेठी नगर, चक्रधर नगर. रायगढ़ (छ.ग.), राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सुपुत्र श्री रामपत राम शर्मा, राव तुलाराम विहार, रेवाड़ी (हरियाणा), श्री वेदप्रकाश सुपुत्र श्री गोपीराम, गांव व डा. रोहण, तह. खरखौदा, सोनीपत (हरियाणा), विकाश साहू पिता श्रीराम साहू , माँ कर्मा वार्ड.न.02, कवर्धा (छ.ग.), पूरण महानंद पिता गरसा महानंद सिचाई कॉलोनी रायपुर (छ.ग.), अजय कुमार पिता स्व. केशव प्रसाद, शांति नगर भिलाई (छ.ग.), घनाराम राम नेताम पिता दीनदयाल नेताम, प्लाट -182/3, वी.आई.पी. नगर भिलाई (छ.ग.), ओम प्रकाश देवांगन पिता जतीराम देवांगन, मुक्ति धाम राम नगर भिलाई (छ.ग.), रामेश्वर दावले पिता के.एल.दावले मकान नं 64, राजवीर नगर, सेमराकलां (म.प्र.)।

### आठवां पुरस्कार में हीटर 6 नग

नरेश साहू, मेन रोड, जरोधा, तखतपुर (छ.ग.), अरविंद कुमार खटीक ग्राम कागपुर जिला विदिशा (म.प्र.), रजनीश कुमार जैन, महेंद्र कुमार जैन वार्ड नंबर 5 कोतमा (म.प्र.), पूर्वांशी सुपुत्री सोमबीर गांव दगड़ोली, बाढ़ड़ा, चरखी दादरी (हरियाणा), भूषण लाल ध्रुव पिता सुखु राम ध्रुव, सुरभि विहार कॉलोनी, मचेवा महासमुंद (छ.ग.), रीमन साहू पिता पुलस्य कुमार, डिपोपारा, सोरिद, धमतरी (छ.ग.)।

### उत्तर प्रदेश से बंगाल तक लू की मार

## कई राज्यों में पारा 40 के पार पहुंचा, उमस से बेचैनी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अप्रैल का आधा महीना बीत चुका है और गर्मी धीरे-धीरे अपना विकराल रूप दिखा रही है। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में दिन में धूप खिली रहने की वजह से मौसम में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार सोमवार को बिहार के नौ जिलों में पारा 40 के पार पहुंच गया है। वहीं तटीय राज्यों जैसे कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, माहे और गुजरात में गर्म हवाओं के साथ उमस लोगों का बुरा हाल करने वाली है। पश्चिम बंगाल को भीषण गर्मी के तौर पर हाई अलर्ट पर रखा गया है। यहां 17 से 19 अप्रैल के बीच अलग-अलग इलाकों में तेज लू चलने की संभावना है। इस दौरान तापमान के स्तर में भी बढ़ोतरी होने की आशंका है। केरल के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

### कश्मीर के सोपोर के मालपोरा गांव का मामला

# तीन दिन तक नीलामी के बाद 2.26 लाख में बिका अंडा

एजेंसी ▶▶| सोपोर

कश्मीर के सोपोर के मालपोरा गांव के एक गरीब आदमी ने दिल छू लेने वाला काम किया है। गांव के लोग मस्जिद बनाने के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। इसमें एक गरीब आदमी ने एक अंडा दान किया। इस अंडे को नीलामी के लिए रख दिया गया और इससे 2.26 लाख रुपए इकट्ठा किए गए। अब हर कोई इस बात को लेकर हैरान है कि एक अंडा इतने रुपयों में कैसे नीलाम हो सकता है? लेकिन यह सच्चाई भी अब सामने आई है।



### दानिश अहमद ने खरीदा अंडा

दानिश ने बताया किमस्जिद बनाने के लिए मैं कुछ करना चाहता था। मैंने 70 हजार रुपए देकर अंडा खरीदा। मस्जिद ने बोली को 40 मिनट रखने का फैसला किया था। पहले बोली 15 हजार लगाई, फिर 20, 30 , 40 और 50 हजार हो गई, किसी ने 60 हजार दे दिया। मैं भी आया वहां पर मैंने 70 हजार दे दिए। 60 लाख रुपयों की जरूरत है।

### ईद के दिन शुरू हुई नीलामी

*11 अप्रैल को ईद के दिन दान में मिले हुए सभी सामान की नीलामी की गई। ईद के दिन को इस वजह से चुना गया था ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग नीलामी में भागीदारी करें। अंडे की बोली के दौरान ये कई हाथों में गया। हर नीलामी के बाद खरीदार और रुपए जुटाने के लिए अंडा कमेटी को वापस कर देते और फिर से बोली लगती।*

### उसके पास देने के लिए कुछ नहीं था

मस्जिद कमेटी ने बताया कि रमजान के दौरान कमेटी के लोग चंदा जमा कर रहे थे। गांव के लोग पैसों के अलावा और भी कई तरह की चीजें दान कर रहे थे। कुछ लोगों ने ईंट, सीमेंट, लकड़ियां भी दान में दी। इस दौरान जब मस्जित की कमेटी के लोग उस युवक के घर पर पहुंचे तो उसने अंडे को दान में दिया। युवक गरीब है और अपनी मां के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि उसके पास देने के लिए अंडे के अलावा और कुछ भी नहीं था।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा आज

## सनातन धर्म महासभा के नेतृत्व में होगा आयोजन

जबलपुर।

वासंतेय नवरात्र पर्व के विश्राम दिवस पर आज रामनवमीं के दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। वहीं आदिशक्ति की उपासना के नौ दिन सिद्धिदात्री देवी की आराधना व उपासना के उपरांत श्रद्धालु अपना व्रत खोलेंगे और तदोपरांत जवारों की शोभायात्रा निकाली जायेगी। श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा भगवान श्रीराम नरसिंहपीठाधीश्वर स्वामी नरसिंहदास महाराज के सान्निध्य में शाम 6 बजे पुराना बस स्टेण्ड से श्रीराम शोभायात्रा और तीन पत्ती चौक से शिर्डी के साईं बाबा की शोभायात्रा निकाली जायेगी। श्री सनातन धर्म महासभा के ने बताया कि भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर शहर में परम्परानुसार 17 अप्रैल बुधवार की शाम 6 बजे से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। शाभायात्रा में रामधुन प्रस्तुत करती विभिन्न मंडलियां शामिल होंगी। वहीं शहर के तमाम साधु संत भी इस शोभायात्रा में शामिल होंगे। जीवंत झांकियां, बैण्ड दल और अश्वारोही दल भी शोभायात्रा में चलेंगे।

शोभायात्रा में श्रीराम मंदिर मदनमहल की झांकियां भी शामिल होंगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन माखीजा ने बताया कि मंदिर में प्रात मानस गायन एवं धार्मिक अनुष्ठान होंगे। दोपहर 12 बजे प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। विशाल भंण्डारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद, भोजन आदि का वितरण किया जायेगा। तदोपरांत दोपहर 3 बजे मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो बस स्टेण्ड में जाकर मुख्य शोभायात्रा में शामिल होगी।



### हनुमान चालीसा का होगा पाठ

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की जीवंत झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। अयोध्या में बने श्रीराम मंदिर की भव्य झांकी और हनुमानजी की जीवन झांकी आकर्षण का केंद्र होगी।

### शोभायात्रा का मार्ग

शोभायात्रा मुख्य बस स्टैण्ड से निकलकर तीनपत्ती चौक, जहांगीराबाद, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा बाजार, कोतवाली थाना होते हुये गोविंदगंज रामलीला मैदान मिलौनीगंज में संपन्न होगी, जहां पर धर्म सभा के रुप में तब्दील हो जायेगी।

### उपस्थिति की अपील

शोभायात्रा में उपस्थिति की अपील सनातन धर्म महासभा के महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद जी महाराज, स्वामी नरसिंह दास जी महाराज, स्वामी राधेचैतन्य, श्याम साहनी, चंद्र कुमार भनोत, गुलशन मखीजा, अनिल तिवारी, कैलाश गुप्ता, वासुदेव शास्त्री, रोहित दुबे, विजय सरावगी, डॉ पवन स्थापक, डॉ सुधीर अग्रवाल ने विध्येश भापकर, डा एच पी तिवारी, डॉ.संदीप मिश्रा, मनोज नारंग, लक्की भाटिया, पप्पन मिश्रा, मनोज यादव, अंशुल मलिक आदि ने की है।

## नवमीं पर आज होगा ज्वारों का विसर्जन

# अष्टमी : घर-घर चढ़ाई गई माता महागौरी को अठवाई



जबलपुर। वासंतेय नवरात्र पर्व की आज नवमीं है। मंगलवार पर अष्टमी पर सभी देवी, देवालयों में पूजा अर्चना की गई। माता महागौरी को अठवाई का भोग लगाया गया। कन्याभोजन और भंडारे के आयोजन किए गए। आज भी यह सिलसिला नवमी पूजन पर जारी रहेगा। नवमें दिन माँ भगतवी के नौवें स्वरुप सिद्धीदात्री की पूजा अर्चना की जाएगी। शहर के प्रसिद्ध प्राचीन मठ बड़ी खेरमाई, बूढ़ी खेरमाई, छोटी देवन राइट टाउन, बगलामुखी सिद्धपीठ सिविक सेंटर, श्री वृहत महाकाली कालीधाम गढाफाटक, महाकाली मंदिर सदर, काली मंदिर गोपालबाग, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा में लगातार नौ दिनों तक अनुष्ठान चले। ज्वारों की स्थापना की गई। आज नवमी में हवन पूजन के बाद जवारों की विसर्जन यात्रा भी निकाली जाएगी। पिछले नौ दिनों से शहर पूरी तरह भक्तिभाव में डूबा रहा। देवी के नौ स्वरूपों की उपासना आराधना की गई। वासंतेय नवरात्र की महाअष्टमी पर घर-घर आठें भरी गईं। देवी को भोग अर्पित किया गया।

## माँ शारदा आशीष दरबार में हवन



सैनिक सोसायटी रामपुर स्थित माँ शारदा आशीष दरबार में मंगलवार महाअष्टमी को हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। पिछले 9 दिनों से यहां धार्मिक अनुष्ठान चल रहे थे। इस अवसर पर मुकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष- मिलन मुखर्जी, सचिव- जयंत, क्षीरसागर, संजय बारहा, पंडित-सुबोध मिश्रा, सरबजीत सिंह तग्गड, संतोष द्विवेदी, मनीष शर्मा, तरनप्रीत सिंह आहलूवालिया, शुभम विश्वकर्मा ,अमनदीप, जे.बी. राय,कौशलेंद्र महाजन राजीब-आशीष दनायक, संतोष मिश्रा, राजेश उपाध्याय, विवेक त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, सुधांशु उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



## बंग समाज ने माँ अन्नपूर्णा को लगाया भोग

बंग समाज द्वारा महाअष्टमी के दिन गीतांजली भवन, सदर में प्रात 10 बजे से पं. गोपाल मिश्र द्वारा विधिवत केप्टन, पी.के. पांडा, मुख्य संयोजक से संकल्प करवाकर पूजन प्रारंभ कराया गया। माँ अन्नपूर्णा को खीर का भोग लगाया गया। श्रृद्धालुओं में बड़ी संख्या में महिलायें एवं पुरुषों ने पुष्पांजली, आरती, हवन, में शमिल होकर भोग प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर 'आस्ट्रेलिया (सिडनी) से पधारी श्रीमति सुप्रिया बैनर्जी मिश्र ने नेतृत्व किया, वहीं श्रीमती मुक्ता राय, श्रीमती रूपा बैनर्जी, श्रीमती शिखा चटर्जी एवं श्रीमती गौरी बेनर्जी उपस्थित थी।

## श्री नव चण्डी महायज्ञ में गूंजे मातारानी के जयकारे



नव शक्ति मित्र मंडल, महिला मंडल एवं शक्तिनगर महाकाली समिति के तत्वावधान में श्री नव चण्डी महायज्ञ एवं शक्ति उपासना के दौरान सप्तमी तिथि को विविध अनुष्ठान हुए। प्राचीन माँ सिद्धी दात्री मंदिर 90 क्वाटर, शक्तिनगर में आयोजित महायज्ञ में माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। हवन पूजन के साथ माता की महाआरती की गई। सप्तमी तिथि पर आचार्य ज्ञानेन्द्र पाठक के सान्निध्य में अनुष्ठान हुए।16 अप्रैल को रात्रिकालीन विशेष हवन होगा। 17 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं कन्या पूजन होगा। कलश यात्रा में प्रशांत सिजरिया, गणेश तिवारी चंदन कोरी, किशोर सूर्यवंशी संदीप शर्मा अंकित श्रीवास्तव तनु सीताराम पांडे,हर्ष ठाकुर, हर्षित श्रीवास्तव, आशु नामदेव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## दिव्यांग विद्यार्थियां ने ली मतदान की शपथ

जबलपुर। शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत महाविद्यालय के दिव्यांग छात्र/छात्राओं ने मतदान करने हेतु शपथ ली एवं अन्य छात्र/छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, प्रो. अरूण शुक्ल, जिला यूथ स्वीप कॉडिनेटर एवं प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी ने विद्यार्थियों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई एवं मतदान के महत्व को समझाया एवं चुनाव आयोग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए मतदान हेतु दी गई सुविधाओं के बारे में विस्तुत रूप से बताया। इस अवसर पर डॉ. शिवेन्द्र सिंह परिहार, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, सुखदेव चौरसिया के साथ महाविद्यालय के लगभग 72 दिव्यांग छात्र/छात्रायें उपस्थित रही।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 अप्रेल को



जबलपुर। विगत दिवस मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में कलचुरी महासभा की बैठक का आयोजन समाज भवन में किया गया। अध्यक्ष मनोहर चौकसे ने बताया कि आगामी 21 अप्रैल को मानस भवन में विराट अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। महामंत्री बी डी राय के द्वारा बताया गया कि सम्मेलन में 1000 से अधिक युवक युवतियों आने की संभावना है। सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु विभिन्न का समितियों का गठन किया गया। बैठक में व्ही के गुप्ता, देवेंद्र चौकसे,राकेश चौकसे, जे पी राय, राजेश जायसवाल पप्पू, राजीव चौकसे, कौशलेन्द्र महाजन, आशीष राय बंटी, सदगुरू राय, संदीप चौकसे, दिनेश शिवहरे आदि उपस्थित थे।

# दादा ठनठन पाल महाराज ने हजारों लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण की

जबलपुर।



दादा ठनठन पाल जी महाराज नर्मदा क्षेत्र के सिद्ध संत थे आज 62वे महानिर्वाण दिवस पर हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने शंकर घी भंडार गढाफाटक में महाआरती के आयोजन के समय उद्बोधन में कहा दादा ठनठन पाल महाराज के पास जो भक्त उनके पास आते थे वह पहले ही उनके दुख दर्द बता देते थे। मनोकामना पूर्ण करते थे सीताराम महामंत्र का चारों तरफ प्रचार कर सनातन धर्म की अलख जगाई। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया 5 दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन दादा ठनठन पाल महाराज की विशेष महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया गया। दूसरे दिन 17 अप्रैल सुबह 9:00 बजे जमुना सभागृह गोल बाजार में अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। इस अवसर पर ब्रह्मलीन रामसेवक दादा ब्रह्मलीन हल्के भैया को विशेष रूप से याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने आभार डॉ शिवशंकर पटेल ने किया, मनमोहन दुबे, बंटी पटेल, करण पटेल, कंछेदी पटेल, श्याममनोहर पटेल, प्रभाकर चतुर्वेदी, मनोज गुलवाबनी, मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे।

# रोटरी पाठशाला दक्षता में सीखे नेतृत्व के गुर

जबलपुर।



रोटरी अंतरराष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट 3261 (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा) के रोटरी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला 'दक्षता' विगत दिवस होटल अन्नपूर्णा इन जबलपुर में संपन्न हुई। रोटरी क्लब जबलपुर द्वारा प्रायोजित कार्यशाला में कन्वीनर पूर्व अध्यक्ष बलदीप सिंह मैनी द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। निर्वाचित प्रांतपाल अखिल मिश्र ने उपस्थित समस्त नेतृत्वकर्ताओं को आचरण व्यवहार में सदैव धैर्य एवं विनम्रता को नेतृत्व के सफलता की कुंजी बताया साथ ही बेहतर टीम बनाकर कार्य करने के फायदे कैसे अपेक्षित परिणाम में बदलते हैं, का बोध कराया। पूर्वी मध्य प्रदेश के 31 रोटरी क्लबों के पदाधिकारियों ने सम्मिलित होते हुए नेतृत्व के गुर सीख कर आगामी रोटरी वर्ष 2024-25 में पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प को दोहराया। असिस्टेंट रोटरी कोऑर्डिनेटर एवं डिस्ट्रिक्ट लर्निंग फैसिलिटेटर (24-25) पू.प्रा.सुनील फाटक के निर्देशन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 'दक्षता' में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत करने जबलपुर से पू.प्रा. एड.उमाकांत शर्मा, राउरकेला उड़ीसा से पू.प्रा. एफसी मोहंती, संबलपुर उड़ीसा से पू.प्रा.शंभू जगतरामका, बालाघाट से पू.प्रा.डॉ.निखिलेश त्रिवेदी, बिलासपुर छत्तीसगढ़ से डॉ.दविंदर सिंह,उड़ीसा से जतिंदर शर्मा, जबलपुर से कार्यशाला सचिव अनिल केशवन, सीए राकेश खंडेलवाल, विनय कोपरिया, एड.उत्तम चांडक, इंजी.रवि वैश्य ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम तथा संवाद एवं विचार विमर्श की पद्धति अपनाते हुए रोटरी कांस्टीटयूशन,बायलॉज एवं प्रोटोकॉल तथा सेवा प्रकल्पों के क्षेत्र के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। कुमारी पवनी श्रीवास्तव द्वारा मनभावन गणेश वंदना नृत्य की प्रस्तुति की गई। श्रीवत्स केशवन द्वारा सुरीली आवाज में एकदंत-वक्रतुंड की भावमय गायिकी ने खूब वाह वाही लूटी। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी जनरल (24-25) सारंग भिड़े, असिस्टेंट गवर्नर रामकृष्ण चौकसे, प्रसून धारोलिया, जसमीत पसरिचा, डॉ.संजय छत्तानी, क्लब सचिव अनिल अगीचा, सोनम केसरवानी, पू.अ. एन के श्रीवास्तव, सतीश कोष्टा की सक्रिय उपस्थिति सराहनीय रही। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर उपस्थित प्रतिभागियों को निर्वाचित प्रांतपाल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन क्लब अध्यक्ष नितिन पालीवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला चेयरमैन मनु शरत तिवारी द्वारा दिया गया।




## दृष्टिबाधित स्कूल में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर। शासकीय दृष्टि बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबलपुर में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शिव शंकर कपूर ने दिव्यांग जनों को मतदान हेतु क्या-क्या सुविधा दी जा रही है इसकी जानकारी दी और प्राचार्य सुरेश यादव ने 19 अप्रैल को होने वाले मतदान हेतु सभी से मतदान करने की अपील की और कार्यक्रम का आरंभ गीत संगीत के माध्यम से हुआ जिसमें कमल बघेल ने मतदाता जागरूकता के लिए एक गीत संगीत में प्रस्तुति दी।

## राम नवमी पर कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को दी कानून व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी

जबलपुर। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में पदस्थ सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को 17 अप्रैल को रामनवमी पर अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी दी है। जिला दण्डाधिकारी सक्सेना ने सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को आदेश दिये हैं कि राम नवमी पर वे अपने-अपने क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर कानून व्यवस्था पर नजर रखें। उन्हें अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों से भी निरंतर समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिये गये हैं तथा किसी भी प्रकार की सूचना से तत्काल अपर जिला दण्डाधिकारी एवं पुलिस कंट्रोल रूम को अवगत कराने कहा गया है। कार्यपालक दण्डाधिकारियों को नगर निगम, छावनी परिषद एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सफाई, पेयजल एवं प्रकाश के समय पूर्व समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने की हिदायत भी दी गई है।

## कैप, मास्क स्कार्प का जुड़ेगा खर्च

### दोपहिया वाहन पर लगाया जा सकेगा एक गुना आधा फीट का ध्वज

जबलपुर। भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान कोई भी व्यक्ति दोपहिया वाहन पर एक फीट गुणा आधा फीट का ध्वज लगा सकता है। लेकिन यदि इस पर उम्मीदवार का नाम या फोटो होगा तो वह उम्मीदवार के चुनाव खर्च में जुड़ेगा। इसी प्रकार किसी व्यक्ति द्वारा अपने वाहन पर एक या दो छोटे स्टीकर भी लगा सकता है। फ्लैग की स्टिक किसी भी दशा में 3 फीट से अधिक नहीं हो सकती है। आयोग के मुताबिक राजनैतिक दल के कार्यालय या उम्मीदवार के स्वयं के भवन पर अधिकतम तीन झंडे लगाए जा सकते हैं। रोड शो के दौरान प्रत्येक 10 वाहनों के उपरांत 100 मीटर का अंतराल रखना आवश्यक है। यदि कोई वाहन इसका उल्लंघन करता है तो उसको संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया तक के लिए जप्त किया जा सकता है। रोड शो के दौरान बैनर की अधिकतम साइज 4 फीट गुणा 6 फीट हो सकती है। आयोग ने चुनाव प्रचार में वाहनों के उपयोग के बारे में कहा है कि यदि कोई व्यक्ति प्राइवेट व्हीकल पर स्वयं के लिए ध्वज या स्टीकर लगाकर चलता है तो यह आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। लेकिन यदि वह किसी अन्य के समर्थन में ध्वज को लगाए हुए हैं तो इस पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 एच के प्रावधान लागू होंगे। कमर्शियल वाहन की दशा में स्वयं के वाहन पर भी ध्वज लगाने के लिए रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति लेना आवश्यक होगी। इसी प्रकार यदि वाहन में सामान्य किस्म का मॉडिफिकेशन किया जाता है जो मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 52 के तहत है तो वह अनुमत्य है लेकिन इससे किसी दूसरे को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए। आदर्श आचार संहिता के दौरान यदि कोई प्रत्याशी या राजनैतिक दल कैप मास्क या स्कार्फ का वितरण करता है तो इसे आचार संहिता का उल्लंघन नहीं माना जाएगा बशर्ते प्रत्याशी द्वारा इस हेतु खर्चे के संबंध में सूचना दे दी गई हो। परंतु यदि प्रत्याशी या पार्टी द्वारा मुख्य वस्त्र जैसे साड़ी या शर्ट वितरित की जाती है तो यह आदर्श आचार संहिता का उललंघन होगा।

## शिर्डी के संत सांईनाथ की शोभायात्रा आज

जबलपुर। सच्चिदानंद सदगुरू साईंनाथ के पावन जन्मोत्सव पर संस्कारधानी शिर्डी साईं शोभायात्रा समिति जाबालिपुरम के तत्वाधान में परम्परानुसार इस वर्ष भी विशाल आकर्षक शोभायात्रा अपार श्रृद्धाभक्ति एवं आस्था के साथ 17 अप्रैल बुधवार को निकलेगी। नगर तथा उपनगरीय क्षेत्रों के साईं मंदिरों ने एकजुट होकर संस्कारधानी को विश्व साईंमय बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिये बाबा की झांकियों और उनके विभिन्न स्वरूपों को शोभायात्रा मेंसम्मिलित करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही श्रीसांई समितियों द्वारा उनके विभिन्न रुपों से सजी झांकियां सम्मिलित की जायेंगी। भगवान ने भक्तों पर किस प्रकार से अपनी कृपा बरसाई है और उनके भक्तों को कष्ट से मुक्ति दिलाये जाने और इस मृत्युलोक में जो भी लीलाएं की गई उनसे संबंधित झांकियां शोभायात्रा में सम्मिलित की जायेंगी। शिर्डी के संत की विशाल भव्य शोभायात्रा बुधवार को संध्या 6 बजे तीन पत्ती नगर निगम चौक से प्रारंभ होकर मालवीय चौक, गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, सराफा, तमरहाई, मिलौनीगंज चौक होते हुये श्री गोविंद गंज रामलीला स्थित कटरा महावीर स्वामी मंदिर में बाबा की अंतिम झांकी की आरती पूजन एवं संत सम्मेलन के रूप में विराम लेगी। समिति के अध्यक्ष इंजी चन्द्रशेखर दवे, सुनील खम्परिया, मृगेंद्र नारायण सिंह, मोहन शशि आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

**CHANGE OF NAME AND DOB**

I, ARMY NO. 15812825L RANK NK NAME PAPPU KUMAR SINGH S/O KAMAL SINGH UNIT CMM, JABALPUR (MP) I have change name and date of birth of my mother from name **SUSHILA DEVI** and date of birth **12/04/1972** (name and date of birth as per my army service record) to name as **SHUSHILA DEVI** and date of birth **01/01/1950** (name and date of birth as per my mother **AADHAR CARD AND PAN CARD** vide affidavit) dated 16/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

**CORRECT NAME-SHUSHILA DEVI**
**INCORRECT NAME-SUSHILA DEVI**
**CORRECT DOB-01/01/1950**
**INCORRECT DOB-12/04/1972**